www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र






बिलासपुर, सोमवार, 9 जून 2025 । वर्ष – 35 । अंक –40 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु.

वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को किया बेनकाब पृष्ठ 3
■ ट्रंप ने पाक के नेतृत्व को मजबूत नहीं हमारे नेतृत्व को कमजोर बताया है!
■ युद्धों से यारी के निहितार्थ ? पृष्ठ 4
■ ईरान परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार
■ एस जयशंकर की यूरोप यात्रा शुरू पृष्ठ 9
अमेरिका की कोको गॉफ बनी महिला फ्रेंच ओपन चैम्पियन पृष्ठ 10

### सीपीआई महासचिव डी. राजा ने भी चुनाव आयोग पर सवाल उठाए

# सभी राजनीतिक दलों को मिले समान अवसर

**नई दिल्ली**, 8 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी की ओर से चुनाव आयोग पर उठाए गए सवाल पर सीपीआई महासचिव डी. राजा भारत के चुनाव आयोग को एक संवैधानिक संस्था बताया। उन्होंने कहा कि इस नाते चुनाव आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए और सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को समान अवसर प्रदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ईवीएम, मतदान प्रणाली, खुद चुनाव आयोग और आदर्श आचार संहिता के कार्यान्वयन के तरीके की विश्वसनीयता को लेकर कई सवाल



उठाए गए हैं।

**संसद का विशेष सत्र आयोजित होना चाहिए**–उन्होंने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने मांग की है कि आतंकवाद के मुद्दे पर चर्चा

> ■ ईवीएम, मतदान प्रणाली, खुद चुनाव आयोग कई सवालों के घेरे में है

करने के लिए संसद का एक विशेष सत्र होना चाहिए। ऐसे कई प्रासंगिक प्रश्न हैं जिनका उत्तर सरकार देना चाहेगी और सरकार ने विशेष सत्र बुलाने से इनकार कर दिया है। सरकार ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेशों में भेजा जिन्होंने कई देशों का दौरा किया और अब वे वापस आ गए हैं।

सरकार दुनियाभर के देशों को सच्चाई बता रही है तो देश की संसद और लोगों को अंधेरे में क्यों रखा जा रहा है।

**विपक्ष के नेता को सभी मुद्दे उठाने का अधिकार : एमए बेबी**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' का आरोप लगाने पर सीपीआई (एम) महासचिव एमए बेबी ने कहा, विपक्ष के नेता के रूप में उन्हें भारत के चुनाव आयोग के कामकाज के संबंध में विभिन्न मुद्दों को उठाने का पूरा अधिकार है।

उन्होंने कहा कि लोगों के मन से भ्रम दूर करने के लिए चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करने की आवश्यकता है। हमने कुछ मुद्दों को उठाया भी है, लेकिन सीपीआई (एम) यह नहीं कहती कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन प्रणाली को तुरंत खत्म कर दिया जाना चाहिए।

**चुनाव 'फिक्स' का आरोप हास्यास्पद : आयोग**

चुनाव आयोग ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव 'फिक्स' होने के आरोप का करारा जवाब देते हुए रविवार को कहा कि पूरी दुनिया जिस चुनाव प्रणाली की प्रशंसा करती है उसे बदनाम करने का प्रयास हास्यास्पद और अपने दल के राजनीतिक कार्यकर्ताओं का भी अपमान है।

# चिंतन शिविर नीति-निर्माण का सशक्त मंच : विष्णुदेव साय



> ■ चिंतन शिविर 2. का आगाज
> ■ मुख्यमंत्री सहित मंत्रियों ने सीखे बेहतर वित्तीय प्रबंधन के गुर



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि 'चिंतन शिविर 2.0' जैसे प्रशिक्षण सत्र शासन को नया दृष्टिकोण और नीतिनिर्माण प्रक्रिया को सशक्त बनाने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से मंत्रीगणों को सुशासन और परिवर्तनकारी नेतृत्व के महत्वपूर्ण गुर सीखने का अवसर मिलता है। आईआईएम रायपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर के प्रथम सत्र में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और राज्य के सभी मंत्रीगण शामिल हुए। इस सत्र में 'परिवर्तनकारी नेतृत्व', 'दूरदर्शी शासन', 'संस्कृति', 'सुशासन' और 'राष्ट्र निर्माण' जैसे विषयों पर गहन चर्चा हुई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि चिंतन शिविर जैसे आयोजन शासन को नई दिशा और ऊर्जा देते हैं। उन्होंने दोनों विशेषज्ञ वक्ताओं के विचारों को अत्यंत प्रेरणादायक और नीति-निर्माण के लिए उपयोगी बताया।

**रायपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों का दो दिवसीय चिंतन शिविर 2.0 आज आईआईएम रायपुर में प्रारंभ हो गया है। छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन एवं अभिसरण विभाग द्वारा भारतीय प्रबंधन संस्थान, रायपुर (आईआईएम) के सहयोग से दो दिवसीय चिंतन शिविर 2.0 का आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात आज 'परिवर्तनकारी नेतृत्व और दूरदर्शी शासन', संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण तथा सक्षमता से सततता तक- विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सत्र का आयोजित किया गया। दो दिवसीय शिविर के दौरान भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रो. हिमांशु राय (डायरेक्टर आईआईएम इंदौर), डॉ. रविंद्र ढोलकिया (आईआईएम अहमदाबाद), संजीव सान्याल (प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद सदस्य), पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक उदय माहुरकर, ग्लोबल डिजिटल स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र प्रताप गुप्ता जैसे ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों को संबोधित करेंगे। चिंतन शिविर 2.0 के पोस्ट लंच सत्र में आज आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर डॉ रविंद्र ढोलकिया ने सब्सिडी से सततता – विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग, संसाधन जुटाने के लिए आवश्यक कदम, रेवेन्यू कलेक्शन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अच्छी विकास दर हासिल करने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाना आवश्यक है। आईआईएम इंदौर के निदेशक प्रो. हिमांशु राय ने 'परिवर्तनकारी नेतृत्व एवं दूरदर्शी शासन' विषय पर अपने व्याख्यान में भगवद्गीता के श्लोकों के माध्यम से निष्काम कर्म और नैतिक प्रशासन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कार्य केवल फल की आशा से नहीं, बल्कि उसके सही होने के

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### रंकू सिंह व सांसद प्रिया सरोज की हुई सगाई

**नई दिल्ली**। लखनऊ स्थित एक होटल में रविवार को इंडियन क्रिकेटर रिंकू सिंह और समाजवादी पार्टी से सांसद प्रिया सरोज की सगाई पर दिग्गजों का जमावड़ा लगा। इस सगाई समारोह में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव, सांसद डिंपल यादव, जया बच्चन सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। सगाई समारोह से रिंकू सिंह और प्रिया सरोज की तस्वीर भी सामने आई है। तस्वीरों में प्रिया सरोज प्याजी रंग के लहंगे में दिखीं तो रिंकू सफेद रंग की शेरवानी पहने दिखे।

### राहुल के सवाल पर आयोग को जवाब देना चाहिए: प्रशांत

**बेगूसराय**। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनाव को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठाए जाने के बाद बिहार में बयानबाजियों का दौर जारी है। इस बीच, जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने इस पर कहा कि राहुल गांधी के इस बयान पर चुनाव आयोग को स्पष्टीकरण देना चाहिए। दरअसल, जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर रविवार को 'बिहार बदलाव यात्रा' के तहत खगड़िया और बेगूसराय के एक दिवसीय दौरे पर हैं।

### तमिलनाडु व प. बंगाल में बनेगी एनडीए सरकार : शाह

**मदुरै**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को मदुरै में कहा कि अगले साल तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में जनता द्रमुक को हराएगी। उन्होंने कहा कि साल 226 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और अन्नाद्रमुक मिलकर एनडीए सरकार बनाएंगे। शाह ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह सम्मेलन द्रमुक सरकार को सत्ता से हटाने और बदलाव की शुरुआत का संकेत है।

### प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करने पर कांग्रेस ने मोदी को घेरा

**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने लंबे समय बाद रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेस के सीधे सवालों का सामना नहीं करने का मुद्दा उठाया और कहा कि 1 1 साल से किसी शासनाध्यक्ष का प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं करना औचित्य पूर्ण नहीं है।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज से फिर शुरु होगी हाईकोर्ट में सुनवाई

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। एक महीने के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में फिर से कामकाज शुरू होने जा रहा है। इस बार माहौल थोड़ा अलग रहेगा, क्योंकि कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए कोर्ट प्रशासन ने सतर्कता बरतने की एडवाइजरी जारी की है। हाईकोर्ट के प्रभारी रजिस्ट्रार जनरल खिलावन राम रिगरी ने सभी वकीलों, पक्षकारों, कोर्ट स्टाफ और अन्य आने-जाने वालों के लिए कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है। जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि कोर्ट परिसर में मास्क, स्कार्फ या रूमाल से मुंह ढक कर ही आएं, सैनिटाइजर का नियमित उपयोग करें, कोर्ट परिसर में भीड़ न लगाएं तथा अनावश्यक जमावड़े से बचें। क्योंकि हाईकोर्ट में सोमवार से नियमित बेंचों की सुनवाई फिर शुरू हो रही है। इससे कोर्ट परिसर में वकीलों, मुवक्किलों और सरकारी अधिकारियों की आवाजाही बढने वाली है। इसलिए

## दिल्ली में 9 साल की बच्ची से दरिंदगी

**नई दिल्ली**, 8 जून (देशबन्धु)। दिल्ली के दयालपुर इलाके में 9 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म कर हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक बच्ची का शव पड़ोस में एक बंद मकान में मौजूद सूटकेस से बरामद किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीटीबी अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। साथ ही दुष्कर्म और हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और उसकी तलाश के लिए कई टीमों का गठन किया गया है। वहीं नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर सीएम रेखा गुप्ता से सवाल किया।

उत्तर पूर्वी दिल्ली के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया की शनिवार रात करीब रात 8:41 बजे दयालपुर पुलिस स्टेशन को नेहरू विहार में 9 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की सूचना मिली। इसके बाद दयालपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची जहां पता चला कि बच्ची को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर पता चला कि डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया है। डीसीपी के मुताबिक, डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में पीड़िता के चेहरे पर चोट के निशान देखे और यौन उत्पीड़न की आशंका जताई। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने दिल्ली की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि सरकार कानून व्यवस्था को संभालने में फेल हुई है। आतिशी ने कहा कि दिल्ली में चार इंजन की सरकार है। लेकिन, कानून व्यवस्था भगवान भरोसे हैं।

## केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों से बातचीत को तैयार, मुख्यधारा में आएं, पुनर्वास करें : गृह मंत्री

**रायपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। अभी भी केंद्र और राज्य सरकार माओवादियों से किसी भी तरह की बातचीत करने को तैयार है। अगर माओवादी बातचीत करें, तो जरूर हो सकता है। सबसे अपील है कि मुख्य धारा में आए और पुनर्वास करें।बहुत अच्छी पुनर्वास नीति के साथ



विष्णु देव सरकार अमित शाह के मार्गदर्शन में काम कर रही है।यह बात उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से चर्चा में कही।

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नेशनल पार्क एरिया में बीते तीन दिनों से चल रहे एनकाउंटर को लेकर कहा कि ये बीजापुर का नेशनल पार्क एरिया है। जहां डीआरजी के जवानों के ये सर्च ऑपरेशन अनवरत जारी है। यह पांच तारीख से पहले से ही लांच हो चुका था पांच तारीख को पहली बड़ी उपलब्धि जवानों को मिली, जब उन्होंने एक सीसी मेंबर को न्यूट्रलाइज किया गया। दूसरे दिन तेलंगाना स्पेशल जोनल कमिटी का मेंबर मार गिराया और आज पांच और डेड बॉडी वहाँ से रिकवर की गई है।ये सभी वर्दीधारी, हथियारधारी, नक्सली हैं, जिन्होंने बहुत से आतंक फैलाये हैं, बहुत से लोगों के हत्याएं की हैं।

**दिल्ली में किया गया सम्मान**–विजय शर्मा ने प्रदेश के पुलिस अधिकारी व जवानों का केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा सम्मान किए जाने पर कहा कि अमित शाह ने अपने

➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## देश में कोरोना मामले 6000 पार

**नई दिल्ली**, 8 जून (एजेंसियां) देश के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में कोविड-19 के 378 नए मामले सामने आये जिसके बाद इस संक्रमण के कुल सक्रिय मामलों की संख्या 6,000 हो गई है।


> ■ 24 घंटों में 378 नए मामले सामने आए

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान देश में इस संक्रमण से छह लोगों की मौत हुई, जिनमें से तीन मौतें केरल में हुयीं। अभी तक, भारत में 6,133 सक्रिय मामले हैं और कुल मौतों का आंकड़ा 65 है। केरल में सक्रिय मामलों की संख्या 2,000 के करीब पहुंच गई है और यह इस संक्रमण से सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला राज्य बन गया है। पिछले 24 घंटों में राज्यों से 378 नए मामले सामने आए। केरल के बाद गुजरात इस मामले में दूसरे स्थान पर है। यहां सात जून से आठ जून के बीच संक्रमण के 105 नए मामले दर्ज किये गये। राज्य में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 820 से अधिक हो गयी है। केरल में एक ही दिन में 144 मामलों की वृद्धि जेएन.1 वैरिएंट की उच्च संक्रामकता को रेखांकित करती है। एनबी.1.8.1 और एलएफ.7 जैसे प्रोटीन म्यूटेशन, हालांकि हल्के लक्षणों से जुड़े हैं, लेकिन उनके तेजी से फैलने के लिए जाने जाते हैं। पश्चिम बंगाल में 71 नए मामले सामने आए, जिससे इसके सक्रिय मामलों की संख्या 693 हो गई। दिल्ली में इस संक्रमण के 21 नये मामले दर्ज किये गये, जिसके बाद यहां पर सक्रिय मामलों की संख्या 686 तक पहुंच गई।

## सोनम का अब तक नहीं मिला कोई सुराग

**इंदौर**, 8 जून (देशबन्धु)। मेघालय के शिलांग में हनीमून के लिए गई इंदौर की नवविवाहित सोनम रघुवंशी के लापता होने और उनके पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने मेघालय पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार से इस मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस मामले को सीबीआई को सौंपने की अनुशंसा की है।

सोनम के पिता देवी सिंह रघुवंशी ने कहा, शिलांग पुलिस ने पहले दिन से ही इस मामले में लापरवाही बरती। अगर समय पर कार्रवाई होती, तो शायद मेरी बेटी आज सुरक्षित होती। देवी सिंह ने मेघालय पुलिस पर सबूत नष्ट करने का आरोप लगाया।




**व्यापार**

### मई में मार्केट शेयर चार फीसदी के पार

# भारत में तेजी से बढ़ रही इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री

**नई दिल्ली**, 8 जून (एजेंसियां)। देश में कारों की कुल बिक्री में इलेक्ट्रिक कारों (ईवी) की हिस्सेदारी बढ़कर 4 प्रतिशत से अधिक हो गई है, जो कि पिछले साल 2.6 प्रतिशत थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से जारी किए गए डेटा से यह जानकारी मिली। इस साल मई में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की हिस्सेदारी कुल बिक्री में अप्रैल के 3.5 प्रतिशत की तुलना में 0.5 प्रतिशत बढ़ी है, जो दिखाता है कि ईवी तेजी से ग्राहकों के बीच में लोकप्रिय हो रही है। रिटेल डेटा के मुताबिक, मई में 12,304 इलेक्ट्रिक कारें बेची गईं, जबकि मई 2024 में यह संख्या सिर्फ 8,029 यूनिट्स थी। इस साल अप्रैल में इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री 12,233 यूनिट्स रही थी। फाडा के सीईओ सहर्ष दमानी ने कहा, यह हमारे उद्योग के इलेक्ट्रिफिकेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह वृद्धि पहले के मुकाबले बैटरी टेक्नोलॉजी में सुधार, बेहतर रेंज और इलेक्ट्रिक मॉडल की लागत में कमी के कारण हुई है। टाटा मोटर्स ने मई के दौरान 4,351 यूनिट्स बेचकर इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में अपनी मार्केट लीडरशिप बनाए रखी। दूसरे नंबर पर मौजूद जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर ने मई में 3,765 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री की।

# पार्टी कार्यकर्ताओं के संघर्ष की बदौलत ही केंद्र में 11 वर्षों से है भाजपा की सरकार

## संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित





**मुंगेली** 08 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के 11 वर्षों के सफल कार्यकाल को लेकर संकल्प से सिद्धि अभियान के अंतर्गत रविवार को अटल परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में एक भव्य जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुंगेली विधायक डॉ.पुन्नूलाल मोहले एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री सच्चिदानंद उपासने उपस्थित रहे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की जड़ें जनसंघ के समय से ही राष्ट्रवादी सोच में रहीं हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता शुरू से ही देशहित को सर्वोपरि मानते हुए संघर्षरत रहे हैं और आज उसी का परिणाम है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा 11 वर्षों से केंद्र की सत्ता में है।उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के समय से लेकर आज तक भाजपा ने राष्ट्रहित में जो संकल्प लिए, उन्हें कार्यकर्ताओं की निष्ठा और तप से सिद्ध किया गया है। श्रीराम मंदिर का निर्माण, अनुच्छेद 370 की समाप्ति, सीमाओं पर सशक्त कार्रवाई जैसे ऐतिहासिक निर्णयों ने भारत को एक नई दिशा दी है। उन्होंने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की और उनके सफल संचालन हेतु जिम्मेदार प्रभारियों से चर्चा की। इस अवसर पर विधायक डॉ. पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि भाजपा की कार्यपद्धति हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी की सफलता का श्रेय कार्यकर्ताओं की निष्ठा और वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन को जाता है। उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह स्पष्ट संदेश है- पहले राष्ट्र, फिर समाज और अंत में पार्टी। यही विचारधारा भाजपा को अन्य दलों से अलग करती है।" कार्यशाला की शुरुआत जिला संयोजक गुरमीत सलूजा द्वारा स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संकल्प से सिद्धि अभियान की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। संचालन सह संयोजक सुनील पाठक ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सह संयोजक निश्चल गुप्ता ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेश पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कोमलगिरी गोस्वामी, नरेंद्र शर्मा, अंजू राजपूत, द्वारिका जायसवाल, धनीराम यादव, देवचरण भास्कर, अंबालिका साहू, अनिला राजपूत, नरेश पटेल, चंद्रकली पात्रे, अंजना जायसवाल, रितिमा लाल सहित जिले के 11 मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं जिला एवं मंडल पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यशाला ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया कि भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रवादी मूल्यों और प्रतिबद्ध कार्यशैली से आने वाले समय में भी देशहित में नए कीर्तिमान स्थापित करती रहेगी।

### मुंगेली में महाअभियान

# "मोर गांव, मोर पानी" महाअभियान के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न



**मुंगेली,** 08 जून (देशबन्धु)। जल संकट की चुनौतियों से निपटने और गिरते भू-जल स्तर को सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिले में "मोर गांव, मोर पानी" महाअभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण और जल संवर्धन को लेकर जन-जागरूकता और जमीनी क्रियान्वयन को सशक्त बनाना रहा। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, और वनमंडलाधिकारी अभिनव कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने "मोर गांव, मोर पानी" के तहत हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से लागू करने, जल अपव्यय को रोकने, पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे कुएं, बावड़ियों और तालाबों की सफाई तथा पुनर्जीवन पर विशेष बल देने के निर्देश दिए। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री मधुसूदन तिवारी और जीआईएस एक्सपर्ट रोहीत रमन ने प्रशिक्षण दिया। उन्होंने जल संरक्षण की आधुनिक तकनीकों, वाटरशेड सिद्धांत, जीआईएस आधारित योजना निर्माण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, मृदा संरक्षण, और जन-सहभागिता आधारित नियोजन जैसे विषयों पर प्रेजेंटेशन और वीडियो के माध्यम से विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक क्षेत्र में निष्क्रिय बोरवेल्स की पहचान कर उनमें सैंड फिल्टर आधारित वर्षा जल संचयन की व्यवस्था की जाए। इसके साथ ही ग्रामीणों को सोखता गड्ढा, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप गड्ढा, बोरी बंधान और रेन वाटर हार्वेस्टिंग जैसे टिकाऊ उपायों के लिए प्रेरित करने की बात कही गई। सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिभागियों ने जल संरचनाओं के निर्माण, वर्षा जल को रोकने, भूमिगत जल स्तर में वृद्धि, और जल के समुचित उपयोग को लेकर एकमत सहमति जताई। इस अवसर पर मुंगेली एसडीएम श्रीमती पार्वती पटेल, पथरिया एसडीएम अजय शतरंज, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, शिक्षा, जल संसाधन, स्वास्थ्य सहित कई विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। गौरतलब है कि अभियान के प्रभावी संचालन हेतु जिला और जनपद स्तर पर समिति एवं कोर समिति का गठन भी किया गया है, जो समय-समय पर प्रगति की निगरानी करेगी।यह महाअभियान न सिर्फ एक सरकारी योजना है, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है— "मोर गांव, मोर पानी", तो ही मोर भविष्य सुरक्षित"।

# श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन हुआ श्रीकृष्ण जन्म, मथुरा जैसा बना दृश्य

## शिव और मां काली की झांकियों ने मोहा मन, श्रद्धालु हुए भावविभोर





**मुंगेली** 08 जून (देशबन्धु)। नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन का आयोजन अत्यंत भावपूर्ण और भक्तिमय रहा। इस दिन कथा व्यास बाल व्यास गौरव दास जी महाराज (वृंदावन) ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की दिव्य कथा का वर्णन किया, जिसे सुनते ही पंडाल "नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की" जयकारों से गूंज उठा।

कथा के दौरान प्रस्तुत की गई श्रीकृष्ण जन्म की भव्य झांकी और नाट्य प्रस्तुति ने ऐसा माहौल बना दिया मानो पूरा कथा स्थल ही गोकुल बन गया हो। श्रद्धालु झूम उठे, बच्चों और महिलाओं ने विशेष रूप से राधा-कृष्ण स्वरूपों के दर्शन कर अभिभूत भाव से आशीर्वाद लिया।

कृष्ण जन्म के पश्चात शिव और मां काली की आकर्षक झांकियों का मंचन हुआ, जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इन झांकियों ने न केवल धार्मिक रस उत्पन्न किया, बल्कि संस्कृति और भक्ति का अद्भुत संगम भी प्रस्तुत किया। दर्शकों ने झांकियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की और पूरे आयोजन में अतिउत्साह से सहभागिता निभाई।

कथा के अंत में सामूहिक आरती का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान की भक्ति में लीन हो गए।

कथा का आयोजन 11 जून 2025 तक प्रतिदिन किया जा रहा है। आयोजकों ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारें और इस दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर का लाभ प्राप्त करें।

# पांचवी, आठवीं के हजारों छात्र मार्कशीट को तरस गए




**मुंगेली** 08 जून (देशबन्धु)। मुंगेली जिले में कक्षा पाँचवीं और आठवीं के हजारों छात्र-छात्राएं अब भी अपनी मार्कशीट के इंतजार में हैं, जबकि परीक्षा परिणाम घोषित हुए एक महीना हो चुका है। 30 अप्रैल 2025 को राज्य सरकार द्वारा वार्षिक परीक्षा के नतीजे घोषित किए गए थे, लेकिन ज़िले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को अभी तक उनकी अंकसूचियाँ नहीं सौंपी गई हैं।इस देरी के चलते न सिर्फ छात्रों की अगली कक्षा में प्रवेश प्रक्रिया अटक गई है, बल्कि जिन विद्यार्थियों को पूरक परीक्षा देनी है, उनके लिए भी हालात उलझाऊ बन गए हैं। बिना मार्कशीट के वे यह तक नहीं समझ पा रहे कि उन्हें किस विषय में पूरक मिला है।

**अभिभावकों और छात्रों में बढ़ रही नाराज़गी**

मुंगेली ज़िले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में स्थिति लगभग एक जैसी है। छात्र रोज़ स्कूलों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ़ यही जवाब मिलता है- (मार्कशीट अभी नहीं आई है। ऊपर से निर्देश नहीं मिले हैं।) इस स्थिति ने अभिभावकों और छात्रों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया है। स्थानीय निवासी और एक छात्र की माँ, रीता वर्मा कहती हैं,) बेटे को किस विषय में पूरक आया है, यह भी नहीं बताया गया है। हर दिन स्कूल जा रहे हैं लेकिन कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिल रहा। अब नामांकन की तारीख भी पास आ रही है, हम बहुत चिंतित हैं।

**ऑनलाइन सुविधा का अभाव बना बाधा**

जहाँ राज्य सरकार द्वारा 10वीं और 12वीं के परिणाम ऑनलाइन उपलब्ध कराए जाते हैं, वहीं प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के लिए ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इसका सीधा असर ग्रामीण इलाकों के छात्रों पर पड़ रहा है, जहाँ स्कूल तक पहुँचने में भी समय और संसाधनों की कमी रहती है।

**अधिकारियों की टालमटोल और छपाई में त्रुटियाँ बनीं कारण**

इस पूरे मामले पर मुंगेली जिला शिक्षा अधिकारी का कहना है कि परिणामों की छपाई में हुई त्रुटियाँ देरी की मुख्य वजह बनी हैं। पथरिया और लोरमी ब्लॉक की त्रुटियाँ पहले ही जिला कार्यालय में सुधार हेतु भेज दी गई थीं, जबकि मुंगेली ब्लॉक को हाल ही में अंतिम चेतावनी देकर सोमवार तक सुधार कार्य पूरा करने को कहा गया है। अधिकारी ने यह भी बताया कि सभी ब्लॉकों से संशोधित डेटा आने के बाद मार्कशीट तैयार होने में 10 से 15 दिन और लग सकते हैं। हालांकि, उन्होंने भरोसा दिलाया कि छात्रों को जल्द ही उनकी मार्कशीट उपलब्ध करा दी जाएंगी।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**चिंतन शिविर...**

कारण किया जाना चाहिए। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने 'संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण' विषय पर अपने विचार रखते हुए कहा, च्भारत की एकता केवल भौगोलिक नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आध्यात्मिक भी है। राष्ट्र निर्माण केवल नीतियों या संसाधनों से नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों से संभव है।ज्ज उन्होंने अंत्योदय के महत्व पर बल देते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को सुशासन की प्राथमिकता बताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित सभी मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेष सचिव रजत बंसल, भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के निदेशक राम काकाणी उपस्थित थे।

**केंद्र और राज्य सरकार ...**

दिल्ली निवास में बुलाकर उन सबका सम्मान किया है। जिन्होंने बड़े ऑपरेशन किए हैं, जिन्होंने बड़े अभियान किए है, जिन्होंने बड़े परिश्रम से काम किया है। इसमें डीजीपी गौतम भी है, नक्सल ऑपरेशन के हेड विवेकानंद है, बस्तर के आईजी सुन्दरराज भी है, इनके अलावा इसमें नारायणपुर के एसपी, बस्तर के एसपी और बीजापुर के एसपी का सम्मान किया गया है।

गृह मंत्री ने कहा कि वैसे मन में सब के लिए सम्मान है, यह संकेत स्वरूप है। जवानों का तो सबसे पहले सम्मान है, जो जमीन पर, जो फ्रंट पर काम करते हैं, उनका सबसे पहले सम्मान है।उन्हीं के सम्मान में यह सबकुछ किया गया है, वीर जवानों के सम्मान में किया गया है।

# यात्री बस ने बाइक सवार को ठोकर मारी

**तखतपुर** 08 जून (देशबन्धु)। ग्राम खम्हरिया में यात्री बस ने अनियंत्रित गति से चलाते हुए दूपहिया वाहन सवार को ठोकर मार दी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 281,125(1) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार अरईबंद निवासी गोविंद मिरी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 6 जून को रात्रि 8 बजे अज्ञात बस चालक ने खम्हरिया के पास दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 10 बी एन 3938 चालक गोविंद राम मिरी पिता शिवकुमार मिरी उम्र 35 वर्ष को ठोकर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बस चालक के खिलाफ धारा 281,125(1) के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# पर्यावरण बचाने स्कूली बच्चों के साथ शिक्षकों ने निकाली जागरूकता रैली

**तखतपुर** 08 जून (देशबन्धु)। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शास. पूर्व माध्य. शाला सेमरसल के छात्र छात्राओं द्वारा ग्राम बटहा में जन जागरूकता रैली व सभा का आयोजन किया गया। ग्राम के पर्यावरण विद महेत्तर राम ने कहा कि पूरा विश्व आज पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ न कुछ आयोजन कर रहे हैं, बच्चे कल के जिम्मेदार नागरिक हैं, उन्हें आज से प्रशिक्षित करेंगे तो भविष्य उन्नतशील रहेगा। वही कार्यक्रम को दिशा देते हुए राजकुमार कश्यप ने कहा कि वर्ष भर में हमें तीन काम करने चाहिए पेड़ लगाना, प्लास्टिक हटाना और पानी बचाना यह एक दिवस हमें प्रेरित, उद्वेलित करता है। हम अब अपने आचरण में सिंगल यूज प्लास्टिक को ना कहें, यदि आवश्यक हो भी जाता है तो इसका इको वृक्ष बनाएं और घर आंगन को सजाएं। वहीं नव नियुक्त प्रधानपाठक आत्माराम ने अपनी पर्यावरणीय चिंता व्यक्त की। सरपंच राजकुमार ने उपहार स्वरूप पौधे बांटने का आग्रह किया। प्रकृति से संबंधित नारे लगाते, गाने गाते हुए सबने गांव का भ्रमण किया और प्लास्टिक हटाने की योजना भी बनाई। जिसमें प्रमुख से समाजसेवी महेत्तर राम, संस्था प्रमुख आत्माराम कश्यप, सरपंच राजकुमार अनंत, सचिव रामभरोस साहू, पूर्व प्रधानपाठक राजकुमार कश्यप, शिक्षक उमाशंकर सिंह राजपूत, कृषि उपज मंडी प्रबंधक परमेश्वर, व्याख्याता केशव कश्यप, नेतराम, अशोक, मनोहर, इंदु महाविद्यालयीन छात्राएं रानी, दीपिका, गंगा, मुस्कान, पुष्पा, वैशाली, प्रीति, प्रज्ञा, जया, लीला, माही, अंजना, दिव्यांशु, जलाल, खिलेश्वर, नवीन,विनोद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




# सड़क डामरीकरण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन



**तखतपुर** 08 जून (देशबन्धु)। ग्राम पूरा से छिरहा मार्ग तक 2 करोड़ 46 लाख 84 हजार रुपए का डामरीकरण दूरी 1.975 किलोमीटर लोक निर्माण विभाग कार्य का भूमि पूजन के मुख्य आतिथ्य विधायक धर्मजीत सिंह में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने की। विधायक धर्मजीत सिंह ने रोड का भूमि पूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप व गांव के बुजुर्ग लोगों के हाथों कराया गया। इस अवसर पर पूजन अर्चन पश्चात मुख्य अतिथि विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि पिछले पूरा आगमन के समय हमारी बहनों ने डायमरी करण रोड की मांग की थी। उक्त मांग को पूर्ण करते हुए मुझे अपार खुशी हो रही कि हम आप लोगों की मांग को पूरा कर पा रहे है। रोड बन जाने के बाद सड़क की स्वच्छता बनाए रखने में आप लोगों की सहयोग भी जरूरी है। आगे कहा कि केन्द्र सरकार की स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा उज्ज्वला गैस योजना का लाभ भी आप लोगो को मिल रहा है। ये मूलभूत सुविधाओं से हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा इन सुविधाओं का दुरगामी अच्छे परिणाम आने वाले समय में हमारे समाज को मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सामान्य परिवार के होने के कारण गरीबों के हित में योजनाएं बनाकर लागू करते हैं। भाजपा नेता संतोष कौशिक ने कहा कि नगर व क्षेत्र के विकास कार्य में किसी प्रकार की कोई अड़चन नहीं आएगी पूरे क्षेत्र का सुव्यवस्थित विकास करने का जिम्मा तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह और भाजपा की सरकार ने उठाया है। जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू व आभार प्रदर्शन तखतपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष नैन लाल साहू ने किया।

इस अवसर पर इंजीनियर एस एस कंवर, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदनी, दिनेश राजपूत, प्रदीप कौशिक, मुन्ना साहू, कैलाश देवांगन, सुनील आहूजा, अंकित अग्रवाल, प्रमोद ठाकुर, ज्ञान ठाकुर, जुनैद जिंदरान, गिरीश कश्यप, राकेश तिवारी, गिरीश तोलानी, राजेश सोनी, किशन सचदेव, देवेंद्र कश्यप, सूरज रजक, राजू क्षत्री सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कलजुग में जो जैसा करता है उसे वैसे कर्म का मिलता है फल

## गिरी बापू जी की वाणी में झलकी कैलाश की झलक



**मुंगेली** 08 जून (देशबन्धु)। पावन धरा मुंगेली में केसरवानी परिवार द्वारा आयोजित श्री शिव महापुराण श्री गिरी बापू जी का 811 बी कथा का 5 वां दिवस में गिरी बापू जी ने लिंग प्रगत्य की कथा सुनाएं जिसमें आकाश के स्वरूप हम शिव को पूछते हैं और पीठ के रूप में जगदंबा जी को पूजते हैं, सबसे पहले शिवजी को ब्रह्मा और विष्णु जी ने पूजा है और वह भी कैसे तो निर्मल भाव से और ऐसे करने से जन्म की सारी दुख नष्ट हो जाती है विश्व में पहली पूजा निराकार शिव की गई।

मुख्य यजमान एवं आयोजक मिथिलेश केशरवानी, दीनानाथ केशरवानी, आनंद केशरवानी, नवीन केशरवानी नें जानकारी देते हुए बताया की 11 जून तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहें है गिरि बापू ने कहा यदि मनुष्य को प्रकृति रीढ़ से मुक्त होना है तो प्रात: काल शिव को याद करें और जीवन में संध्या को मंगल करना है तो शिव को याद करें शिव को याद करने से शांति मिलती है।

बाबूजी ने कहा कोई भी मनुष्य किसी भी समय शिव को याद कर सकते हैं पूजा कर सकते हैं महादेव के जीवन में कोई भेद नहीं है महादेव की दुनिया में सदा निरंतर रहती है शिव जी अपने अपने भक्त का 24 घंटे इंतजार करते रहते हैं कि भक्त आए और मैं उनका कल्याण करूं और शिव जागृति देव है और और निरंतर वह जागते रहते हैं इसलिए उसे जागेश्वर कहा गया है वक्त और सोता के बीच की दूरियों की बात कही और श्रोताओं को कहा की श्रोताओं को अत्यधिक लालची नहीं होना चाहिए रामचरितमानस की एक दोहा के माध्यम से बताया कि कर्म प्रधान विश्व रचि राखा जो जस कर ही सो तस फल चखा, कलयुग में जो जैसा करता है उसे वैसा कर्म का फल मिलता है यह निश्चित है कोई किसी को दुख और किसी को सुख नहीं दे सकता और आगे बताया इस संसार का मूल शिव है मूल को पकड़ो सभी देवताओं की पूजा हो जाएगी और आगे कहा शिव ज्ञान का केंद्र है शिवाला यंत्र है और कहां जिस पुराने महादेव की महिमा नहीं वह पुराण नहीं जिस शास्त्र में शिव जी का महिमा नहीं वह शास्त्र नहीं वास्तविक में महादेव की ज्योतिर्लिंग एक करोड़ है पर मुख्यत: 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित है यदि किसी मनुष्य को अपने जीवन की अंतिम यात्रा को मंगल करनी है तो सभी तीर्थ की यात्रा करनी चाहिए इस संसार में इस धरती में इतनी शिवलिंग है जिसका आज तक कोई गणना नहीं कर सका।

# कांग्रेस की शिक्षा न्याय यात्रा, बीईओ कार्यालय का घेराव आज

**मुंगेली,** 08 जून (देशबन्धु)। लोरमी में "युक्तियुक्तकरण" के नाम पर 10463 स्कूलों को बंद किए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी द्वारा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन पर "शिक्षा न्याय यात्रा" का आयोजन किया जा रहा है। इस विरोध प्रदर्शन के तहत 9 जून को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (BEO) कार्यालय का घेराव किया जाएगा। कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि सरकार शिक्षा के अधिकार के साथ खिलवाड़ कर रही है। युक्तियुक्तकरण की आड़ में सरकार ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के स्कूलों को बंद कर रही है, जिससे हजारों बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लोरमी और डिंडोरी ने इस मुद्दे को लेकर एकजुट होकर आवाज उठाने का निर्णय लिया है। इस विरोध प्रदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता, अभिभावक, शिक्षक और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / – / अ–2/ 2024–25
ग्राम–सेरो तहसील–अड़भार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रमोद कुमार गवेल पिता स्व. भीषम प्रसाद जाति–गवेल ग्राम–मालखरौदा तहसील–मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा उनके नाम पर ग्राम–सेरो तहसील–अड़भार में अवस्थित भूमि खसरा नं. 176/7, 226/4 रकबा क्रमशः 0.1900 हे. एवं 0.0040 हे. भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् नक्शा, खसरा पांचशाला, बी–1 की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत:आवेदक के उक्त भूमि का औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19/06/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिए उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला–सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मालखरौदा, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. / – / अ–2/ 2024–25
ग्राम–पोता तहसील–मालखरौदा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धनंजय गवेल पिता हुक्कम सिंह जाति–गवेल ग्राम–पोता तहसील– मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा उनके नाम पर ग्राम–पोता तहसील–मालखरौदा में अवस्थित भूमि खसरा नं. 130/5 रकबा क्रमशः 0.0660 हे. में से 50 डिस. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने बाबत् नक्शा, खसरा पांचशाला, बी–1 की छायाप्रति, सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत:आवेदक के उक्त भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 19/06/2025 तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिए उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप से आपत्ति पेश कर सकते हैं नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 06/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व पदमुद्रा लगाकर जारी किया गया।

सील

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मालखरौदा
जिला–सक्ती (छ.ग.)**

**उवाच** “ कांग्रेस पार्टी झूठ और छल का खजाना है। महाराष्ट्र में साल 2024 के विधानसभा चुनाव में राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग वाले आरोपों के बाद महाराष्ट्र कांग्रेस ने 12 जून को मशाल यात्रा निकालने का फैसला किया है। इस पर चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा, 'राहुल गांधी एक बार फिर वे जनता के बीच झूठ फैलाने की कोशिश कर रहे हैं: **चंद्रशेखर बावनकुले**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 43° | 31° |
| मुंबई | 31° | 26° |
| कोलकाता | 39° | 29° |
| चेन्नई | 37° | 29° |

# राहुल गांधी 'निडर और साहसी': प्रमोद तिवारी

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने राहुल गांधी को निडर और साहसी बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए जो सवाल पूछे हैं, वह केवल एक 'दृढ़प्रतिज्ञ संकल्पित व्यक्ति' ही पूछ सकता है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी के 4-5 सवाल हैं, जिनका जवाब कोई नहीं देता है। विधानसभा और लोकसभा के बीच चुनाव में 50 लाख से ज्यादा वोट बढ़े हैं, वह सब भाजपा को ही मिले हैं। यह वोट उनके सहयोगियों को भी नहीं मिले हैं, सिर्फ भाजपा को ही मिले। शाम के समय जब वोटिंग बंद हो रही थी तो उस समय वोटिंग प्रतिशत रात में कैसे बढ़ गया।'

सांसद के मुताबिक राहुल के सवालों से 'तीर सही निशाने पर' लगा है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने मतदाता सूची की पवित्रता पर सवाल किया है। पूछा है कि एक-एक आईडी पर कई सारे वोट कैसे पड़ गए। राहुल ने पूछा है कि यह सब सुनियोजित ढंग से किया गया है, इसका जवाब चुनाव आयोग नहीं दे रहा है। इसका जवाब भाजपा दे रही है। तीर सही जगह पर लगा है, भाजपा की चोरी पकड़ी गई है। लोकतंत्र को खत्म नहीं होने देंगे, इस पर किसी तरह का आघात नहीं होने देंगे। प्रमोद तिवारी ने आगे कहा



**'राहुल गांधी के 4-5 सवाल हैं, जिनका जवाब कोई नहीं देता है। विधानसभा और लोकसभा के बीच चुनाव में 50 लाख से ज्यादा वोट बढ़े हैं, वह सब भाजपा को ही मिले हैं। शाम के समय जब वोटिंग बंद हो रही थी तो उस समय वोटिंग प्रतिशत रात में कैसे बढ़ गया: प्रमोद तिवारी**

कि इस बार बिहार की प्रबुद्ध जनता 30-40 सीटों का अंतर रखेगी। इस सरकार में बिहार में कानून-व्यवस्था खराब हो चुकी है। विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया गया है। पिछली बार चुनाव में 4 सीटों पर जिस तरह से बेईमानी हुई, उसे दुनिया ने देखा है। वर्ल्ड बैंक के गरीबी रेखा का आंकड़ा जारी करने पर भारत की गरीबी दर में आई गिरावट पर उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति गरीबी रेखा में नहीं आते क्या? मानवाधिकार आयोग की रिपोर्ट ने कहा है कि अनुसूचित जाति 2015-16 में कुपोषण का 60.6 प्रतिशत था, जो 2019-21 में बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गया। वहीं, अनुसूचित जनजाति कुपोषण का प्रतिशत 58 था, वह बढ़कर 66.1 हो गया। मोदी राज में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी के बच्चे कुपोषित हुए हैं। यह कैसा राज है? यह आंकड़े राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की तीन अलग-अलग रिपोर्ट हैं। वहीं, मणिपुर में हिंसा पर उन्होंने कहा कि वहां हिंसा रुक कहां रही है। मणिपुर मोदी की ऐसी प्रयोगशाला है, जहां देश की एकता अखंडता को खतरा है।

## देवेंद्र फडणवीस का लेख 'झूठ से भरा' : कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के लेख पर प्रतिक्रिया देते हुए रविवार को कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे पाटिल ने तंज कसते हुए कहा कि 'आज, बिना अंत के शीर्षक' से एक लेख लिखा गया, और यह झूठ से भरा हुआ है। हमने पूछा कि शाम 5 बजे के बाद 67 लाख वोट कैसे गिने गए, लेकिन जवाब मिला कि केवल 16 लाख ही गिने गए। उन्होंने कहा, 'हमने 82 विधानसभा क्षेत्रों में 12 हजार बूथ पर 600 वोट हर बूथ पर बढ़ाए हैं। 5 बजे के बाद अगर 600 वोट करना है तो 10 घंटे का समय लगेगा। इसका कोई जवाब नहीं आया है। मुख्य चुनाव आयुक्त की चयन समिति में सीजेआई, नेता प्रतिपक्ष और प्रधानमंत्री रहना चाहिए, इस पर कानून बदलकर सीजेआई को हटाकर अपना मंत्री (अमित शाह) लेकर आए हैं। ऐसे में लोकतंत्र बचा कहां? उन्होंने कहा कि 5 बजे के बाद का वीडियो का फुटेज देने पर चंडीगढ़ हाईकोर्ट ने हमारी बात मान ली थी। ऐसा नहीं करने के लिए आपने कानून में बदलाव कर दिया। सारे संस्थाओं पर कब्जे के आरोप को आपने खारिज कर दिया। उन्होंने सवाल किया कि आप बताओ कि ईडी, इनकम टैक्स और सीबीआई का इस्तेमाल कर विपक्ष के नेताओं के यहां छापे मरवाए और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया। वहीं भाजपा में आने के बाद पूछताछ खत्म कैसे हो जाती है। उनको आपकी पार्टी में बड़े-बड़े पद तक दिए गए हैं। यह सब जनता को पूरी तरह से दिखता है। देवेंद्र फडणवीस चुनाव आयोग के प्रवक्ता कब बन गए? बता दें कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से हाल ही में एक अखबार में लिखे गए लेख का जवाब देते हुए तीखा हमला बोला।

**■ अतुल लोंढे पाटिल बोले- हमारे सवालों का तो दिया ही नहीं जवाब**

## 214 के बाद सभी संवैधानिक संस्थाओं को हाईजैक कर लिया गया है : तेजस्वी यादव

### तेजस्वी ने राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल उठाए जाने का समर्थन किया

**पटना,** 8 जून (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के फिर से नवंबर 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर सवाल उठाने पर सियासत गर्म हो गई है। उन्होंने एक लेख के जरिए भाजपा पर आरोप लगाया कि महाराष्ट्र चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' की गई और अब कुछ ऐसा ही बिहार में दोहराया जाएगा। राहुल गांधी के इस लेख के प्रकाशित होने के बाद चुनाव आयोग ने इसे निराधार बताया। हालांकि राजद राहुल गांधी के साथ खड़ी नजर आ रही है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने बिल्कुल सही आशंका जताई है। शंका तो लोगों को होती ही है। 2014 से जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, उन्हें हाईजैक कर रखा है। चुनाव आयोग जब चुनाव की तिथि घोषित करता है, उससे पहले भाजपा के आईटी सेल को पता होता है।



**2014 से जितनी भी संवैधानिक संस्थाएं हैं, उन्हें हाईजैक कर रखा है। चुनाव आयोग जब चुनाव की तिथि घोषित करता है, उससे पहले भाजपा के आईटी सेल को पता होता है: तेजस्वी यादव**

उन्होंने यह भी कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को ईमानदारी से चुनाव कराना चाहिए और अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। जब ये संस्थाएं बर्बाद हो जाएंगी, तो लोगों को न्याय कहां मिलेगा। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव की चर्चा करते हुए कहा कि उस समय तो हमलोग सरकार बना चुके थे। शाम में उन्होंने काउंटिंग को रुकवा दिया और रात के अंधेरे में काउंटिंग को शुरू किया और तीन-तीन बार प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी सफाई दी। चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी की सरकार के प्रकोष्ठ की तरह काम कर रहा है, तो सवाल उठाने जायज हैं।

## आज की परिस्थिति में तेजस्वी यादव ही बिहार की जनता के लिए एकमात्र सीएम चेहरा : मनोज झा

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे पर खुलकर बात करते हुए रविवार कहा कि आज जो परिस्थितियां हैं, उनमें तेजस्वी यादव ही सीएम का चेहरा हैं। वह चाहकर भी इसे छोड़ नहीं ससकते हैं क्योंकि बिहार की जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। यह नरेटिव घर-घर पहुंच गया है। आज बिहार की जनता मानती है कि नौकरी मतलब तेजस्वी यादव। राजद नेता मनोज झा ने आगे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान 'क्राइम कैपिटल' पर कहा कि आज देश के लिए बिहार चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी ने कहा, यह चिंता का विषय है। अभी विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के 'एक्स' हैंडल को देख लीजिए, जहां-जहां उन्होंने दौरा किया। हाल ही में मुजफ्फरपुर गए थे, इसके बाद कहने के लिए ज्यादा कुछ नहीं बचता है।

**सार संक्षेप**

### देवरिया में गला काटने की घटना को कुर्बानी से जोड़ना ठीक नहीं : मौलाना रजवी

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के देवरिया के गौरीबाजार थानाक्षेत्र के उधोपुर गांव में बकरीद के दिन नमाज अदा कर लौटने के बाद एक वृद्ध ने अपनी कुर्बानी दे दी। बकरी काटने के चाकू से गला रेत लिया। इस दौरान उसकी मौत हो गई। इसे लेकर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटना बहुत अफसोसजनक और दिल को दहलाने वाली है। इसे कुर्बानी से जोड़ना ठीक नहीं, इस मामले में तस्वीर साफ हो गई है। मौलाना रजवी ने अपने एक बयान में कहा कि गला रेतने वाले बुजुर्ग की पत्नी का बयान है कि वह तंत्र-मंत्र के चक्कर में पड़े थे। आजमगढ़ में किसी दरगाह में जाते थे। उनके ऊपर भूत-प्रेत का साया था। घर आकर वह जादू-टोना करते थे।

### तेलंगाना में राज्यपाल ने तीन मंत्रियों को शपथ दिलायी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के राज्यपाल विष्णु देव वर्मा ने राजभवन में आयोजित एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में नवनियुक्त मंत्रियों- अदलुरी लक्ष्मण कुमार, वाकीति श्रीहरि और गड्डाम विवेक वेंकटस्वामी को पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष गुट्टा सुखेंद्र रेड्डी, विधानसभा अध्यक्ष जी प्रसाद कुमार और उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क उपस्थित थे। इस अवसर को देखने के लिए तुम्मला नागेश्वर राव, पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी, जुपल्ली कृष्ण राव, दामोदर राजनरसिम्हा, पोन्नम प्रभाकर गौड़, उत्तम कुमार रेड्डी, कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी, धनसारी अनसूया (सीथक्का) और कोंडा सुरेखा सहित कई कैबिनेट मंत्री उपस्थित थे।

### बिहार में कानून का राज, घटना के बाद अपराधियों की गिरफ्तारी तय : संजय

**बेतिया।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए जाने और सत्य, न्याय और अहिंसा की धरती बिहार को 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' बना देने के बयान पर भाजपा के सांसद संजय जायसवाल ने जबरदस्त पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून का राज है और अपराध करने के बाद कोई बच नहीं सकता। उसकी गिरफ्तारी तय है। उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को चुनौती देते हुए कहा कि पिछले एक साल का क्रिमिनल रिकॉर्ड देख लें और इस चंपारण का एक भी ऐसा कोई क्रिमिनल बता दें जिसने क्राइम किया हो और उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई हो। उन्होंने 25 के पहले की बात बताते हुए कहा कि इस जिले में 247 क्रिमिनल गैंग थे।,,

## भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है : अखिलेश

**लखनऊ,** 8 जून (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। भाजपा सरकार धोखा देने में अव्वल है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था वो वादा भी पूरा नहीं हुआ है।



**भाजपा सरकार ने किसानों को धोखा दिया है। खेती का लागत मूल्य बढ़ता जा रहा है। खाद, बीज, पानी, कीटनाशक सब कुछ महंगा हो गया है। किसानों की आय दोगुनी करने का वादा किया था वो वादा भी पूरा नहीं हुआ है: अखिलेश यादव**

श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों को खेती के कार्य के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है। किसानों की मक्का और अन्य फसलों के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। फूलों की खेती भी सूख रही है। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल है। खेती किसानी की दशा दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री और भाजपा के नेता किसानों, नौजवानों को भ्रमित करने और बरगलाने के लिए नये-नये बहाने गढ़ने में लगे रहते है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों के फसलों की खरीद नहीं हो रही है। फसलों की खरीद में भाजपा के लोगों ने भारी भ्रष्टाचार किया। धान, गेहूं खरीद में सरकारी धन का बंदरबांट हुआ। भारी भ्रष्टाचार हुआ है। भाजपा सरकार में योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में फसलों की लूट है। इस सरकार ने समाजवादी सरकार के दौरान बनाई जाने वाली मंडियों का काम रोक दिया। सरकार बिचौलियों और उद्योगपतियों के लिए फसलों की खरीद कर रही है। सरकारी खरीद नहीं हो रही है। भाजपा सरकार का एजेंडा उद्योगपतियों को लाभ दिलाने का रहता है। इनको किसानों से कोई मतलब नहीं है। श्री यादव ने कहा कि इस सरकार में किसानों पर लगातार संकट बढ़ता जा रहा है। पूरी सरकार मक्का और अन्य फसलों के लिए सिर्फ ढिंढोरा पीट रही है।

### प्रियंका चतुर्वेदी ने यूरोपीय यात्रा को बताया सफल, बोलीं

## वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान को किया बेनकाब

**मुम्बई,** 8 जून (एजेंसियां)। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर गठित सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल की सदस्य थीं। छह देशों का दौरा कर लौटी हैं। वापस लौटने के बाद उन्होंने कहा कि आतंकवाद और पाकिस्तान के दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से उठाया। छह यूरोपीय देशों की इस यात्रा में उन्होंने विभिन्न देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, विदेश मंत्रियों और संसदीय समितियों के अध्यक्षों के साथ मुलाकात की। इसके अलावा, उन्होंने प्रवासी भारतीयों, मीडिया और थिंक टैंक्स से भी संवाद किया। प्रियंका चतुर्वेदी ने अपनी यात्रा के अनुभव साझा करते हुए कहा, मेरा मानना है कि यह एक बहुत ही सफल यात्रा रही है। यूरोपीय देशों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने हमसे मुलाकात की, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों से भी

**आतंकवाद और पाकिस्तान के दोहरे रवैये को वैश्विक मंच पर प्रभावी ढंग से उठाया। विभिन्न देशों के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, विदेश मंत्रियों और संसदीय समितियों के अध्यक्षों के साथ मुलाकात की। मेरा मानना है कि यह एक बहुत ही सफल यात्रा रही है: प्रियंका चतुर्वेदी**



हम मिले। बर्लिन में जर्मनी के विदेश मंत्री ने हमसे मुलाकात की, रोम में इटली के उप विदेश मंत्री से चर्चा हुई। कोपेनहेगन में उपसभापति और विदेश मामलों की समितियों के अध्यक्षों ने हमसे बात की। हमने उपराष्ट्रपति से भी मुलाकात की। छह देशों और छह स्थानों पर हमने व्यापक स्तर पर संवाद किया। इस दौरान हमने पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया और भारत की चिंताओं को जिम्मेदारीपूर्वक विश्व समुदाय के सामने रखा। हमने प्रवासी लोगों से भी बातचीत की। प्रवासी समुदाय भारत की ताकत है और उनकी चिंताओं को सुनना और उनके साथ संवाद करना भी इस यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा था।

प्रियंका चतुर्वेदी ने 26/11 के मुंबई आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इस घटना ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से प्रभावित किया और राजनीति में प्रवेश करने के लिए प्रेरित किया था। उन्होंने आगे कहा कि मैं बस इतना कहना चाहती हूं कि देश के प्रति मेरी जिम्मेदारी थी। मुंबई में 26/11 के आतंकवादी हमले के बाद मैंने राजनीति में प्रवेश किया। उस घटना ने मुझ पर काफी असर डाला था। मैं जानती हूं कि आतंकवाद के कारण कितने घर बर्बाद हो जाते हैं। आतंकवाद के कारण कई महिलाओं को अपने घर चलाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं के सामने आजीविका का संकट खड़ा करता है और देश की स्थिरता और व्यापार को नष्ट करने की कोशिश करता है। यह मेरी जिम्मेदारी थी कि मैं इन मुद्दों को वैश्विक मंच पर उठाऊं। हमने वैश्विक मंचों पर धर्म के आधार पर देश को बांटने की कोशिश करने वालों को बेनकाब किया। हम देश की एकता की रक्षा करने में सफल रहे, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। अगर मेरे भाषणों ने लोगों को प्रभावित किया है और देश के मुद्दों को सामने लाया है, तो मैं इसे राष्ट्र के प्रति अपनी सेवा मानती हूं।

## भारतीय मूल के दम्पति को आईटी सेवाओं के लिए मिलेगा न्यूजीलैंड का शाही सम्मान

**■ वर्ष 1996 से न्यूजीलैंड ने केवल 15 आईटी जादूगरों को ऐसा सम्मान दिया**
**■ दोनों सदस्यों को न्यूजीलैंड की गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा सम्मानित किया जाएगा**



**मुंबई,** 8 जून (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सुनीत प्रकाश और उनकी गुजराती पत्नी ललिता कासंजी (दोनों न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया के दोहरे नागरिक) को सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग और वहां के भारतीय प्रवासियों के लिए सेवा करने को लेकर 'न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य' सम्मान के लिए चुना गया है। गौरतलब है कि न्यूजीलैंड का यह पुरस्कार भारत के शीर्ष पद्म राष्ट्रीय पुरस्कारों के समान है। भारतीय मूल के इन दोनों सदस्यों को न्यूजीलैंड की गवर्नर-जनरल डेम सिंडी कीरो द्वारा जल्द ही सम्मानित किया जाएगा। सुश्री कीरो यूनाइटेड किंगडम के राजा चार्ल्स तृतीय के प्रतिनिधि हैं। न्यूजीलैंड ब्रिटिश सम्राट को अपने राष्ट्राध्यक्ष के रूप में मान्यता देता है।

न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट नामक पुरस्कारों के व्यापक समूह की स्थापना 30 मई, 1996 को तत्कालीन ब्रिटिश सम्राट महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा जारी एक रॉयल वारंट द्वारा की गई थी। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री और कैबिनेट विभाग के अनुसार, ऑर्डर के प्राप्तकर्ता वे हैं, जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में, क्राउन और राष्ट्र के लिए सराहनीय सेवा प्रदान की है या जो अपनी प्रतिष्ठा, प्रतिभा, योगदान या अन्य योग्यताओं के कारण प्रतिष्ठित हुए हैं। न्यूजीलैंड ऑर्डर ऑफ मेरिट के सदस्य प्रतिष्ठित पुरस्कारों के स्तरों में से एक है। वर्ष 1996 से न्यूजीलैंड ने केवल 15 आईटी जादूगरों को ऐसा सम्मान दिया है, लेकिन यह पहली बार है जब यह भारतीय समुदाय के सदस्यों को दिया गया है। श्री प्रकाश (63) ने कहा, 'हम इस सम्मान के मिलने से खुश हैं।' गौरतलब है कि प्रकाश-कासांजी दंपति 2023 में उस समय सुर्खियों में आए थे, जब उन्होंने भारत के साथ न्यूजीलैंड सेंटर फॉर डिजिटल कनेक्शन की सह-स्थापना की, ताकि दो दूर देशों के बीच डिजिटल और तकनीकी सहयोग को गति दी जा सके। वैश्विक, तकनीकी और जातीय-समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण के संयोजन के साथ उनके ट्रेंडसेटर शोध से पता चला कि भारतीय आईटी पेशेवरों ने न्यूजीलैंड की अर्थव्यवस्था में सालाना 3500 लाख अमेरिकी डॉलर का योगदान दिया।

## कांग्रेस आत्ममंथन के बजाय चुनाव हारने के बहाने ढूंढती है : चिराग पासवान

**पटना,** 8 जून (एजेंसियां)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग पर कई आरोप लगाए हैं, जिसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी का दौर जारी है। इसी बीच, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने राहुल के बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। चिराग पासवान ने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं में दिक्कत यही है कि जब इन्हें आत्ममंथन की जरूरत होती है, तब ये चुनाव हारने के बहाने ढूंढते हैं। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लंबे समय तक इनका ईवीएम को लेकर भी बहाना चला था, अब वह बहाना ठंडा हुआ तो अब नया बहाना फिक्सिंग का निकाला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जो लोग चुनाव आयोग पर उंगली उठाते हैं और जिनका समर्थन यहां के क्षेत्रीय दल करते हैं, क्या वह व्यवस्था सही थी, जब एक कलम से चुनाव आयुक्त की नियुक्ति हो जाती थी। कांग्रेस के जमाने में चुनाव आयुक्त कैसे चुने जाते थे? उन्होंने कहा कि आज एक ऐसी व्यवस्था पर इनका प्रश्नचिन्ह है, जहां पर एक समिति के द्वारा, जिसमें विपक्ष की भी भूमिका है, चुनाव आयुक्त को चुना जा रहा है।



## कमलम की खेती विकसित कृषि की कुंजीः शिवराज

**बेंगलुरु,** 8 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि ड्रैगन फ्रूट (कमलम) जैसी उच्च आय वाली और कम लागतवाली फसलें 'विकसित कृषि' (विकसित कृषि) मॉडल के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण हैं और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण का समर्थन करती हैं। बेंगलुरु ग्रामीण जिले में किसान मुनिराज के खेत में ड्रैगन फ्रूट के पौधों की पंक्तियों के बीच खड़े होकर श्री चौहान ने इस फसल को आधुनिक, टिकाऊ खेती का प्रतीक बताया। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, 'ड्रैगन फ्रूट एक जैविक, कैक्टस-परिवार का फल है जिसे किसी रासायनिक सैनिटाइज़र की आवश्यकता नहीं होती है और यह गोबर की खाद पर पनपता है। यह प्राकृतिक रूप से बीमारी का प्रतिरोध करता है, इनपुट लागत को कम करता है और काफी आर्थिक लाभ देता है।' उन्होंने कहा कि किसान इसकी खेती करके पहले वर्ष से ही दो से तीन लाख रुपए कमाना शुरू कर सकते हैं।

वहीं, दूसरे वर्ष से कमाई बढ़कर



**'ड्रैगन फ्रूट एक जैविक, कैक्टस-परिवार का फल है जिसे किसी रासायनिक सैनिटाइज़र की आवश्यकता नहीं होती है और यह गोबर की खाद पर पनपता है: शिवराज सिंह चौहान**

**आयोजन** भारत के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र द्वारा महात्मा बुद्ध के संदेशों को केंद्र में रख कर सजाया गया भारत पैवेलियन

# जापान के व्यापार मेले में आकर्षण का केंद्र बना भारत मंडप

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो में भारत के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) द्वारा महात्मा बुद्ध के संदेशों को केंद्र में रख कर सजाया गया भारत पैवेलियन- 'भारत मंडप' वहां दर्शकों के बीच सबसे आकर्षक एवं लोकप्रिय मंडपों में उभर कर सामने आया है।

वाणिज्य मंत्रालय ने ओसाका व्यापार मेले में भारत के मंडप को सजाने का जिम्मा संस्कृत मंत्रालय के संगठन आईजीएनसीए को दिया था और इसे महात्मा बुद्ध के संदेशों को केंद्र में रखते हुये सजाया गया है।

आईजीएनसीए के सदस्य सचिव सच्चिदानंद जोशी ने एक अनौपचारिक बातचीत में बताया कि इस वर्ष अप्रैल में शुरू ओसाका व्यापार मेले में 165 देशों के मंडप और स्टाल है, जिनमें भारत मंडप बड़ी श्रेणी के शीर्ष पांच मंडपों में जगह बनायी है।



यह व्यापार मेला 13 अक्टूबर तक चलेगा। उन्होंने जापान ट्रैवल ब्यूरो (टीबी) के प्रतिनिधि और डिप्टी पेवेलियन डायरेक्टर यामामोटो-सान द्वारा की गयी समीक्षा के हवाले से बताया कि भारत के मंडप को एक्सपो में अमेरिका, इटली, जापान और फ्रांस के साथ शीर्ष पांच मंडपों में स्थान दिया गया है। वर्ल्ड एक्सपो में मौजूद मंडपों की यह श्रेणी एक्सपो अधिकारियों, आम जनता और जापानी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं की राय के आधार पर बनायी गयी है। आईजीएनसीए की एक वीडियो प्रस्तुति के अनुसार अजंता की गुफाओं से प्रेरित करुणा के अवतार पद्मपाणि बोधिसत्व की छवि को भारत मंडप के केंद्र में रखा गया है। यह आधुनिक स्टोरी टेलिंग के साथ आध्यात्मिक सौंदर्य का संगम प्रतीत होता है। आईजीएनसीए ने 'नील कमल अग्रभाग', 'बोधिवृक्ष स्थापना' और 'बहती जलधारा' जैसे प्रतीकों के माध्यम से भारत की सनातन विचारधारा को आधुनिक वैश्विक संदर्भों में प्रस्तुत किया है, जो आगंतुकों को भारत के करुणा, परस्पर संबद्धता, गतिशीलता और बदलाव के शाश्वत संदेश का दर्शन कराते हैं।

**इस वर्ष अप्रैल में शुरू ओसाका व्यापार मेले में 165 देशों के मंडप और स्टाल है, जिनमें भारत मंडप बड़ी श्रेणी के शीर्ष पांच मंडपों में जगह बनायी है: सच्चिदानंद जोशी, सदस्य सचिव, आईजीएनसीए**

श्री जोशी ने बताया कि वहां भारत मंडप देश की प्राचीन ज्ञान परम्परा, आधुनिक आकांक्षाओं और वैश्विक भागीदारी का प्रमाण है। रणनीतिक रूप से 'कनेक्टिंग लाइव्स जोन' में स्थित, यह पैवेलियन भारत की सभ्यतागत गहराई के साथ-साथ इसकी तकनीकी उन्नति और चिरस्थायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि मंडप में शांति से परिपूर्ण कमल प्रांगण से लेकर गतिशील एकात्मकता लाउंज तक, मंडप उपनिषदों के ज्ञान 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् विश्व एक परिवार है की भावना को दर्शाता है।

बिलासपुर, सोमवार 9 जून 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## हिंसाग्रस्त मणिपुर, अकेले तिरंगा लहराते मोदी

पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में एक बार फिर हिंसा भड़क गई है। मैतेई कट्टरपंथी संगठन 'अरम्बाई टेंगोल' के नेता की कथित गिरफ्तारी के बाद इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में व्यापक विरोध प्रदर्शन होने लगा, जिसका असर इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों इन पांच जिलों पर खास तौर से देखा गया। प्रदर्शनकारियों ने नेता की रिहाई की मांग करते हुए क्वाकीथेल और उरीपोक में सड़क के बीचों-बीच टायर और पुराने फर्नीचर जलाए, वहीं इंफाल पूर्व जिले के खुरई लामलोंग में एक बस में आग लगा दी। क्वाकीथेल में कई गोलियों की आवाजें सुनी गईं लेकिन यह पता नहीं चल पाया कि गोलियां किसने चलाईं। खबर फैली कि गिरफ्तार नेता को राज्य से बाहर ले जाया जा सकता है तो प्रदर्शनकारियों ने तुलीहाल में इंफाल हवाई अड्डे के द्वार का घेराव भी किया और सड़क के बीच में सो गए।

ये सारा हाल जाहिर करता है कि विरोध प्रदर्शन और कितना बढ़ सकता है। इसके बाद एहतियातन प्रशासन ने इन पांच जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को पांच दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। प्रशासन का कहना है कि कुछ असामाजिक तत्व जनता की भावनाओं को भड़काने वाले चित्र, अभद्र भाषा और घृणास्पद वीडियो संदेशों के प्रसारण के लिए सोशल मीडिया का बड़े पैमाने पर उपयोग कर सकते हैं, जिससे मणिपुर राज्य में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर असर पड़ सकता है।

प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी तो निभाई है, लेकिन जिस कानून और व्यवस्था का हवाला देकर फिर से इंटरनेट सेवाएं बंद की गई हैं, क्या उसका कोई नामलेवा अभी राज्य में बचा है, यह सवाल अब सीधे केंद्र सरकार से किया जाना चाहिए।

पिछले 2 सालों से मणिपुर अशांत बना हुआ है। मई 2023 में भड़की हिंसा की चपेट में पूरा राज्य आ गया, और हत्या, लूटपाट, आगजनी की असंख्य घटनाओं के बीच दो युवतियों के साथ बलात्कार और नग्न परेड जैसी अमानवीय, नृशंस घटनाएं भी हुईं। जिसकी गूंज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठी। ऐसी भयावह परिस्थिति किसी सैन्य शासन या तानाशाही वाले देश या किसी युद्धग्रस्त देश में घटती तो यह सवाल नहीं उठता कि सरकार क्या कर रही है। हमने पाकिस्तान, अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों से लेकर मध्य एशिया या अफ्रीका के कई कमजोर देशों में इस तरह की घटनाओं को होते देखा है, क्योंकि वहां लोकतंत्र नहीं है या अगर है तो उसे कमजोर कर दिया गया है। इसके बाद यही गनीमत लगती है कि भारत में लोकतंत्र बना हुआ है, जिसमें आम जनता रोजमर्रा की परेशानियों से भले जूझे, लेकिन इस तरह के अतिरेक से बची रहती है। किंतु दो सालों से मणिपुर के हाल देखकर सवाल उठता है कि क्या वाकई लोकतंत्र के रास्ते पर देश चल रहा है या केवल दिखावा हो रहा है।

दो साल हो गए लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अब तक एक बार भी मणिपुर नहीं गए, संसद में भी उन्होंने इस राज्य के हालात पर तभी बयान दिया जब विपक्ष ने अपना दबाव बनाया और सुप्रीम कोर्ट को भी दखल देना पड़ा। इस बीच मणिपुर में बड़ी मुश्किल से मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दिया और 100 से अधिक दिनों से अब वहां राष्ट्रपति शासन लागू है। हालांकि इस बीच भाजपा की तरफ से सरकार बनाने के दावे पेश किए जाते रहे हैं। लेकिन शायद विधायकों को केंद्र की भाजपा से हरी झंडी नहीं मिल रही। शायद भाजपा अब मणिपुर की जिम्मेदारी ही नहीं लेना चाहती है। बीते 2 साल से ज्यादा समय से जारी हिंसा में 270 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गंवा चुके हैं और हजारों लोग घायल हुए हैं। करीब 60 हजार लोग राहत शिविरों में रहने को मजबूर हैं।

इन दो सालों में श्री मोदी ने देश-विदेश की करीब 3 सौ यात्राएं की हैं, लेकिन मणिपुर जाने के लिए दो-तीन घंटे का वक्त भी उन्होंने नहीं निकाला। न ही वे दिल्ली बैठकर मणिपुर के मुद्दे को हल करने के लिए किसी तरह गंभीर दिख रहे हैं। अगर ऐसा होता तो शायद परिणाम सामने रहते। मगर इस समय ऐसा लग रहा है मानो भाजपा और नरेन्द्र मोदी के लिए मणिपुर अस्तित्व ही नहीं रखता है। अपने ही देश के एक राज्य के साथ यह सौतेला व्यवहार आखिर नरेन्द्र मोदी क्यों कर रहे हैं, यह गंभीर चिंता का विषय है। अभी भाजपा मोदी सरकार के 11 सालों का जश्न देश भर में मनाने की तैयारी में है। खुद श्री मोदी ने इस बारे में ट्वीट किया कि बीते 11 सालों में हमारी सरकार का हर कदम सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रति समर्पित रहा है। इन वर्षों में हमने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे न सिर्फ ऐतिहासिक हैं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के जीवन को सरल और बेहतर बनाने में सहायक रही हैं। हमें पूरा विश्वास है कि हम अपने इन प्रयासों से एक विकसित और आत्मनिर्भर भारत का सपना जरूर साकार करेंगे।

प्रधानमंत्री से पूछा जाना चाहिए कि सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण जैसे शब्दों का मणिपुर में कोई स्थान है या नहीं। जम्मू-कश्मीर जाकर पुल से अकेले तिरंगा लहराकर अपनी देशभक्ति और देशसेवा प्रदर्शित करने की नाटकीयता श्री मोदी को दिखाने की जरूरत नहीं पड़ती, अगर वे वाकई तिरंगे के तहत आने वाले तमाम राज्यों को समभाव से देखते हुए ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारी निभाते। अभी तो राहुल गांधी जैसे विपक्ष के नेताओं से ही उम्मीद है कि वे मणिपुर के लोगों के कष्ट बांटेंगे।

# ट्रंप ने पाक के नेतृत्व को मजबूत नहीं हमारे नेतृत्व को कमजोर बताया है!

यह अभी तक का डोनाल्ड ट्रंप का सबसे बड़ा हमला है! प्रकारातंर में यह हमारे नेतृत्व को कमजोर बताना है। जब गांव में वोट मांगने जाते हैं तो वह यह नहीं कहता कि आप सही नहीं हैं। वह कहता हैं- वे बहुत अच्छे हैं!

पूरी दुनिया में यही माहौल बन गया है। कोई पाकिस्तान का समर्थन नहीं कर रहा। उसके नेतृत्व को मजबूत और भरोसे लायक नहीं बता रहा हमारे नेतृत्व को कमजोर और आत्ममुग्ध बता रहा है।

देश की यह हालत कभी नहीं रही। लेकिन इस पर भी न प्रधानमंत्री मोदी और न ही गोदी मीडिया समझने को तैयार हैं। मोदी अपनी छवि को ऊपर रख रहे हैं। जो अब इतनी कमजोर हो गई है कि कोई भी ब्रांडिंग उसे वापस मजबूत नहीं कर सकती।

वापसी के लिए इन्दिरा गांधी जैसा आत्मबल होना चाहिए। 1977 के बाद सबने उन्हें खतम कहानी मान लिया था। मगर उन्होंने फिर वापसी की। आधार खोखला नहीं होना चाहिए। नहीं तो वह बूमरैंग (पलटवार) करता है। 56 इंच की छाती, लाल आंख वालों का सबसे बड़ा आधार गोदी मीडिया था। और उसने ही अब सबसे ज्यादा बेइज्जती करवाई है। अगर मोदी को वापस अपनी अन्तरराष्ट्रीय छवि में कुछ इजाफा करना है तो उन्हें इन गोदी मीडिया के महारथियों को लाइन अप करना चाहिए। जो भी कानून सम्मत कड़ी सज़ा होती है वह देना चाहिए। नहीं तो दुनिया में चाहे जितने प्रतिनिधिमंडल भेज लें बिगड़ी छवि सुधरने वाली नहीं है। वाशिंगटन पोस्ट में उसके झूठ का लेखाजोखा छपने के बाद वह बहुत दबाव में है। और अंदर से खोखले लोग दबाव पड़ने पर और ज्यादा मूर्खता का इजहार करते हैं। वे प्रधानमंत्री का कोई और बड़ा रूप बनाकर पेश कर सकते हैं। जिससे जगहंसाई हो।

याद रहे वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट आने के बाद ही ट्रंप ने पाकिस्तान की लीडरशिप को ग्रेट और स्ट्रांग कहा। इसका मतलब अगर आपकी भी होती तो 9 मई के बाद जब गोदी मीडिया की हंड्रेड परसेन्ट झूठी खबरों ने सच का जनाजा निकाल दिया था प्रधानमंत्री मोदी इन मीडिया वालों को अंदर कर चुके होते।

भारत की सेना जीत रही थी। उसका अपर हैंड (बढ़त) था। ऐसे में सच्ची खबरें ही उसका शौर्य बताने के लिए पर्याप्त थीं। मगर उसने ऐसे ऐसे झूठ चलाए जिनका कोई सिर-पैर ही नहीं था। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष गिरफ्तार, तख्तापलट की तैयारी, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने आत्मसमर्मण किया। गप्प की भारी होड़ थी दूसरे चैनल ने कहा बंकर में छुपे हुए हैं। एक वहां के सारे बड़े शहर कब्जे में, प्रमुख शहरों को नष्ट कर दिया।

यह सब हम वाशिंगटन पोस्ट द्वारा तथ्यात्मक रूप से तैयार की गई 7 जून को प्रकाशित रिपोर्ट से बता रहे हैं। अखबार ने कहा कि इन झूठे दावों के समर्थन में गाजा और सूडान के संघर्षों, फिलाडेल्फिया की एक विमान दुर्घटना और यहां तक कि वीडियो गेम के शाट लेकर भी दिखा दिए गए। बहुत बड़ी रिपोर्ट है। एक एक तथ्य और सबूत के साथ कहा गया है कि भारतीय मीडिया ने यह राक्षसों जैसा काम किया है।



शकील अख्तर

> दुनिया भर में हमें अपनी छवि सुधारने के लिए कई प्रतिनिधि मंडल भेजना पड़े। मगर क्या हुआ? उसके बाद भी ट्रंप यह कह रहे हैं। वाशिंगटन पोस्ट जो दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अखबारों में से है ऐसी रिपोर्ट छापता है जिससे भारत की छवि खराब होती है। इस गोदी मीडिया की तो क्या होना? इसकी तो अब कोई बची नहीं है। इसके मालिक ही पूछते हैं कि वह खबर सच्ची थी?

और सबसे घटिया काम अपने झूठ का यह कहते हुए बचाव कि हमने कोई काम देश के खिलाफ नहीं किया। अब इन कम जानकार लोगों को कौन समझाए कि इस तरह के एक क्षेत्र में किए झूठे दावे दूसरे क्षेत्र की सेना पर असर डालते हैं। एक सेक्टर में सेना अच्छा काम कर रही होती है मीडिया के जरिए उसे दूसरे क्षेत्र की अफलातूनी खबर मिलती है तो वह गिल्ट में आ जाती है। गलती कर सकती है। देश को नुकसान हो सकता है। हमें विश्वास है कि जब वक्त बदलेगा तो सेना इन्हें अच्छी तरह समझाएगी। हमने शायद बताया हो कि फोर्स से एक ऐसे ही पत्रकार को किस तरह बचाया था। सीमावर्ती क्षेत्र में। और बचाने का मतलब आप समझ गए ना। बच गया! तो यह देश की सेवा नहीं होती देश का नुकसान होता है।

इसीलिए ट्रंप कह रहे हैं मेरा कहना किसी को बुरा लग सकता है। बिल्कुल सही है, लग रहा है। यह भारत के खिलाफ जाता दिख रहा है। विदेश में भारत का प्रधानमंत्री मतलब भारत ही होता है। और भारत का नेतृत्व मतलब प्रधानमंत्री कभी कमजोर नहीं रहा। चाहे वह कोई रहा हो। एच डी देवगौड़ा, गुजराल, चन्द्रशेखर कोई भी। और इसका कारण है हर प्रधानमंत्री के पीछे भारत की ताकत होती थी।

मगर मोदी ने एक बिल्कुल ही नया काम किया। अपनी छवि देश से ऊपर बनाने का। 2014 से पहले भारत में पैदा होना शर्म की बात थी। मतलब 2014 से पहले के भारत को ही खतम कर दिया। अपनी लकीर बड़ी करने के लिए देश की लकीर छोटी करने की कोशिश। ऐसे बहुत उदाहरण हैं। स्थानाभाव के कारण नहीं लिख सकते। नहीं तो वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के ही और हिस्से भी जिनमें इस गोदी मीडिया की धज्जियां उड़ा दी गई हैं बताते। मगर पाठक पढ़ सकते हैं। हिन्दी में उसका पूरा अनुवाद सोशल मीडिया पर है।

पाकिस्तान के शासकों के लिए ट्रंप के इस सर्टिफिकेट से बड़ा कुछ नहीं हो सकता है। और वहां की जनता के लिए हंसने वाली बात। हमारे साथ पाकिस्तान के पूर्व शासकों के कैसे भी संबंध रहे हों मगर सच यह है कि सब अपने देश में बड़े नाम थे। आज के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ जिनकी ट्रंप ने तारीफ की है उनकी तो एकमात्र पहचान केवल नवाज शरीफ के भाई की है। मगर वह भी मजबूत नेता हो गए!

क्या कहें? हमारी बदकिस्मती! कहने को तो वे कहते हैं कि उनकी किस्मत से यह होता है, वह होता है। और इसी भ्रम में इस लोकसभा चुनाव से पहले जिसमें वे 400 पार सीटें जीतने जा रहे थे नान बायलोजिकल ( हम आप जैसे इंसान नहीं, अवतार) बन गए।

इन्हीं बड़ी-बड़ी बातों की वजह से दुनिया में उनकी छवि खराब हुई है। और इसका प्रभाव देश पर पड़ा। पाकिस्तान कभी किसी मुकाबले में हमसे बराबरी पर भी नहीं आ पाया। और अब ट्रंप उसकी लीडरशिप को ग्रेट और स्ट्रांग बता रहे हैं।

दुनिया भर में हमें अपनी छवि सुधारने के लिए कई प्रतिनिधि मंडल भेजना पड़े। मगर क्या हुआ? उसके बाद भी ट्रंप यह कह रहे हैं। वाशिंगटन पोस्ट जो दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित अखबारों में से है ऐसी रिपोर्ट छापता है जिससे भारत की छवि खराब होती है। इस गोदी मीडिया की तो क्या होना? इसकी तो अब कोई बची नहीं है। इसके मालिक ही पूछते हैं कि वह खबर सच्ची थी?

जी सर, हमने दिखाई थी। अरे इसलिए तो पूछ रहे हैं कि तुमने दिखाई थी! दो कौड़ी की क्रेडिबलटी नहीं बची है और उसका असर यह है कि देश की छवि विदेश में खराब हो रही है। 11 साल में जितना झूठ बोला गया सब सामने आ रहा है। मगर अफसोस यह है कि देश की कीमत पर। देश विदेशों में बदनाम हो गया। एक देश साथ खड़ा हुआ नहीं है और ट्रंप का कोई भरोसा नहीं है कि वह अभी कितनी बार और क्या बोलेंगे!

जी-7 में कनाडा जाने को तैयार हो गए। आत्मसम्मान की कोई चिन्ता किए बिना। लेट इनविटेशन अपमान होता है। मूल लिस्ट में आप शामिल नहीं थे। जैसे हमारे यहां सभा समारोहों में होता है। फलाने नहीं आए, फलाने को मंच पर बिठा लो।

जाएं कनाडा! मगर वहां इस बार मीडिया से बचना इतना आसान नहीं होगा। और दूसरे शक्तिशाली देशों के प्रमुख भी अब कोई सहानभूति वाला रुख नहीं दिखा रहे हैं। देश की इज्जत बनी रहे। बस यही कामना है!

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# युद्धों से यारी के निहितार्थ ?

**■ अरुण कुमार त्रिपाठी**

चार दिन चले 'आपरेशन सिंदूर' का वैसे तो युद्धविराम हो चुका है, लेकिन उसका 'शांतिपर्व' नहीं आया है। जिस तरह से दोनों ओर से युद्ध जीतने के दावे किए जा रहे हैं उससे तो नहीं लगता कि यह जल्दी आने वाला है, पर सवाल है कि पत्रकार, राजनेता, अधिकारी और पूरे समाज पर युद्धोन्माद का आख्यान आखिर इस तरह हावी क्यों है? जबकि पूर्व थलसेनाध्यक्ष जनरल नरवाणे कह चुके हैं कि युद्ध बालीवुड की फिल्म नहीं है, उसे आखिरी विकल्प के तौर पर ही रखना चाहिए। युद्ध का मौजूदा आख्यान पड़ोसी देश के विरुद्ध ही नहीं है, बल्कि उन नागरिकों, दलों और राजनेताओं के प्रति भी है जो सत्तापक्ष और सरकार से सवाल करते हैं।

अगर कोई राजनेता या सैनिक अधिकारी सच बोलने का साहस दिखाता है तो उस पर लोग ऐसे टूट पड़ते हैं जैसे कि वह देशद्रोही या गद्दार हो या राष्ट्रहित को चोट पहुंचाने वाली विवेकहीनता का प्रदर्शन कर रहा हो। हमारे 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सिंगापुर में जेट विमानों को क्षति पहुंचने की बात क्या स्वीकारी कि राजनयिक और रक्षा विशेषज्ञ उन पर टूट पड़े। लोग कह रहे हैं कि उन्होंने एक 'कार्यनीतिक चूक' स्वीकार करके पाकिस्तान की जीत के आख्यान को बढ़त का मौका दे दिया है, जबकि उन्होंने इस पूरे युद्ध पर एक विवेकपूर्ण टिप्पणी करते हुए यह भी कहा था कि दोनों ओर के सैनिक अधिकारियों में इतना विवेक था कि उन्होंने इस टकराव को नाभिकीय युद्ध तक नहीं जाने दिया।

> युद्ध में जीत की लालसा, राष्ट्रीय संप्रभुता का अहंकार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मुनाफे की चाहत हमें उस मुकाम तक ले आयी है, जहां हम जीत के लिए परमाणु बम की धमकी तक देने तैयार हैं और हार को झूठ के गुब्बारों से सजाकर जीत दिखाना चाहते हैं। लगता है, युद्ध एक स्थायी भाव है और युद्धविराम एक संचारी भाव। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए युद्धविराम और शांति व्यापार करने का एक अवसर है और युद्ध हथियार बेचने, अमेरिका को महान बनाने और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करने की रणनीति का।

युद्ध में जीत की लालसा, राष्ट्रीय संप्रभुता का अहंकार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की मुनाफे की चाहत हमें उस मुकाम तक ले आयी है, जहां हम जीत के लिए परमाणु बम की धमकी तक देने तैयार हैं और हार को झूठ के गुब्बारों से सजाकर जीत दिखाना चाहते हैं। लगता है, युद्ध एक स्थायी भाव है और युद्धविराम एक संचारी भाव। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए युद्धविराम और शांति व्यापार करने का एक अवसर है और युद्ध हथियार बेचने, अमेरिका को महान बनाने और प्राकृतिक संसाधनों पर कब्जा करने की रणनीति का।

जो स्थिति भारतीय उपमहाद्वीप में बनी है वह कमोवेश पूरी दुनिया में निर्मित हो रही है। भारत के मुख्यधारा के मीडिया पर जिस तरह से सेना के युद्धोन्मादी सेवानिवृत्त अफसरों के ढपोरशंखी बयानों और वक्तव्यों की बाढ़ आई हुई है उतना तो शायद दुनिया के किसी देश में नहीं है। रूस-यूक्रेन युद्ध या इजराइल-फिलस्तीन युद्ध ने तथाकथित सभ्य देशों को असभ्य देश के रूप में तब्दील कर दिया है और नहीं लगता कि उनके पास मौजूदा स्थिति का कोई समाधान है। विडंबना है कि भारतीय उपमहाद्वीप में इस दौरान शांति का स्वर हाशिए पर ठेल दिया गया है। युद्ध के शुरू होते ही मैग्सैसे पुरस्कार विजेता संदीप पांडेय और मेधा पाटकर ने युद्धविराम की अपील की थी, लेकिन उनके बयानों को कितना महत्त्व दिया गया, कहा नहीं जा सकता।

आज इस उपमहाद्वीप में जिस प्रकार से चीन और पाकिस्तान की ओर से भारत पर युद्ध थोपने की भविष्यवाणी की जा रही है, रणनीतिक और राजनयिक रूप से भारत जिस तरह से अलग-थलग पड़ता दिख रहा है वह सब एक भयावह परिदृश्य उपस्थित करता है। इससे निपटने का एक तरीका तो यह है कि लोगों की बुनियादी आवश्यकताओं में कटौती करते हुए निरंतर हथियार जमा किए जाएं, उनको टेक्नोलॉजी के लिहाज से उन्नत करते रहा जाए और भारत जैसी विशाल आबादी को सैन्य प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया जाए। दूसरा तरीका है कि इस उपमहाद्वीप से लेकर दुनिया के दूसरे हिस्सों तक शांति का वह अंतरराष्ट्रीय अभियान चलाया जाए जिसकी कल्पना रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी, मार्टिन लूथर किंग, लियो टालस्टाय, विनोबा, थोरो, क्रोपाटकिन और डेस्मांड टूटू जैसे विचारकों ने की थी। दूसरा रास्ता अधिक श्रेष्ठ और टिकाऊ है और उसकी चर्चा उसी तरह होनी चाहिए जिस तरह भीष्म ने 'शांतिपर्व' में की थी।

रवींद्रनाथ टैगोर ने 'गीतांजलि' के अलावा 'स्वर्ग का गीत' जैसी कविताओं में 'हार की गरिमा' का वर्णन किया है तो महात्मा गांधी ने अहिंसा को परमाणु बम से भी श्रेष्ठ हथियार माना है। टैगोर कहते हैं कि हार जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे व्यक्ति अधिक मजबूत और विनम्र बनता है और आध्यात्मिक रूप से प्रेरित करने वाला अनुभव प्राप्त करता है। वे कहते हैं कि हार निराशा और कमजोरी नहीं है, बल्कि सीखने और विकास का अवसर है। हार से घबराना नहीं, बल्कि इससे जीवन की गहरी समझ हासिल की जा सकती है। हार भगवान के करीब ले जाती है।

गांधी कहते हैं, 'जहां तक मैं देख सकता हूं, परमाणु बम ने उस उत्कृष्ट भावना को जड़ बना दिया है जिसके सहारे मानव जाति युगों से जीवित रही है। एक समय तथाकथित युद्ध नियम हुआ करते थे जो उन्हें सह्य बनाते थे। अब जो नग्न सत्य है उसे हम जानते हैं। युद्ध में सिवाय पशुबल के कोई नियम नहीं होता। परमाणु बम ने 'मित्र शक्तियों' को खोखली विजय दिलाई, लेकिन उसके परिणामस्वरूप कुछ काल के लिए जापान की आत्मा की ही हत्या हो गई है। संहारक राष्ट्र की आत्मा का क्या हुआ है उसे देखने का समय अभी नहीं आया है। (परमाणु और अहिंसा, हरिजन, सात जुलाई 1946)।

नार्वे के समाजशास्त्री योहान गाल्तुंग का कहना है कि हिंसा तीन तरह की होती है। एक प्रत्यक्ष हिंसा, दूसरी संरचनात्मक हिंसा और तीसरी सांस्कृतिक हिंसा। इनमें से बाद की दो किस्म की हिंसा अदृश्य रहती हैं, लेकिन वे अधिक शक्तिशाली होती हैं। वे हिंसा दूर करने के लिए विवाद के समाधान की बजाय विवाद के रूपांतरण की बात करते हैं। विवाद का समाधान अस्थायी होता है, जबकि विवाद का रूपांतरण समस्या की जड़ तक जाकर उसका हल करना होता है।

मानव सभ्यता की प्रगति के साथ युद्ध के विरोध की एक चेतना निर्मित हुई है, लेकिन इक्कीसवीं सदी में जिस तरह विचार शून्यता, बड़बोले नेतृत्व और खतरनाक हथियारों की निर्मिति हुई है उससे फिर एक बार युद्ध का डंका बजना तेज हो गया है। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' के गठन के साथ अमेरिकी विश्वविद्यालयों में सैन्य शास्त्र के प्रोफेसरों की जरूरत पर प्रश्न चिह्न लग गया था, आजकल सैन्य विशेषज्ञों की ही धूम मची है। ऐसे में अगर मानव को अपनी सभ्यता का 'शांतिपर्व' स्थापित करना है तो एक ऐसे समाज की कल्पना करनी होगी जो अहिंसक हो और हत्याविहीन हो। एक ऐसी विश्व व्यवस्था हो जो समस्याओं की जड़ में जाकर विवादों का रूपांतरण करे।

यह तभी हो सकता है जब शांति और अहिंसा वाली अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था निर्मित हो जो राष्ट्रीय संप्रभुता के हिंसक रूप और राजनेताओं के विजय के अहंकार का शमन करे और शांति को एक वैश्विक मूल्य के रूप में पोषित करे। 16 अप्रैल 1953 को समाचार संपादकों द्वारा अमेरिकी समाज को दिया गया वह संबोधन उल्लेखनीय है कि 'प्रत्येक बंदूक जिसका कि निर्माण हुआ है, प्रत्येक युद्धपोत जिसका कि जलावतरण हुआ है तथा प्रत्येक रॉकेट जिसको कि छोड़ा गया है, अंतिम अर्थ में उनसे चोरी है जो भूखे हैं, जिन्हें भोजन नहीं कराया गया है तथा वे जो युद्ध से प्रभावित हैं और जिनके पास वस्त्र नहीं है।'



# ललित सुरजन की कलम से

## स्वास्थ्य सेवाओं की दुर्गति-2

*'यह लाख टके का सवाल है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में, शासकीय अस्पतालों में, यहां तक कि एम्स जैसे संस्थान में डॉक्टरों का टोटा क्यों पड़ जाता है। मुख्यत: यह स्थिति विगत पच्चीस-तीस वर्ष के भीतर बनी। ऐसा नहीं है कि उसके पहले प्राईवेट प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टर नहीं थे। लेकिन उनकी संख्या बहुत कम होती थी और वे अक्सर बस्ती के धनाढ्य परिवारों का ही इलाज करते थे। यद्यपि पास-पड़ोस के लोग भी उनके पास इलाज के लिए पहुंच जाते थे। इन निजी चिकित्सकों पर मरीजों को लूटने का आरोप भी शायद ही कभी लगा हो। एकाध-दो अपवाद तो हर जगह होते हैं। आम तौर पर जनता सरकारी अस्पताल का ही उपयोग करती थी और वहां के डॉक्टरों को समाज में यथेष्ट सम्मान मिलता था। इसकी सबसे बड़ी वजह थी कि मंत्री, संसद सदस्य, विधायक, संभागायुक्त, जिलाधीश भी अपना और अपने परिवार का इलाज सरकारी अस्पताल के डॉक्टर से करवाने को प्राथमिकता देते थे। जब शासन-प्रशासन के कर्णधार सरकारी अस्पताल में आएंगे तो स्वाभाविक ही वहां की व्यवस्था चाक-चौबंद होगी और डॉक्टर अपने कर्तव्य के प्रति पूरी तरह मुस्तैद।'*

**( देशबन्धु में 27 जुलाई 2017 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/08/2.html

### पावन प्रसंग

## कुसंगति से बच्चों को रखिए दूर

बच्चों के मानस तथा संस्कार निर्माण के निर्धारक तत्वों में उनकी संगति की विशेष भूमिका होती है। मित्र मंडली की प्रत्येक बच्चे के मन व आचरण पर अमिट छाप स्पष्ट देखी जा सकती है। विशेषकर पांच वर्ष की आयु के बाद से पंद्रह सोलह वर्ष की वय तक बच्चे संगति के प्रभाव के प्रति बहुत अधिक खुले तथा संवेदनशील रहते हैं। इसलिए इस वय-वर्ग में अपने बच्चों की सुसंगति का विशेष ध्यान रखना हर अभिभावक के लिए अत्यंत आवश्यक है। आदतों, विचार-प्रक्रियाओं तथा नैतिक मूल्यों के दृढ़ीकरण की यही अवधि है।

आज की एक अत्यंत विषम समस्या यह है कि हम बुरे लोगों के द्वारा निरंतर फेंके जाने वाले दुष्प्रभाव से अपने बच्चों की रक्षा कैसे करें ? वयस्क व्यक्ति तो समझदार भी होते हैं, अपना भला-बुरा सोच भी सकते हैं, पर बच्चों में यह बुद्धि भी ठीक तरह विकसित नहीं हो पाती। उनके लिए कुसंग विष की तरह घातक सिद्ध होता है। कितने ही लड़के घर रहते हुए भी आवारागर्दी में दिन बिताते हैं। दूसरे आवारा लड़कों का साथ ही इसका प्रमुख कारण होता है। असंतोष उत्पन्न करने वालों, कलह भड़काने वालों, निराशा एवं खिन्नता उत्पन्न करने वालों के तौर-तरीके ऐसे होते हैं, जिनके कारण बने घर बिगड़ते देखे गए हैं। बिच्छू और कांतर से जिस प्रकार सावधान रहा जाता है, उसी प्रकार कुसंग से भी बचाव रखा जाना चाहिए।

पौधे खाद-पानी और प्रकाश पाकर ही भली भांति बढ़ते पनपते हैं। भली और बुरी, दोनों ही प्रकार की प्रवृत्तियों की संभावना हर बच्चे में विद्यमान होती हैं। उनमें से जब जिस प्रवृत्ति को प्रकाश, पोषण एवं प्रोत्साहन प्राप्त होता है, वह ही तेजी से बढ़ने लगती है। जो प्रवृत्तियां, सुअवसर तथा सुसेवा से वंचित रहती हैं, वे मुरझाती रहती हैं।

बच्चे उत्साह की प्रतिमूर्ति होते हैं। विशेषकर किशोरावस्था में तो नए-नए शक्ति स्रोत भीतर से उमड़ते रहते हैं और संवेदना का दायरा भी नित्य बढ़ता रहता है। समकालीन संस्कार की जानने-समझने की जिज्ञासा प्रचंडतर होती जाती है। अत: इस स्थिति में यदि उन्हें सही मार्गदर्शन सुलभ नहीं हुआ, तो वे उसकी प्रतीक्षा में रुके बैठे नहीं रह सकते।

यह सदा स्मरण रखना चाहिए कि बच्चा खालीपन नहीं सह सकता। उसे व्यस्तता चाहिए। यदि यह व्यस्तता उसे अभिभावक नहीं दे सके, तो वह स्वयं ही अपनी व्यस्तता के अनेक मार्ग अपने ढंग से ढूँढ़ लेता है। इसीलिए मात्र निषेधात्मक वर्जना से बात बनेगी नहीं। बच्चे को यदि सचमुच कुसंगति से बचाना है तो उसे अच्छी संगति सुलभ कराने की विधेयात्मक व्यवस्था भी करनी होगी; अन्यथा उसका दुष्प्रवृत्तियों में फँसते जाना और अंतत: अपराधी बन जाना अस्वाभाविक नहीं।

गाली देना, आलस्य में पड़े रहना, ताश, शतरंज, चौपड़, कैरम आदि में वक्त बरबाद करना, बढ़-चढ़कर शेखी मारना, फैशन बनाना आदि कितनी ही बातें ऐसी हैं, जो यार-दोस्तों के द्वारा ही उपहार में मिलती हैं। जिनके साथ दोस्ती होती है, उनकी आदतों के साथ भी दोस्ती बढ़ने लगती है। उनकी इच्छा, अनुरोध एवं प्रवृत्ति के साथ-साथ चलने से दोस्ती पक्की होती दीखती है। इसीलिए संपर्क में आने वाले उसके गुण-दोषों को भी सीख लेते हैं। बच्चे को तो साथी की सभी विशेषताएं आकर्षक ही प्रतीत होती हैं। गुण-दोष की विवेचना तथा प्रवृत्तियों के परिणाम विचार की परिपक्वता उसमें कहां? व्यभिचार आमतौर से ऐसे ही पनपता है।

आरंभिक जीवन में हर कोई सदाचारी होता है। विशेषतया व्यभिचार संबंधी पाप से हर किसी को बहुत डर लगता है, क्योंकि हमारी धार्मिक और सामाजिक मान्यताएं इसका बहुत विरोध करती हैं। धार्मिक और सामाजिक, दोनों ही प्रकार के भय, संकोच एवं लज्जा के कारण मनोविकार रहते हुए भी इस कुमार्ग पर सहसा कदम उठा सकना कठिन होता है, पर कुसंग में झिझक छूट जाती है।

**-युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## पुरस्कारों का सौदा: साहित्य के बाज़ार में बिकती संवेदनाएं

साहित्य, आत्मा की पुकार है। वह सर्जक की साधना का फल होता है — तप, त्याग और संवेदना की अभिव्यक्ति। लेकिन आज, जब हम चारों ओर नज़र डालते हैं, तो पाते हैं कि यह साधना अब 'सहयोग राशि' और 'नामांकन शुल्क' की दुकान पर बिक रही है। पुरस्कार अब साधना की स्वीकृति नहीं, पैसे की नीलामी हो गए हैं। ऐसे में प्रश्न उठना स्वाभाविक है क्या सचमुच साहित्य का मूल्य अब बैंक ट्रांजैक्शन से तय होगा?

आजकल सोशल मीडिया, व्हाट्सएप और मेल पर साहित्यिक आयोजनों के नाम पर संदेश आते हैं 'सिर्फ 1000 में नामित हों, 2500 में पुरस्कार पाएं।' कुछ तथाकथित संस्थाएं और व्यक्ति 'राष्ट्रीय', 'अंतरराष्ट्रीय', 'गौरव', 'रत्न' जैसे भारी-भरकम शब्दों से सजे पुरस्कारों का जाल बिछाकर साहित्यप्रेमियों को लुभाते हैं। सच्चाई यह है कि पुरस्कार नहीं, सम्मान की नीलामी हो रही है। इन आयोजनों के अधिकांश आयोजक एक जैसी वेबसाइटें, नकली अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के नाम और सोशल मीडिया प्रचार का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित करते हैं। वे एक निश्चित शुल्क लेकर एक ट्रॉफी, सर्टिफिकेट और कभी-कभी एक ऑनलाइन समारोह की व्यवस्था करते हैं, जो केवल आत्मप्रशंसा का साधन होता है, न कि वास्तविक मान्यता।

इन आयोजनों के पीछे अक्सर एक चतुर चाल होती है इसे 'सहयोग राशि' या 'प्रेस रिलीज़ खर्च' कहकर नैतिक जामा पहनाया जाता है। पुरस्कार एक साधक को उसके योगदान पर दिया जाना चाहिए, न कि उसकी जेब देखकर। जब कोई लेखक अपनी मेहनत से एक रचना गढ़ता है, वह अपने समय, जीवन और संवेदना का अंश उसमें उड़ेलता है।

सच्चा साहित्यकार पुरस्कार के लिए नहीं, समाज के लिए लिखता है। वह पुरस्कार के पीछे नहीं भागता, पुरस्कार उसकी साधना के पीछे भागते हैं। आज ज़रूरत है ऐसे छलछंद को उजागर करने की, जो साहित्य को सिर्फ एक 'सेल्फी इवेंट' बना रहे हैं। 'पुरस्कारों की गारंटी' देने वाले लोग दरअसल साहित्य की आत्मा के हत्यारे हैं। ऐसे पुरस्कारों से न केवल साहित्यिक गरिमा घटती है, बल्कि युवा लेखकों को एक गलत प्रेरणा मिलती है कि रचना से अधिक महत्वपूर्ण है, उसकी मार्केटिंग और भुगतान। समाज को सजग बनाइए, बहिष्कार कीजिए। अब समय आ गया है कि हम ऐसे आयोजनों का बहिष्कार करें, पैसे लेकर पुरस्कार बेचने वालों का सामाजिक पर्दाफाश करें, सोशल मीडिया और पत्रिकाओं में इनके नाम उजागर करें, सच्चे साहित्यकारों और पाठकों के बीच चेतना फैलाएं, साहित्य को आत्मा की अभिव्यक्ति बनाए रखें, उसकी बोली न लगने दें।

हम यह नहीं कह रहे कि पुरस्कार न दिए जाएं बल्कि पुरस्कार तपस्वी लेखकों की साधना की स्वीकृति होनी चाहिए, न कि किसी भुगतान का रसीद। भाषा की गरिमा बचानी है तो ऐसे नकली संस्थानों से मुक्ति पानी होगी। साहित्य कोई काजल की कोठरी नहीं कि कोई भी चला आए, काजल लगा ले और चला जाए। यह साधना है, सेवा है, संघर्ष है। साहित्य की दुनिया में यह जो बनावटी रोशनी जगाई जा रही है, वह दरअसल एक अंधेरा है आत्मा से दूर, पैसे के करीब। सच्चे लेखक और पाठक ही मिलकर इस अंधकार को मिटा सकते हैं।

हम साहित्य के उस युग में प्रवेश कर रहे हैं जहाँ आत्मा से अधिक महत्वपूर्ण पुरस्कारों का बायोडेटा हो गया है। आवश्यकता है उस धैर्य, विवेक और विवेचना की जो सच्चे रचनाकार को भीतर से मजबूत करे। ऐसे माहौल में सच्चे साहित्यकारों का मौन अपराध होगा। वे ही यदि इन नकली मंचों को अस्वीकार करेंगे, तभी मूल्यों की पुनर्स्थापना संभव होगी।

यह सिर्फ बहिष्कार नहीं, एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण की शुरुआत है जहाँ पुरस्कार नहीं, विचारों की गूंज महत्वपूर्ण होगी। साहित्य की साधना को बचाने का यही समय है। आज नहीं बोले, तो कल शायद भाषा ही नहीं बचेगी, जिसके सहारे हम यह लेख लिख रहे हैं।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
सोमवार,9 जून 2025

उल्टा पुल्टा

गांव से एक लड़का शहर पढ़ने आया. एक लड़की ने पूछा- तुम्हारा निकनेम क्या है?
लड़का- हैं?
वो क्या होता है?
लड़की- मतलब तुम्हें घर पर सब किस नाम से बुलाते हैं?
लड़का- कामचोर!

# अरपा चेक डेम में डूबते दोस्त को बचाने कूदा युवक, 15 घंटे बाद मिली दोनों की लाश



**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। अरपा चेक डैम में डूबते हुए दोस्त को बचाने लिए युवक डेम कूद गया।फलस्वरूप दोनों दोस्त की मौत हो गई। दोनों की लाश करीब 15 घंटे की मशक्कत के बाद मिल पाई। दोनों दोस्त एक-दूसरे को बचाने की कोशिश में मौत की गहराई में समा गए। एक युवक को पानी में डूबते देख दूसरे दोस्त ने बिना कुछ सोचे-समझे उसे बचाने के लिए छलांग लगा दी, लेकिन दुर्भाग्यवश दोनों की ही जान चली गई। घटना के करीब 15 घंटे बाद आज सुबह दोनों युवकों के शव बरामद हो पाया।

घटना के संबंध में तोरवा पुलिस ने बताया कि टिकरापारा निवासी 22 वर्षीय ऋषभ कश्यप अपने दोस्त 24 वर्षीय अभिजीत तिर्की के साथ शनिवार की शाम करीब 6 बजे अरपा चेक डैम के पास बैठे थे। इसी दौरान अभिजीत का पैर कीचड़ में धंस गया। कीचड़ धोने के लिए वह डैम के नीचे उतरा और पैर फिसलने के कारण अभिजीत पानी में गिर गया। उसे डूबते हुए देखकर ऋषभ ने बचाने के प्रयास में पानी में छलांग लगा दी, जिससे दोनों युवक पानी की गहराई में डूब गए। वहां मौजूद ग्रामीणों ने दोनों युवकों को डूबते हुए देखकर पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही तोरवा पुलिस देर रात मौके पर पहुंची। साथ ही गोताखोरों की टीम भी आई। पुलिस और गोताखोरों की टीम ने मिलकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद रात होने के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन बंद किया गया।

आज सुबह फिर से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। इस दौरान कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने पहले ऋषभ कश्यप की लाश को रिकवर किया, और उसके कुछ देर बाद दोपहर में दूसरे युवक अभिजीत तिर्की की भी लाश बरामद की गई। इस दुखद घटना ने अरपा चेक डैम पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या यह सिर्फ एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा था, या डैम के आसपास सुरक्षा मानकों की कमी ने इन दो जिंदगियों को लील लिया? पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, ताकि घटना के पीछे की पूरी सच्चाई सामने आ सके।

## संपादकीय

### सम्बन्धों की जटिलता को समझें

*रुढ़िगत ब्याह के अलावा स्त्री-पुरुष मित्रता, प्रेम विवाह, रिलेशनशिप या लिव-इन-रिलेशन आधुनिक जीवन शैली के हिस्से हैं। कुछ अरसा पहले तक इसका होने वाला विरोध शनैः शनैः घट रहा है। चाहे ये पूर्णतः स्वीकार्य न हुए हों परन्तु उसके सामाजिक जीवन प्रणाली में होने से कोई इंकार नहीं कर सकता। महिला-पुरुष के बीच नैसर्गिक आकर्षण तथा एक तरह से साथ रहने की अनिवार्यता से परम्परागत शादियों के अलावा प्रेम विवाह, रिलेशनशिप तथा लिव-इन बढ़ रहे हैं।*

*अब यह कानूनन स्वीकृत है। हालांकि कुछ राज्य सरकारों में इस सम्बन्ध में कतिपय कानूनी शर्तें हैं। आंशिक तौर पर सामाजिक व कानूनी स्वीकार्यता के चलते देश भर में अनगिनत जोड़े इस तरह के सम्बन्धों के तहत जीवन गुजारते हैं। जहां तक शादी को बात करें तो अपवादों को छोड़कर उनमें बड़े पेंच नहीं होते लेकिन कई बार अन्य तरह के रिश्ते अप्रिय मोड़ ले लेते हैं।*

*शादी हो या प्रेम सम्बन्ध अथवा लिव-इन का अंत कई बार बहुत दुखद होता है। स्पष्ट कर दिया जाये कि यहां इसका विरोध नहीं हो रहा है। ऐसी कई वारदातें होती हैं जो बतलाती हैं कि इनमें शामिल लोग मानसिक तनाव को झेल नहीं पाते। वे उनमें उलझ जाते हैं जो ऐसे सम्बन्धों के कारण बनते हैं। यह विगत महीने की ही घटना है। रायपुर की पुरानी बस्ती में आरती हनोतवाल (23 वर्ष) व कृष्णा साहू पिछले कुछ समय से रायपुर के पुरानी बस्ती इलाके में लिली चौक स्थित एक मकान में किराये से लिव-इन में रह रहे थे। सुबह जब दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक ने पाया कि आरती का शव फंदे से लटका हुआ है। कृष्णा बागेश्वर धाम गया हुआ था। यह सम्बन्धों में आई उलझन का मामला लगता है। ऐसे ही, मूलतः भिलाई की और रायपुर के अमलीडीह में किराये के फ्लैट में रहती जसविंदर कौर ढिल्लों नामक युवती अपने दो प्रेमियों तथा बिजनेस पार्टनर के सामने ही 6वीं मंजिल से कूद गयी। उसकी तत्काल मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।*

*कोरबा में ब्रेकअप से नाराज एक युवक ने पूर्व प्रेमिका को चाकू मारकर घायल कर दिया।*

*अक्सर पाया जाता है कि साथ-साथ रहने वाले जोड़ों के सम्बन्ध खराब हो जाते हैं जिसका परिणाम त्रासदीपूर्ण होता है। कोई आत्महत्या तो कोई अपने पार्टनर की हत्या करता है। कई बार वर्षों साथ रहने वाले सम्बन्ध बिगड़ते ही एक दूसरे पर गम्भीर आरोप लगाते हैं। परम्परागत विवाह हो या प्रेम, मित्रता हो अथवा रिलेशनशिप- इस तरह के सम्बन्धों में स्पष्टता रहनी आवश्यक है क्योंकि भारतीय समाज के लिहाज से ये अब भी दुरुह किस्म के रिश्ते होते हैं। उन्हें यह ज्ञात होना चाहिये कि कितना आगे बढ़ना है और अपने सम्बन्धों को कहां तक ले जाना है। ऐसा न होने पर उसके अंजाम दुखद होते हैं।*

## शादी का झांसा दे युवती का दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। शादी का झांसा देकर युवती का दैहिक शोषण करने वाले आरोपी को सरकंडा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थीया ने शनिवार को सरकंडा थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई कि इसका जान पहचान अमित कांत के साथ है, जिससे मोबाईल से बातचीत करते थे जो तुम्हे पसंद करता हूं कहते हुये शादी करने का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाकर दैहिक शोषण किया है, अब शादी करने से इन्कार कर रहा है, प्रार्थिया के उक्त रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया, घटना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर अति0 पुलिस (शहर), बिलासपुर राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा सिद्धार्थ बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सरकंडा निरीक्षक निलेश पाण्डेय के नेतृत्व में टीम तैयार कर आरोपी अमित कांत को रिपोर्ट के महज 12 घंटों के भीतर विधिवत् गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



### विसंगति पूर्ण युक्तियुक्तकरण को निराकरण करने की मांग को लेकर आवश्यक बैठक

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला शाखा अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में शिक्षकों की युक्तियुक्तकरण नहीं किया जाकर त्रुटि पूर्ण कार्यवाही की जा रही है, जिससे अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं प्रभावित हो हुए हैं, समस्या ग्रस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं आज पूर्ण दस्तावेज के साथ बैठक मे उपस्थित होकर संघ को अवगत कराया कि विभाग द्वारा वरिष्ठ शिक्षकों को अतिशेष करना, बिना दावा आपत्ती प्राप्त किये काउंसलिंग किया जाना, जिले के अंतर्गत रिक्त पदों की पूरी जानकारी को नहीं दर्शाना तथा दूसरे दिन संभाग स्तरीय काउंसलिंग मे उसी ब्लॉक एवं जिले में ही रिक्त दर्शाना, शासन द्वारा सेजस स्कूल को युक्तियुक्तकरण से बाहर रखा गया है फिर भी प्रधान पाठक एवं सहायक शिक्षकों का पद स्थापना की गई है, एवं एकल शिक्षकीय प्रधान पाठक को अतिशेष की सूची में लाया गया तथा दूसरे स्कूल पदस्थापना की गई आदि शामिल है जिससे शासन के दिशा निर्देश का स्पष्ट रूप से उल्लंघन हुआ है बैठक में इस सभी पहलुओं पर आवश्यक विचार विमर्शकर निर्णय लिया गया है कि सभी प्रभावित शिक्षक कलेक्टर को यथाशीघ्र कार्यवाही करने के लिए अनुरोध करें निराकरण नहीं होने की स्थिति में बाध्य होकर उच्च न्यायालय में याचिका दायर किया जाएगा। आज की बैठक में जी आर चंद्रा, पी आर यादव रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, हिमाचल साहू, प्रशांत कोनहेर, राजेश वस्त्रकार, नरेंद्र त्रिपाठी, योगेश तिवारी, रोहित भांगे, आदि पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे।

### धारदार हथियार लहराकर आने जाने वाले लोगों को भयभीत करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**आरोपी के कब्जे से धारदार तलवार जब्त**

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। जिले के पचपेड़ी पुलिस को पेट्रोलिंग भ्रमण के दौरान रविवार को सूचना मिली कि ग्राम लोहर्सी में आम जगह में एक व्यक्ति लोहे का तलवार रखकर लहराते हुये आने-जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है, उक्त सूचना के संबंध में त्वरित कार्रवाई करते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं एसडीओपी मस्तूरी लालचंद मोहल्ले को अवगत कराया जाकर उनके मार्ग दर्शन एवं प्रभारी श्रवण कुमार टंडन के निर्देशन में टीम तैयार कर मौके पर भेजा गया जिनके द्वारा घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपी आशीष कुमार साहू के कब्जे से धारदार तलवार बरामद कर आर्म्स एक्ट के प्रावधानों के तहत् कार्यवाही कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी श्रवण कुमार टंडन ,प्रधान आरक्षक तेजकुमार रात्रे,आरक्षक हरिशंकर चंद्रा , का विशेष योगदान रहा।

## शासकीय कार्य में बाधा डाल जान से मारने की धमकी दे मारपीट करने वाले फरार दो आरोपी पकड़ाए



**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। चेतना अभियान के तहत सभी अपराधो पर नियंत्रण के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। एक जून को प्रार्थी विवेक देवांगन परिक्षेत्र अधिकारी कोटा ने थाना कोटा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 01.जून. को ग्राम सेमरिया में अवैध रूप से कुछ व्यक्ति सागौन लकड़ी की तस्करी कर रहे की सूचना पर वन विभाग की टीम के द्वारा छापामारी की कार्यवाही के दौरान आरोपियों के द्वारा गली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाला गया है कि रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया गया है।

जिस पर निर्देशानुसार श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन पर फरार आरोपियों 01. दिनेश ध्रुव पिता अंधियार सिंह उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया थाना कोटा 02. नील कुमार घृतलहरे पिता मोहित राम उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बांधा थाना तखतपुर को विधिवत गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। विदित है कि पूर्व में 02 आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक तोपसिंह नवरंग, सहायक उप निरीक्षक ओंकार बंजारे, आरक्षक 1056 भोप साहू, का विशेष भूमिका रही।

**आरोपी-** दिनेश ध्रुव पिता अंधियार सिंह ध्रुव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम सेमरिया थाना कोटा। नील कुमार घृतलहरे पिता मोहित राम उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बाँधा थाना तखतपुर जिला बिलासपुर (छ. ग.)।

# फिर रपटा से चांटीडीह सब्जी मंडी तक निगम अमले ने चलाया बुलडोजर

### विरोध में सामने आई महिलाएं, चबूतरा दिलाने और शराब भट्ठी हटवाने की मांग को लेकर लगाए नारे





**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। ज्वाली पुल रोड और लिंगियाडीह में तोड़फोड़ की कार्रवाई से मचे बवाल के बाद शांत पड़े नगर निगम प्रशासन ने रविवार को चाटीडीह रपटा से लेकर सब्जी मंडी तक सड़क के दायरे में आ रहे ठेले टपरों को हटा और ढहा दिया।

सब्जी विक्रेता महिलाओ ने निगम के अफसरों को घेरकर जमकर नारेबाजी करते हुए चबूतरा देने और शराब भट्टी हटाने की मांग को लेकर जमकर हल्ला बोला। अफसरों ने जिन लोगो के पास रसीद है और जो सब्जी बेचने का काम करते है उन्हें पीछे चबूतरा बनाकर देने और शराब भट्टी को हटवाने उचित कार्रवाई करने की बात कही।

सुबह 5 बजे से अमले, एक्सीवेटर और डंपर का काफिला पहुँचने से चांटीडीह सब्जी मंडी और आसपास का माहौल गर्मा गया, पता चलते ही कारोबारी भी पहुँच गए और एमआईसी सदस्य बन्धु मौर्य को भी कॉल कर बुला लिया। जैसे ही टपरों पर बुलडोजर चला सब्जी विक्रेता महिलाओ ने कार्रवाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की पर अमले ने चांटीडीह रपटा से लेकर साइंस कॉलेज बम्हर मोड़ तक सड़क के दायरे में आ रहे ठेला टप्पर, टपरी को ढहा दिया।

अफसरों और एमआईसी सदस्य ने उन्हें आश्वश्त किया कि उन्हें पीछे बाजार में चबूतरा बनाकर दिया जाएगा। एमआईसी सदस्य ने भी शराब भट्टी को यहाँ से हटाने की मांग का समर्थन कर उचित कार्रवाई की बात कही।

निगम आयुक्त अमित कुमार भी मातहत स्टाफ के साथ तोड़फोड़ की कार्रवाई का जायजा लेने मौके पर पहुँचे, उन्होंने अफसरो को सड़क के दायरे में आ रहे निर्माणा को हटवाकर सीधी सड़क बनवाने निर्देश दिए।

# यात्रा से पूर्व ट्रेनों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए एनटीईएस का करें उपयोग

### प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों की अनावश्यक प्रतीक्षा से बचने के लिए मोबाइल पर ही पाएं ट्रेनों की वास्तविक स्थिति की जानकारी




**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। नेशनल ट्रेन इन्क्वायरी सिस्टम (एनटीईएस) भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की गई एक ऑनलाइन सेवा है, जिसके माध्यम से यात्री देशभर में चल रही ट्रेनों की वास्तविक स्थिति ङ्क जैसे आगमन, प्रस्थान, देरी, रद्दीकरण, मार्ग परिवर्तन आदि की जानकारी रियल टाइम में प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा वेबसाइट के साथ-साथ मोबाइल ऐप के रूप में भी उपलब्ध है। एनटीईएस ऐप गूगल प्ले स्टोर पर नि:शुल्क डाउनलोड के लिए उपलब्ध है और यह यात्रियों के लिए एक भरोसेमंद सहायक बन गया है।

वर्तमान में दक्षिण पूर्व रेलवे सहित देश के कई रेलवे ज़ोन में आवश्यक रखरखाव एवं अधोसंरचना विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण कुछ ट्रेनें अपने प्रारंभिक स्टेशनों से ही विलंब से चल रही हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने नेटवर्क में ट्रेनों के संचालन को यथासंभव समयबद्ध बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है। जैसे ही ट्रेनें कटनी, नागपुर, झारसुगुड़ा, लखोली जैसे प्रमुख रिसीविंग स्टेशनों पर इंटर होती हैं, उनका परिचालन बेहतर तरीके से संचालित करने का प्रयास किया जाता है। यात्रीगण अपनी यात्रा के लिए स्टेशन आने से पहले एनटीईएस ऐप या वेबसाइट के माध्यम से अपनी ट्रेन की वास्तविक स्थिति अवश्य जांच लें, इससे असुविधा एवं अनावश्यक रूप से प्लेटफॉर्म पर देर तक प्रतीक्षा करने से बचा जा सकेगा।

हालांकि रेलवे द्वारा यात्रियों को ट्रेनों की स्थिति की सूचना उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भेजी जाती है, साथ ही स्टेशनों पर पैसेंजर एनाउंस सिस्टम के माध्यम से भी नियमित उद्घोषणा भी की जाती है। एनटीईएस का उपयोग यात्रियों की यात्रा को और अधिक सुविधाजनक, समयबद्ध और सटीक बनाता है।

## नाबालिग़ बालिका का अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी राजस्थान में पकड़ाया



**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। प्रार्थिया ने 23.दिसंबर .2024 को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थिया की छोटी बेटी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगा कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। जिस पर अपहृत बालिका एवं अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु साइबर टीम एवं कोटा पुलिस के सामंजस्य से अपहृत बालिका का राजस्थान में होने की सूचना प्राप्त किया गया। जिस पर निर्देशानुसार श्रीमती अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन कर राजस्थान के लिए रवाना किया गया है , जहां से अपहृत नाबालिक बालिका को आरोपी सुमित साहू पिता भागवत साहू उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 डोंगरीपारा करगी रोड कोटा थाना कोटा के कब्जे से बरामद किया गया। जिन्हें ससुरक्षार्थ थाना कोटा लाकर आरोपी सुमित साहू पिता भागवत साहू उम्र 20 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 09 डोंगरीपारा करगी रोड कोटा थाना कोटा जिला बिलासपुर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक तोपसिंह नवरंग, प्रधान आरक्षक 986 पंकज राय, आरक्षक 1216 महादेव कुजूर, आरक्षक 1256 नंद कुमार यादव का विशेष भूमिका रही।

# विवाद के बाद भाजपा नेत्री ने थाना के सामने किसान को पीटा

### गाली देने के अंदाज पर हैरान हुए लोग

कोरबा-बांकीमोंगरा, 08 जून (देशबन्धु)। किसान के साथ हुए विवाद के बाद एक भाजपा नेत्री इस कदर नाराज हो गई कि उसने पुलिस थाना के सामने न केवल उससे मारपीट की बल्कि बुरी तरह से गालियां भी दी। पूरे घटनाक्रम के दौरान लोग तमाशबीन बने रहे। इस प्रकरण में पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की है।

कोरबा जिले के बांकीमोंगरा क्षेत्र में यह घटना हुई। खबर के अनुसार यहां भाजपा नेत्री ज्योति महंत द्वारा बरेडीमुड़ा के किसान से मारपीट कर गाली-गलौच की गई। बताया गया कि भाजपा नेत्री ने इसी इलाके के एक किसान पर घूंसे बरसाए। इसके अलावा उससे गंदे शब्दों में बात की गई। बरेड़ीमुड़ा निवासी आदिवासी किसान



बलवान सिंह ने बताया कि वह अपने बैल को लेकर आ रहा था कि इस दौरान भाजपा नेत्री भी अपने कार से जा रही थी। किसान बैल को लाते वक्त मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था और उसने सामने वाले को जिससे बात कर रहा था उसे गाली भी दिया लेकिन भाजपा नेत्री ने इस गाली को अपने ऊपर ले लिया। इसके बाद उसके साथ थाना के सामने मारपीट की गई।

### दोषी पर कार्रवाई की मांग की विधायक राठिया ने

रामपुर क्षेत्र के कांग्रेस विधायक फूल सिंह राठिया ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले में नाराजगी जताई है और सवाल उठाया है कि कोरबा जिले में पुलिस क्या कर रही है। विधायक ने इस मामले को आगामी दिनों में विधानसभा सत्र में उठाने की भी बात पत्र में लिखी है। जिस अंदाज में यह घटना पुलिस थाना के सामने हुई है और उसमें भाजपा नेत्री ने जो अंदाज दिखाया है उसने प्रत्यक्षदर्शियों के साथ-साथ अन्य लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# 5 वाहन के साथ 1.7 टन कबाड़ जप्त, 4 गिरफ्तार



कोरबा-दीपका, 08 जून (देशबन्धु)। दीपका पुलिस ने अवैध कबाड़ पर बड़ी कार्यवाही करते हुए मलगांव क्षेत्र में छापेमारी कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पांच वाहनों से लगभग 1.7 टन अवैध कबाड़ जब्त किया गया है। जिसमें लोहे के सरिया, ऑक्सीजन और एलपीजी सिलेंडर, कटिंग सेट और अन्य उपकरण शामिल हैं।

दीपका पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मलगांव में कुछ अज्ञात व्यक्ति चोरी के लोहे के सरिया और कबाड़ को पिकअप, ऑटो और अन्य वाहनों से परिवहन कर रहे हैं।

त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मलगांव में दबिश दी, जहां पांच वाहनों से बड़ी मात्रा में अवैध कबाड़ बरामद हुआ। जब्त सामग्री में ऑटो सीजी-12एस-4328 से 300 किलोग्राम, टाटा एस सीजी-12एस-2328 से 400 किलोग्राम, टाटा एस सीजी-12बीएम-5032 से 600 किलोग्राम, पिकअप सीजी-12बीजी-1958 से 400 किलोग्राम लोहे का सरिया, और टाटा एस सीजी-12बीके-8946 से दो ऑक्सीजन सिलेंडर, एक एलपीजी सिलेंडर, कटिंग सेट, होस पाइप, नोजल और हैंड कटिंग उपकरण शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों में विकास राय 21 वर्ष, बाबा प्रसाद 27 वर्ष, नंद नायडू 25 वर्ष और बलराम यादव 37 वर्ष शामिल हैं, जो सभी सर्वमंगला रोड और रामसागर पारा, कोरबा के निवासी हैं। थाना दीपका में इस्तगासा क्रमांक 08-11/2025 धारा 106 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस ने अवैध कबाड़ कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अपनी कार्रवाई को और तेज करने की बात कही है।

## सार-संक्षेप

### गरूड़ नगर के पास पलटी थार वाहन, पुलिस कर रही जांच



कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। गेवरा कोलफील्ड्स के गरुड़ नगर कॉलोनी के पास देर रात एक नई थार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। यह हादसा सेंटर वर्कशॉप रोड पर हुआ, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय राहगीरों का कहना है कि हादसा देर रात हुआ। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि कार में कितने लोग सवार थे और कौन-कौन घायल हुए हैं। लेकिन घटना की सूचना मिलते ही दीपका पुलिस मौके पर पहुंच गई है और जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जिस थार से हादसा हुआ है, वह हाल ही में खरीदी गई लग रही है। लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि संभवत: चालक नशे में था, हालांकि पुलिस ने इसकी पुष्टि नहीं की है। फिलहाल पुलिस हादसे की पूरी जानकारी जुटा रही है। दीपिका पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे तेज रफ्तार से वाहन न चलाएं, ड्राइविंग के दौरान पूरी सावधानी बरतें और रात में विशेष सतर्कता रखें।

### देवांगन समाज के सामुदायिक भवन का मेयर ने किया लोकार्पण



कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। देवांगन समाज के सामुदायिक भवन का महापौर संजू देवी राजपूत ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन समेत देवांगन समाज के सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

कन्या महाविद्यालय के समीप निर्मित देवांगन समाज के सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में शामिल होने पहुंची कोरबा महापौर संजू देवी राजपूत, प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के भ्राता नरेंद्र देवांगन का उपस्थित लोगों ने आत्मीय स्वागत किया। श्रीमती संजू देवी राजपूत और नरेंद्र देवांगन ने कहा है कि प्रत्येक समाज और जन-जन की सेवा करने का संकल्प लेकर भाजपा की प्रदेश सरकार और हम सब आगे बढ़ रहे हैं। विकास कार्यों की झड़ी लगा दी गई है। जहां जिस भी सुविधा की आवश्यकता है उसे पूर्ण करने का प्रयास किया जाता रहेगा। कार्यक्रम में पार्षद लक्ष्मण श्रीवास, झखेन्द्र देवांगन सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।

### प्रतिभा के दम पर आरोही बनी मिस छत्तीसगढ़

### 29 को कोरबा में मॉडलिंग शो : अंजू




कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। जागृति फाउंडेशन के द्वारा आयोजित सीजी इंडिया सुपर स्टार काम्पीटिशन में आरोही सिंह ने मिस छत्तीसगढ़ का खिताब जीत लिया। वे मिस कैटेगरी में विजेता रही। उन्होंने कहा है कि आगामी दिनों में गरीब प्रतिभाओं को उभारने के लिए काम किया जाएगा।

प्रेस क्लब तिलक भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए आरोही ने बताया कि काफी समय से वह मॉडलिंग के क्षेत्र में सक्रिय है और अब तक कई पुरस्कार जीत चुकी है। अब उन्होंने मिस छत्तीसगढ़ का खिताब प्राप्त किया है। आरोही ने बताया कि उनकी माता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता है। वे स्लम बस्ती से वास्ता रखने के बावजूद अपने टैलेंट के बलौलत आगे बढ़ रही है। आगामी समय में गरीब, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर की प्रतिभाओं के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। फाउंडेशान की प्रमुख अंजू कुर्रे ने बताया कि 29 जून को कोरबा में कार्यक्रम किया जा रहा है। इसमें मॉडलिंग और सिंगिंग से संबंधित प्रतिभाओं को आमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ के बच्चों के लिए उनका संदेश है कि वे दूसरों की प्रतिक्रियाओं पर ध्यान न देते हुए अपना काम करें। उनकी ऐसी ही कोशिश से सफलता प्राप्त होगी और फिर आपको एक अलग पहचान मिलेगी।

# मनरेगा श्रमिकों को अधिकार बताए जल संरक्षण का बताया महत्व




कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत जिले की ग्राम पंचायतों में 7 जून को जागरूकता गतिविधि के रूप में रोजगार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों और पंजीकृत श्रमिकों को मनरेगा के तहत उनके अधिकारों, जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी, और लंबित मजदूरी भुगतान के समाधान की जानकारी दी गई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग के निर्देश पर प्रत्येक माह की 7 तारीख को ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। रोजगार दिवस के दौरान ग्राम पंचायतों में श्रमिकों को मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण और संचयन के लिए बनाई जाने वाली संरचनाओं जैसे सिंचाई कूप, सोखता पिट, और रेन वाटर हार्वेस्टिंग के बारे में बताया गया। श्रमिकों को मनरेगा के तहत उनके अधिकारों जैसे जॉब कार्ड, वर्ष में 100 दिन के रोजगार की मांग, समय पर मजदूरी भुगतान, और सामाजिक अंकेक्षण के बारे में जागरूक किया गया। तकनीकी सहायकों और रोजगार सहायकों ने ग्रामीणों को इन हकदारियों का उपयोग करने और लंबित मजदूरी भुगतान के समाधान के लिए प्रक्रियाओं की जानकारी दी। रोजगार दिवस का आयोजन जिले की कई ग्राम पंचायतों में किया गया, जिनमें महोरा, गिधौरी, नोनबिर्रा, जूनवानी, डोडातराई, दादरकला, नकिया, सरभोका, पोड़ी खुर्द, रतिजा बतरा, पंडरीपानी, देवपहरी, नवागांव कला, देवरी, छुरीखुर्द, मुड़ाली, डोंगरी, चाकाबुड़ा, विरदा, कसईपाली, रामपुर खोडरी, अमलडिहा, सोलवा, मसान, कोथारी, सिरी, कुम्हारीसानी, सलोरा क, और कोडगार रतिजा शामिल हैं। इन आयोजनों में स्थानीय जनप्रतिनिधि, मनरेगा के पंजीकृत श्रमिक, और ग्रामीण उपस्थित थे।

# कौशिल स्कूल की मान्यता बढ़ाने की फाइल रोकी

### इस मामले में शिक्षा विभाग ने की जांच

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। बिना मान्यता के फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेजों के सहारे निजी कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का संचालन करने के संबंध में शिकायत किया गया है। प्रमाणित हुआ है कि मध्यप्रदेश राज्य रहने के दौरान वर्ष 1998 में जारी कथित अनुमति आदेश में बिलासपुर छग लिखा हुआ है। यह कूटरचना को प्रमाणित कर रहा है। शिक्षा विभाग की जांच उपरांत कार्रवाई लम्बित है।

गौरव युवा मण्डल तुलसीनगर कोरबा द्वारा संचालित कौशिल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुलसीनगर का संचालन फर्जी व कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर किया जा हा है। संचालन हेतु मान्यता से संबंधित दस्तावेज जमा करने हेतु कई बार पत्र जारी किया गया किंतु प्रदाय नहीं कर पा रहा है।

शिक्षा विभाग के सूत्रों ने बताया कि मामले में संबंधित जानकारी की कमी से आगामी सत्र में संचालन और मान्यता संबंधी प्रक्रिया रोक दी गई है। इसी प्रकार विद्यालय की ओर से बताया गया था कि एसईसीएल से प्राप्त वर्कशॉप की जमीन पर विद्यालय का संचालन किया जा रहा है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन से पत्राचार करने पर उसके द्वारा ऐसी किसी भी अनुमति से सम्बंधित दस्तावेज अनुपलब्ध है। जानकारी मिली है कि एसईसीएल की ओर से मान्यता और वृद्धि नहीं देने के लिए शिक्षा विभाग को पत्र दिया गया। इस आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी, कोरबा द्वारा सचिव, माध्यमिक शिक्षा




मण्डल पेंशनबाड़ा, रायपुर को एक अन्य पत्र 28 अप्रैल 2025 को प्रेषित कर मान्यता वृद्धि नहीं करने का आग्रह किया गया है। प्रेषित पत्रानुसार-जाँच अधिकारी के समक्ष प्राचार्य अरूण कौशिल के द्वारा लिखित बयान दिया गया है कि कौशिल उ.मा.वि. तुलसीनगर कोरबा को संचालन करने के लिए 10.12.1993 को विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कोरबा (तत्कालीन साडा) द्वारा तुलसी नगर कोरबा में गौरव युवा मण्डल तुलसी नगर कोरबा को नि:शुल्क विद्यालय चलाने की अनुमति दी गई थी। मध्यप्रदेश सरकार ने अपने समय में मान्यता दी थी। उक्त संस्था/स्कूल भवन के संबंध में गौरव युवा मण्डल तुलसीनगर कोरबा के द्वारा एस.ई.सी.एल. की पुराना वर्कशाप में स्कूल संचालित किया जा रहा है।

# बंद रेलवे फाटक को पार किया तो होगी कार्रवाई



कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। रेलवे ने कोरबा क्षेत्र में लोगों की मनमानी को रोकने के लिए ऐलान किया है कि किसी ने भी बंद रेल फाटकों को पार किया या जबरिया दुपहिया को निकालने की कोशिश की तो उन पर पेनाल्टी होगी और रेलवे कोर्ट में मामला भी चलेगा।

रेलवे 9 जून तक अंतराष्ट्रीय समपार फाटक जागरुकता दिवस मना रहा है। जिसके तहत मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन में संरक्षा विभाग, परिचालन विभाग, विद्युत (परिचालन), रेलवे सुरक्षा बल, इंजीयरिंग विभाग, स्काउट गाइड एवं सिविल डिफेंस के टीम ने समपार नहर फाटक, पवन टाकिज फाटक एवं कोरबा रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत आम नागरिकों एवं यात्रियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से समपार फाटक खुले होने की अवस्था में ही पार करने, कभी भी बंद समपार फाटक पर नीचे से या बगल के रास्ते से जाने का जोखिम नहीं उठाने की सलाह दी गई। क्योंकि ऐसा करने पर आपको और आपके परिवार को नुकसान हो सकता है। अभियान के तहत फाटकों पर मौजूद लोगों को संरक्षा निर्देशित पर्चे भी बांटे गए।

# स्नान मंडप के बाद भगवान लेंगे स्वास्थ्य लाभ



### एक पखवाड़े बाद होगा रथयात्रा महोत्सव

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। शहर के दादर स्थित जगन्नाथ मंदिर में इस वर्ष भी परंपरागत उत्साह के साथ रथयात्रा का आयोजन 27 जून को होगा। इस पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए मौसी मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान 15 दिनों तक प्रवास करेंगे। इसके बाद 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के साथ वे अपने मंदिर लौटेंगे।

रथयात्रा से पहले 11 जून को स्नान पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन 108 कलशों से स्नान मंडप पर स्नान करेंगे। मान्यता है कि इस स्नान के बाद भगवान अस्वस्थ होकर 15 दिनों तक अणसर में विश्राम करेंगे। इस दौरान मंदिर का पट बंद रहेगा और भगवान को काढ़े का भोग अर्पित किया जाएगा। 28 जून को नेत्र उत्सव के दिन भगवान पुन: अपने स्थान पर विराजमान होंगे। मौसी मंदिर में प्रवास के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे और मंदिर प्रबंधन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए भोग वितरण की व्यवस्था की जाएगी। 29 जून को भगवान नगर भ्रमण करते हुए मौसी मंदिर पहुंचेंगे, जहां उन्हें उनके प्रिय पकवानों और प्रसाद का भोग अर्पित होगा। 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के दौरान भगवान अपनी नगर यात्रा समाप्त कर मंदिर लौटेंगे।

भक्तों का विश्वास है कि इस यात्रा में भगवान सभी के दुखों को हरते हैं और सुख-शांति का आशीर्वाद देते हैं। यात्रा के अंत में भगवान रुठी हुई माता लक्ष्मी को मनाकर मंदिर लौटेंगे, जहां विधि-पूर्वक उनकी स्थापना होगी। इसके बाद मंदिर का दरबार भक्तों के लिए पुन: खुल जाएगा।

# श्याम मित्र मंडल का चुनाव विवादित, आमसभा 10 को

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। श्री श्याम मित्र मंडल समिति के पिछले चुनाव पर कई कारणों से विवाद हो गया और मामला उच्च न्यायालय के साथ रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटी तक जा पहुंचा। चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल खड़े होने के साथ अगली व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। समिति ने इस सिलसिले में 10 जून को शाम 5 बजे आपात बैठक बुलाई है।

खबर के अनुसार विवाद और असमंजस को दूर करने व भविष्य को लेकर यह बैठक की जा रही है। आमसभा का आयोजन पूर्व अध्यक्षों की सामूहिक सहमति से किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य समिति की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करना और संस्था के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक निर्णय लेना है। बताया गया कि 1 अक्टूबर 2024 को संपन्न चुनाव हाईकोर्ट के निर्देश पर रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटी ने चुनाव को अमान्य घोषित कर दिया। अभी कोई समिति नहीं है, इसलिए समस्याएं है। अगले कार्यों को लेकर समिति ने यह आपातकालीन सभा बुलाई गई है। श्री श्याम मित्र मंडल समिति ने सदस्यों से अपील की है कि वे सभा में समय पर उपस्थित होकर अपने सुझाव और सहयोग प्रदान करें।

### मुरली में महिला पर भालू का हमला

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पाली रेंज में भालू के आतंक से लोग परेशान हैं। बताया जा रहा हैं की ग्राम पंचायत मुरली में भालू ने घर के आंगन में सो रही महिला पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर परिजन दौड़े तो भालू जंगल की ओर भाग गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया है। ग्राम मुरली निवासी का मकान जंगल के किनारे है। रात में सभी लोग आंगन में ही सो रहे थे। उसकी पत्नी भी आंगन में सोई थी। रात लगभग 2 बजे भालू आंगन में पहुंचा और महिला पर हमला कर दिया। वह शोर मचाने लगी तो पास ही मौजूद परिजन दौड़े और भालू को जंगल की ओर भगाया। हमले से महिला घायल हो गई। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।

# सोरायसिस पीड़ित को राहत मिली आयुर्वेद से



### निरापद माना गया है चिकित्सा को

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। आयुर्वेद की अद्वितीय क्षमता का एक और उदाहरण सामने आया है, जब रीमाडीह जैजैपुर निवासी प्रहलाद चंद्रा को गंभीर त्वचा रोग सोरायसिस से मुक्ति मिली। प्रहलाद चंद्रा ने बताया कि वे लगभग 5 साल से गम्भीर त्वचा रोग सोरायसिस से ग्रसित थे। उन्हें कई जगह इलाज कराने के बाद भी आराम नहीं मिल पाया रहा था। ऐसे में उनके मित्र सुरेंद्र यादव ने उन्हें आयुर्वेद चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा से मिलकर आयुर्वेद ट्रीटमेंट कराने की सलाह दी। हताश व्यक्ति ने कोरबा में परामर्श लिया और ईलाज करवाया। आयुर्वेद की क्षमता से 15 दिन की चिकित्सा से ही 75 प्रतिशत आराम हो गया और वो पूरी तरह से रोगमुक्त होने के प्रति आश्वस्त भी नजर आये। उनका कहना है कि इस बीमारी का उपचार लंबे समय से यहां-वहां कराया गया और जेब ढीली हुई। वर्तमान में जो नतीजे हैं वे संतोषप्रद है।

# हरिद्वार में खेलने का मौका मिलेगा विजेता खिलाड़ियों को

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। तीन दिवसीय 20वीं राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता बिलासपुर में आयोजित हो रही है। जिसमें भाग लेने के लिए जिले से लेवल अप एमएमए अकादमी से 17 खिलाड़ी रवाना हुए हैं। अमेचर ताईक्वांडो एसोसिएशन ऑफ कोरबा के अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि यह प्रतियोगिता बहतराई स्टेडियम बिलासपुर में 9 जून तक होगी।

जिसमें विजित खिलाड़ी हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित राष्ट्रीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता जो 22 से 25 जून तक आयोजित है में भाग लेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में बालक वर्ग से प्रणव निर्मलकर, अक्षत साहू, अगस्त्य शर्मा, बीबी नवीन, विवान जायसवाल एवं बालिका वर्ग से आर्य सेठी, श्रुतिका मिश्रा, आर्य गौरी सिंह, मिया फ्रांसिस अल्लापट्ट, श्रद्धा मिश्रा, अवनी शर्मा, श्रेया ओगरे, जसमीत कौर, अलीशा, एकता पटेल, अद्वितीय गुप्ता, कोच स्नेहा बंजारे एवं रानी मरकाम टीम के साथ रवाना हुए हैं।

# लायंस क्लब बालको का शपथ ग्रहण आज

कोरबा, 08 जून (देशबन्धु)। जिले में संचालित समाज सेवी संस्था लायंस क्लब बालको की नई कार्यकारिणी सत्र 2025-26 का शपथ ग्रहण समारोह होटल ब्लू डायमंड में 9 जून को शाम 5 बजे से आयोजित है। मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज कोरबा के डीन डॉ. के.के. सहारे, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर 3233 विजय अग्रवाल होंगे। शपथ अधिकारी रश्मि गुप्ता और गेस्ट ऑफ ऑनर एस.एन. केसरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी होंगे। लायंस क्लब बालको के नए अध्यक्ष विक्रम अग्रवाल, सचिव अजय जायसवाल और कोषाध्यक्ष हरविंदर सिंह हैं, जिन्हें शपथ दिलाई जाएगी।

## सार-संक्षेप

### निगम फर्जी बीमा घोटाला उजागर, मामले में पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की



**चिरमिरी,** 8 जून (देशबन्धु)। नगर निगम चिरमिरी में संचालित विभागीय वाहनों का बीमा फर्जी तरीके से किए जाने का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। प्राप्त दस्तावेजों एवं विश्वसनीय स्रोतों के आधार पर यह पाया गया है कि कुछ सरकारी वाहनों का बीमा एक निजी कंपनी द्वारा केवल कागज़ों पर किया गया है, जबकि वास्तविक रूप से इन वाहनों का बीमा किया ही नहीं गया।इस गंभीर वित्तीय अनियमितता को उजागर करते हुए मनेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

उन्होंने कहा कि यह न केवल भ्रष्टाचार का घिनौना उदाहरण है, बल्कि शासकीय वाहनों एवं संपत्तियों की सुरक्षा से भी सीधा खिलवाड़ है।डॉ. जायसवाल ने यह भी आशंका व्यक्त की है कि इस घोटाले में कुछ विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ राजनीतिक संरक्षण प्राप्त व्यक्तियों की संलिप्तता हो सकती है, जिन्होंने नियमों की खुली अवहेलना करते हुए शासकीय हितों को गहरी क्षति पहुँचाई है।उन्होंने यह स्पष्ट किया है कि यदि दोषियों की पहचान कर शीघ्र विधिसम्मत कार्रवाई नहीं की जाती, तो इस विषय को लेकर जनआंदोलन शुरू किया जाएगा, जिसकी पूर्ण ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी।

उन्होंने इस पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को भी प्रेषित की है, जिससे शासन-प्रशासन इस मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कर सके। जनता के पैसों और संसाधनों के दुरुपयोग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### नशे के आगोश में फसते जा रहे आज की नई पीढ़ी

**कोरिया,** 8 जून (देशबन्धु)। कोरिया जिला के वनांचल क्षेत्र सोनहत में आज के नाबालिग एवं नव युवक बच्चों के बीच गांजें का सेवन एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। हाल ही में, 15 से 20 साल के नाबालिग बच्चों को रात के समय सार्वजनिक स्थलों पर गांजा पीते हुए देखा गया। यह नशा न केवल उनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह समाज की सुरक्षा और नैतिकता के लिए भी एक चिंताजनक विषय है। स्थानीय दुकानों में चोरी और एक दुकान में आगजनी की घटनाएं भी सामने आई हैं, जो इस बात का संकेत देती हैं कि नाबालिगों में कानून व्यवस्था का कोई डर नहीं रह गया है। स्थानीय व्यापारियों और कार्यालयों के पास, जैसे जनपद पंचायत ऑफिस और दुर्गा मंदिर के पीछे, ये बच्चे बड़ी संख्या में देखे जाते हैं। अभी कुछ दिन पूर्व ही छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व जिला उपाध्यक्ष ने इस स्थिति की निंदा करते हुए कहा, हमारी युवा पीढ़ी को इस तरह के नशे में लाना हमारे समाज के लिए एक आपातकालीन स्थिति है। यह न केवल उनके भविष्य को खतरे में डाल रहा है, बल्कि हमारे समाज की भी सुरक्षा को दांव पर लगा रहा है।

स्थानीय पुलिस प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण, ये नाबालिग बेखौफ होकर इस तरह की गतिविधियों में शामिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पुलिस को इस समस्या की गंभीरता का आभास नहीं है। जब तक पुलिस इस मुद्दे पर सख्ती से कार्रवाई नहीं करेगी, तब तक स्थिति में सुधार की उम्मीद करना बेमानी है।

गांजे के इस व्यापार में कथित तौर पर कुछ स्थानीय लोग भी शामिल हैं, जो नाबालिगों को नशे का सेवन करवाने के लिए प्रेरित करते हैं। पुलिस को चाहिए कि वे इन लोगों पर नज़र रखे और उन्हें पकड़ने के लिए आवश्यक कदम उठाए। लेकिन हमें स्थानीय लोगों से भी सहयोग की आवश्यकता है। अगर कोई जानकारी है, तो उसे हमें उपलब्ध कराएं। इस स्थिति का समाधान आवश्यक है, ताकि हमारे युवा सुरक्षित रहें और अपने भविष्य की ओर बढ़ सकें। नाबालिग बच्चों का इस तरह नशे के गर्त में जाना समाज हिट के लिए ठीक नहीं है।

### कृषि मंत्री नेताम ने कृषकों को वैज्ञानिक एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने किया प्रेरित

#### अभियान के तहत जिले के किसानों को कृषि सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के साथ आधुनिक कृषि तकनीकों की मिल रही है जानकारी



**अम्बिकापुर,** 8 जून (देशबन्धु)। कृषि मंत्री रामविचार नेताम शनिवार को सरगुजा जिला प्रवास के दौरान विकासखण्ड उदयपुर के ग्राम उदयपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित कृषकों को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, सरकार की प्रमुख योजनाएं, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग, प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है।

उन्होंने कृषकों को रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान के बारे में बताया एवं खेती में जल का उचित उपयोग करने हेतु सुझाव दिए। किसानों से खरीफ 2025 की तैयारी के संबंध चर्चा करते हुए कहा कि कृषि में वैज्ञानिक तरीकों और उन्नत तकनीकों को अपनाएं। किसी भी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों से सलाह लें। कार्यक्रम में उपस्थित अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने भी विकसित कृषि संकल्प अभियान के फायदे बताते हुए किसानों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने अपील की। इस दौरान कृषि मंत्री श्री नेताम ने किसानों को बीज वितरित किया।

इस दौरान किसानों को वैज्ञानिकों के द्वारा कृषकों के खरीफ संबधी समस्याओं का समाधान के साथ ही कृषि की आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन से यूरिया एवं कीटनाशक का छिड़काव, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ, उन्नत किस्मों से अधिक उत्पादन, समन्वित कृषि कार्यक्रम, उर्वरकों का समुचित मात्रा में उपयोग की जानकारी दी गई। खरीफ सीजन की विशेष तैयारी और फसल विविधीकरण के तरीके किसानों को सिखाए गए तथा उत्पादकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।

वहीं उन्नत नस्ल के पशुपालन एवं मत्स्य पर भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उपसंचालक पी.एस. दीवान, कृषि वैज्ञानिक सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।

# 15 टन सरिया की हेराफेरी, उड़ीसा से एक गिरफ्तार

### पूंजीपथरा पुलिस ने चोरी की संपत्ति खरीदने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार




**रायगढ़,** 08 जून (देशबन्धु)। जिले की पूंजीपथरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 15 टन सरिया की हेराफेरी में शामिल और चोरी की संपत्ति खरीदने वाले आरोपी मनोज मोटारी को पुलिस ने ओडिशा के बरगढ़ जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने फरार ट्रक चालक से लगभग 4 टन शुभ गोल्ड ब्रांड सरिया खरीदा था, जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। वहीं, इस मामले का मुख्य आरोपी ट्रक चालक राधेश्याम साहू फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस की टीमें जुटी हुई हैं।

घटना की शुरुआत 31 मई को हुई थी, जब ट्रांसपोर्टर साहू रोड लाइन रायगढ़ के माध्यम से ट्रक में करीब 7,80,398 मूल्य की 15 टन सरिया अजय इंगाड रोलिंग मिल से लोड कर जैजैपुर, बाराद्वार के लिए रवाना किया गया था। ट्रक चालक राधेश्याम साहू, निवासी बाबूपाली, जिला बलांगिर, ओडिशा को यह सरिया पहुंचाना था, लेकिन 1 जून तक जब माल नहीं पहुंचा तो मिल प्रबंधन को संदेह हुआ। चालक का मोबाइल बंद हो गया, जिससे मामला संदिग्ध लगने लगा।

इसके बाद कंपनी के एचआर मोहसीन रजा ने 3 जून को पूंजीपथरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिस पर थाना पूंजीपथरा में धारा 316(3) भा.दं.सं. (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश मिश्रा ने मामले की तह तक जाने के लिए जांच तेज की।

सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ओडिशा के ग्राम दीप्तीपुर, थाना मेलछामुंडा पहुंची, जहां भारत पेट्रोल पंप के पास खाली ट्रक मिला जिसे जप्त कर लिया गया। मुख्य आरोपी राधेश्याम की तलाश में पुलिस को उसके सहयोगी मनोज मोटारी का सुराग मिला। आरोपी मनोज ने पूछताछ में स्वीकार किया कि उसने राधेश्याम से लगभग 4 टन सरिया खरीदी थी, आरोपी के कब्जे से 4 टन सरिया करीब 200000 की संपत्ति की जप्ती की गई है।

मनोज मोटारी, निवासी पंचभैया, थाना पदमपुर, जिला बरगढ़, ओडिशा को चोरी की संपत्ति खरीदने के आरोप में धारा 317(2) बीएनएस के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने सरिया की बरामदगी के साथ आरोपी को आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल, आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक जय राम सिदार, प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, आरक्षक ओमप्रकाश तिवारी और सुरेंद्र यादव की अहम भूमिका रही है। मामले में आगे की जांच जारी है और मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# निगम आयुक्त ने कहा , बेतरतीब वाहन पार्किंग और अवैध कब्जा पर कार्रवाई करें



**रायगढ़,** 08 जून (देशबन्धु)। निगम कमिश्नर बृजेश सिंह क्षत्रिय ने टाइम लिमिट (समय सीमा) की बैठक ली। बैठक में उन्होंने सड़कों पर वाहनों को पार्किंग करने एवं अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश अतिक्रमण निवारण दस्ता को दिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीज एन सहित कार्यालय में आए आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर निराकरण कर पोर्टल में अपडेट करने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदनों का समय पर निराकरण नहीं करने वाले अधिकारी एवं विभाग प्रमुख कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई।

कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने कहा कि समय सीमा की बैठक में जनदर्शन के अलावा कार्यालय में प्राप्त महत्वपूर्ण आवेदनों को भी शामिल किया जाता है। इसमें संबंधित विभाग प्रमुखों को आवेदनों को प्रेषित कर उसका समय पर निराकरण करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इसके बाद भी आवेदनों को निराकरण करने पर लेटलतीफी की जा रही है। इस दौरान कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने विभिन्न जनदर्शन एवं कार्यालय में प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए समय सीमा पर निराकरण करने के निर्देश सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को दिए। समय सीमा के भीतर आवेदनों का निराकरण नहीं होने की स्थिति पर संबंधित विभाग प्रमुख के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में कलेक्टर टीएल, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन के अंतर्गत मिले एक-एक आवेदन पर चर्चा की गई। इस दौरान शहर के कबीर चैक से छातामुड़ा, गोगा राइस मिल से ट्रांसपोर्ट नगर रोड एवं शहर के सभी आउटर एवं मुख्य चैक चैराहों सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग और अवैध ठेला गुमटी वालों के अतिक्रमण पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर के सभी मुख्य मार्गो को नया बनाया गया है। वाहनों के पार्किंग व ठेला गुमटी वालों के अतिक्रमण से सड़क खराब होने की शिकायत सामने आ रही है। उन्होंने ट्रैफिक डीएसपी को पत्र लिखने एवं निगम और ट्रैफिक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सड़क पर वाहन पार्किंग एवं अतिक्रमण करने वालों पर कार्यवाही करने अभियान चलने के निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालन अभियंता अमरेश लोहिया सहित सभी विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# डायल 112 की समीक्षा बैठक



### रिस्पांस टाइम में कॉलर की मदद करने के निर्देश

### उल्लेखनीय कार्य करने वाले स्टाफ को मिला प्रशस्ति पत्र

**रायगढ़,** 08 जून (देशबन्धु)। पुलिस नियंत्रण कक्ष रायगढ़ में कल डायल 112 ईआरव्ही स्टाफ, चालक और एबीपी मैनेजरों की समीक्षा बैठक का आयोजन उप पुलिस अधीक्षक सुशांतो बनर्जी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में डीएसपी बनर्जी ने डायल 112 की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए विभिन्न कमियों की विस्तार से समीक्षा की और स्टाफ को कर्तव्य के प्रति सजग रहते हुए निर्धारित बिंदुओं पर समय से वाहन की उपस्थिति, त्वरित रिस्पांस टाइम और कॉलर की मदद करने जैसे निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य रूप से सामने आई खामियों जिनमें समय पर ड्यूटी और एटीआर प्रोफार्मा पूर्ण कर भेजने, डीएसआर के लिए मीटर रीडिंग, इवेंट रजिस्टर का रख-रखाव आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर डीएसपी बनर्जी ने कड़ाई से अनुपालन के निर्देश दिए। बैठक में उल्लेखनीय कार्य करने वाले डायल 112 ईआरव्ही स्टाफ को पुलिस महानिदेशक महोदय और अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए, जिन्हें डीएसपी सुशांतो बनर्जी और रेडियो एसआई पुष्पेंद्र श्याम ने सौंपा। बैठक में रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के डायल 112 स्टाफ, एबीपी मैनेजर राजीव सिंह एवं सहायक प्रभारी श्याम रतन गुप्ता भी उपस्थित थे। डायल 112 की इन त्वरित, जिम्मेदार और संवेदनशील कार्रवाइयों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि समय पर की गई पुलिस सहायता अनेक जानें बचा सकती है। डीएसपी सुशांतो बनर्जी ने सभी टीमों से अपेक्षा की कि वे इसी तत्परता और अनुशासन के साथ आगे भी जनसेवा के इस कार्य में समर्पित रहें।

# पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू को नोबेल पुरस्कार देने की मांग

### रसायन और शांति के क्षेत्र में साहू की उल्लेखनीय उपलब्धि

रायगढ़, 08 जून (देशबन्धु)। वास्तव में बृहद विकास के मापदंड वाले रायगढ़ जिले के हालत प्रदूषित वातावरण से परिपूर्ण होकर निरंतर बीमारी और सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।वही प्रदूषण रोकने वाले शासन के पर्यावरण संरक्षण मंडल के स्थानीय रायगढ़ के कार्यालय के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियां तो शून्य है बल्कि रोज निरंतर प्रदूषण के कारण प्रदूषण से फैलने वाले रासायनिक पदार्थ में वृद्धि हो रही है।रायगढ़ जिला विश्व के नक्शे के प्रदूषित जिले में नाम लिखवाने की ओर निरंतर है तो निश्चित ही इस विभाग के लोगों को विश्व स्तर का पुरस्कार मिलने से ही पूरे विभाग को सम्मान मिलेगा।

रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला,बासु शर्मा,शेख कलीमुल्ला,शमशाद अहमद,अक्षत खेडुलकर,ऋषभ मिश्रा,मुजीब अहमद, तिजेश जायसवाल,योगेंद्र यादव, अभीषेक पटेल,शौर्य अग्रवाल,किशन सिदार ,इनाम सिद्दीकी,हरि मिश्रा,आकर्ष शर्मा,अनिल चीकू आदि सहित सैकड़ों लोगों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन छत्तीसगढ़ शासन के ष्सुशासन तिहारष् के अंतर्गत संबंधित कार्यालय में जमा किया है।जिसमें यह बताया गया की भयानक और अनगिनत कारणों से प्रदूषण रायगढ़ शहर और जिले में इसका जिम्मेदार कौन है?यह निश्चित नहीं हो पा रहा है पर इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन का पर्यावरण संरक्षण मंडल का रायगढ़ स्थित कार्यालय निरंतर बस कुछ कर रहा है।इसके प्रमुख अंकुर साहू क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी ताबड़तोड़ 23 के लगभग जनसुनवाई करवाई जो कि हर महीन 1 के लगभग जनसुनवाई आहूत रायगढ़ जिले के केलो नदी से कुछ किलोमीटर दूर पर उद्योगों की स्थापना, वृद्धि कारण और कोयला खदानो के लिए हुई जो कि प्रदेश में सर्वप्रथम स्थान के रूप में इनका प्रयास सूचीबद्ध हो गया है।इन प्रदूषण फैलाने वाले कोयला खादानो और उद्योगों से फैलने वाले विश्व स्तर के जहरीले रासायनिक पदार्थ की उपस्थिति रायगढ़ के वातावरण के साथ जल,जंगल और जमीन में मिल रही है।इसके कारण रायगढ़ जिला वैज्ञानिकों और रसायन शास्त्र में अध्ययन करने वालों के लिए सर्वप्रथम शोध का केंद्र बनता जा रहा है और ष्नोबेल पुरस्कारष् देने वाले स्वीडन की संस्था भी रसायन के लिए नोबेल पुरस्कार प्रदाय करती है तो प्राथमिकता और हक से अंकुर साहू को इसके लिए पुरस्कार मिलना चाहिए। रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ संस्था ने अपने ज्ञापन में यह भी आग्रह किया कि उक्त अंकुर साहू,क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकार,रायगढ़ के कार्यकाल के बीते 32 महीने में शासकीय वाहनों से हजारों किलोमीटर की यात्रा करके प्रदूषण से परेशान रायगढ़ जिले की जनता के हक में कुछ करने के लिए प्रयास और मेहनत करना मुमकिन नहीं समझा और उल्टे प्रदूषण फैलाने वाले का विरोध करने वाले रायगढ़ जिले की जनता के हितेशियों को शांत करवाने का प्रयास को अंजाम जरूर दे दिया जिससे शांति बनाए जाने के पथ प्रदर्शक के रूप में भी इन्हें नोबेल पुरस्कार दिया जा सकता है के लिए यह ज्ञापन निवेदित है। रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ ने बताया कि नव पदस्थ कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी को भी संस्था ने पत्र की छाया प्रति प्रेषित की है और आग्रह किया है कि अमूमन विश्व की प्रमुख हस्तियों को एक विषय पर नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया जाता रहा है पर अंकुर साहू क्षेत्रीय पर्यावरण अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ ने रसायन और शांति के लिए रायगढ़ जिले में उल्लेखनीय कार्य को अंजाम दिया है।नोबेल पुरस्कार देने वाले स्वीडन देश की संस्था को जिले की जनता के इस पत्र को अनुशंसित कर प्रेषित करके नोबेल पुरस्कार दिलवाने के लिए सारगर्भित प्रयास करें। संस्था ने यह भी बताया कि आगामी दिनों में अंकुर साहू को नोबेल पुरस्कार दिलाने हेतु रैली भी निकाली जाएगी।

# वक्फ संशोधन अधिनियम 25 को निरस्त करने की मांग

### सर्व मुस्लिम समाज ने सौपा ज्ञापन



**रायगढ़,** 08 जून (देशबन्धु)। मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को लेकर वक्फ बचाओ संविधान बचाओ अभियान ईद उल फितर से ईद उल अजहा तक पूरे देश में चलाये जाने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत ज्ञापन दिया जा रहा है धरना, प्रदर्शन, कर पूरे भारत में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 का विरोध प्रदर्शन कर असहमति दिखायी जा रही है। रायगढ़ भी इससे अछूता नहीं है।

सर्व मुस्लिम समाज रायगढ़ द्वारा राकेश कुमार गोलछा संयुक्त कलेक्टर रायगढ़ के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन देकर वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को निरस्त करने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 प्रत्येक धार्मिक समुदाय को न केवल अंतरात्मा की स्वतंत्रता प्रदान करते हैं बल्कि अपने धर्म का पालन करने प्रसार प्रचार करने तथा धार्मिक और परोपकारी कार्य हेतु संस्थाए स्थापित करने और उन्हें अपने अनुसार संचालित करने का अधिकार भी देते हैं। वर्तमान संशोधित कानून मुसलमानो को इस मौलिक अधिकार से वंचित कर देता है और भारतीय संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का हनन कर रहा है। वक्फ संशोधन अधिनियम मुसलमानो के हित विरुद्ध है तथा शरीयत से भी इसका टकराव हो रहा. यही वजह है कि इस वक्फ संशोधन अधिनियम का पुरजोर विरोध हो रहा है। विरोध प्रदर्शन को संविधान मे आस्था रखने वाले हिन्दुओ, सिखो, जैनियों एवं मानव अधिकार कार्यकर्ताओ का भी समर्थन मिल रहा है.सर्व मुस्लिम समाज रायगढ़ (छत्तीसगढ़ )मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड के वक्फ बचाव - संविधान बचाओ अभियान का समर्थन करता है तथा माननीय राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री भारत शासन से वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को तत्काल निरस्त करने की मांग करता है।

# भ्रष्टाचार पर शिकंजा क्या कसा मनेंद्रगढ़ वन मंडल के अफसर जंगल पर ही टूट पड़े

### अब उतरे जंगल की लकड़ियों के तस्करी पर

**एमसीबी-चिरमिरी,** 8 जून (देशबन्धु)। मनेंद्रगढ़ वन मंडल मतलब भ्रष्टाचार का समंदर विगत 10 वर्षों से मनेंद्रगढ़ वन मंडल विभिन्न प्रकार के वन संरक्षण बावत जारी भारी भरकम आबंटन राशि का 70 प्रति. हिस्सा का आपसी बंदरबांट करते आया है।और जिस भ्रष्टाचार में मनेंद्रगढ़ के तमाम डीएफओ और रेंजरों की साझेदारी रही है ।जिसने भी चाहा जी भरकर सरकारी पैसे का जमकर खेल किया। 70 प्रति. राशि में डीएफओ जैसे अफसर का 25प्रति. एसडीओ का 15प्रति. बाकी बचे 60प्रति. में 40प्रति. रेंजर और 20प्रति. निचले स्तर के कर्मचारियों में बांटा जाता था। जिसका सीधा खेल यही था की जंगलों में हर प्लांटेशन का दस वर्षों तक देखरेख, मृदा जल संरक्षण से विभिन्न प्रकार के कंटूर,बोल्डर चेक डेम,एनीकट,वन मार्ग,प्लांटेशनों की फेंसिंग,कच्चा बंधान,नए प्लांटेशन के लिए नर्सरी में पौधे तैयार करना उनके सभी संसाधन,जैसे तमाम प्रकार के कार्यों के लिए जारी होती है राशि और जिसकी पूरी राशि का सिर्फ 30त्न राशि ही कार्यों में लगाया जाता था। परन्तु बीते एक वर्षों से या यह कह सकते हैं की ई कुबेर सिस्टम लागू होने के बाद वन विभाग के भ्रष्टाचार के आदतन अफसरों के लिए हराम के खैरात का अकाल सा पड़ गया। जिसकी सिर्फ एक वजह है ई कुबेर भुगतान प्रणाली जिसके माध्यम से ज्यादातर कार्यों या खरीदी बिक्री का भुगतान डीएफओ या रेंजर के खाते के बजाए अब सीधे संबंधित के खाते में जाना शुरू हो गया। जिससे इन अफसरों के तिजोरी में ताला लग गया और भ्रष्टाचार की कमाई के वांदे हो गए।

### अब जंगली कोयला और लकड़ियों के व्यापार में उतरे

70प्रति. के आदतन मनेंद्रगढ़ वन मंडल के अफसर और रेंजरों पर ई कुबेर ने विभागीय मद पर शिकंजा और कैंपा मद में गिना चुना काम जिससे इनके खुद का पेट्रोल डीजल और 70,,80 किलोमीटर से मुख्यालय अप डाउन का नवाबी खर्चा भी नसीब नहीं हो पा रहा है। उसके ऊपर इन भ्रष्ट अफसरों के अलग अलग शहरों जगहों में काली कमाई का इन्वेस्टमेंट और नवाबी शान ए शौकत सबकी वाट लग चुकी है। तो अब ऐसे में ये अफसर अपनी बादशाहत की पूर्ति के लिए जंगलों का कोयला और लकड़ियों के खरीद फरोख्त में लग गए हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है की मनेंद्रगढ़ वन मंडल के कुंवारपुर,जनकपुर,बहरासी और केल्हारी सहित मनेंद्रगढ़ रेंज के रेंजर बड़े पैमाने पर जंगली कोयला और साल,सरई सहित सागौन और चंदन की लकड़ियों की तस्करी में अंदरूनी तौर पर सक्रिय हैं। साथ ही वनों में अवैध कब्जाधारियों से मोटी रकम भी वसूल रहे हैं। जिस कारण बीहड़ वनों में बड़े स्तर पर आबादी बढ़ती जा रही है। इन सभी रेंजों की सीमा मध्यप्रदेश के अलग अलग क्षेत्रों से जुड़ने के कारण कोयले और लकड़ियों की तस्करी बहुत आसान हो जाती है। अवगत करा दें की हाल ही में जो कुंवारपुर रेंज अंतर्गत सरई के सैकड़ों पेड़ों की एक चक कटाई हुई थी ये उसी तस्करी का हिस्सा था जिस पर जांच पश्चात मुख्य वन संरक्षक सरगुजा वन वृत ने पर्दा डाल दिया था। जैसा की हमने आपको पहले भी बताया था की कोरिया और एमसीबी जिले में नीलगिरी तो शुरुआत थी जो अब नीलगिरी से शुरू हुई तस्करी चंदन,सागौन,साल के अंतरराज्यीय तस्करी का रूप ले लिया है। साथ ही मनेंद्रगढ़ रेंज से कोयले की बड़ी बड़ी खेप भी मध्यप्रदेश भेजी जा रही है।

### बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र के जरूरतमन्दों को मिलेगी छह लाख की सहायता

**कोरिया,** 8 जून (देशबन्धु)। बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र के 43 जरूरतमन्द हितग्राहियों को आर्थिक सहायता के रूप में छह लाख रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। यह सहायता राशि विधायक जनसंपर्क निधि से स्वीकृत की गई है, जिसकी अनुशंसा पूर्व मंत्री एवं बैकुण्ठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े द्वारा की गई थी।

सामान्य प्रशासन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों के संचालन हेतु प्रभारी मंत्रियों को 10 लाख रुपये की राशि आबंटित की है। इसी के अंतर्गत बैकुण्ठपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 03 के लिए 6 लाख की राशि आवंटित की गई है। इस प्रस्ताव को आदिम जाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास विभाग के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम द्वारा अनुमोदन किया गया है।

## सार-संक्षेप

### कर्मचारी-अधिकारी महासम्मेलन में उठी पुरानी पेंशन, महंगाई भत्ते और युक्तियुक्तकरण में पारदर्शिता की मांग



जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की जिला इकाई द्वारा जिला पंचायत ऑडिटोरियम में भव्य महासम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रदेश भर के 114 संगठनों से प्रतिनिधि, प्रांताध्यक्ष और फेडरेशन से जुड़े हजारों कर्मचारी-अधिकारियों की उपस्थिति में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और विशेष अतिथि पूर्व विधायक नारायण चंदेल रहे। श्री चंदेल ने कर्मचारियों को शासन का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि उनकी सभी जायज मांगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर चर्चा कर पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कर्मचारियों की मांगों को शीघ्र पूरा होने की बात दोहराई। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने अपने उद्बोधन में संगठन की ताकत और एकजुटता पर ज़ोर देते हुए कहा कि आज कर्मचारियों को जातिगत आधार पर बाँटने की कोशिश की जा रही है, जो हितों के लिए घातक है। उन्होंने युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया में महिलाओं को सौ किलोमीटर दूर स्थानांतरित किए जाने जैसे मामलों का विरोध करते हुए निष्पक्ष प्रक्रिया की मांग की। उन्होंने केंद्र के समान लंबित महंगाई भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता, पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित तमाम मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मंच से वक्ताओं ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना की और कहा कि भाजपा की सरकार बनने के पीछे कर्मचारी-अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ी गायिका लक्ष्मी करियरे और गायक सूरज श्रीवास द्वारा सरस्वती वंदना और छत्तीसगढ़ महतारी गीत से हुआ। स्वागत भाषण जिला संयोजक विश्वनाथ सिंह परिहार और प्रतिवेदन जिला महासचिव अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने प्रस्तुत किया। संचालन भावना मसीह और आभार प्रदर्शन जिला सह-संयोजक डॉ. वी.के. पैगवार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष सुधीर सुखदेव, धन्यकुमार पांडेय, धर्मेंद्र यादव, विकास सिंह, विशाल वैभव, डॉ. राज जायसवाल, टी.के. टंडन, डॉ. बलराम रोहिदास सहित सैकड़ों पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। प्रेस को जानकारी जिला प्रवक्ता जयंत सिंह क्षत्रिय द्वारा दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में सर्वप्रांताध्यक्ष जी.आर. चंद्रा, रोहित तिवारी, मनीष ठाकुर, एच.सी. राठौर, बी.पी. शर्मा, विकास यादव, डॉ. इकबाल हुसैन, डॉ. अमित मिरी, रंजीत सिंह, आर.के. थवाईत सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।

### भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न




जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने की।

मुख्य वक्ता धरमलाल कौशिक ने कहा कि यह अभियान 'विकसित भारत के अमृतकाल' की परिकल्पना को साकार करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता प्राण-प्रण से जुटकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि मोदी सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, पीएम आवास आदि से करोड़ों लोगों को लाभ मिला है। सांसद कमलेश जांगड़े ने कहा कि भाजपा का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है। 12 से 14 जून तक मंडल स्तर पर 'विकसित भारत संकल्प सभा', 15 से 17 जून तक चौपाल, और 17 से 21 जून तक योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं का प्रचार किया जाएगा। कार्यशाला में प्रदेश व जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन नंद चौधरी ने किया तथा आभार संतोष लहरे ने व्यक्त किया।

### 40 - 50 साल के बाद अतिक्रमण मुक्त हुई भूपेंद्र क्लब की जमीन



मनेन्द्रगढ़, 08 जून (देशबन्धु)। एमसीबी जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ शहर के भूपेंद्र क्लब की जमीन 40 - 50 साल बाद न्यायालय के आदेश पर अतिक्रमणकारियों के कब्जे से मुक्त कराई गई है। प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रविवार को चार जेसीबी लगाकर अतिक्रमणकारियों की 23 दुकान ढहा कर भूपेंद्र क्लब की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है। प्रशासन की इस कार्यवाही की शहर के लोगों ने सराहना की है। अतिक्रमणकारियों ने भी प्रशासन के सख्त रुख को देखते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही का सहयोग किया। मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र क्लब की 26550 वर्ग फीट से भी ज्यादा जमीन का अतिक्रमण कर अतिक्रमणकारी 40 - 50 साल से दुकानें बनाकर विभिन्न व्यवसाय कर रहे थे। कुछ अतिक्रमणकारी अपनी कब्जे की दुकान को किराए पर देकर भारी-भरकम किराया वसूल कर मालामाल हो गये। बताया जा रहा है कि शहरवासी लम्बे समय से अतिक्रमणकारियों के कब्जे से भूपेंद्र क्लब की जमीन को मुक्त कराने की मांग कर रहे थे। अतिक्रमणकारी भी भूपेंद्र क्लब की जमीन हथियाने के लिए लम्बी लड़ाई लड़ी लेकिन उन्हें हाई कोर्ट में हार का मुंह देखना पड़ा और हाई कोर्ट ने प्रशासन को भूपेंद्र क्लब की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश दिया। हाई कोर्ट के आदेश के परिपालन में एसडीएम मनेंद्रगढ़ लिंगराज सिदार के नेतृत्व में प्रशासन की टीम चार जेसीबी लेकर दल-बल के साथ भूपेंद्र क्लब की जमीन में पहुंचकर भूपेंद्र क्लब की जमीन में 26550 वर्ग फीट में बनी 24 दुकानों में से 23 दुकानों को ढहा कर जमींदोज कर दिया। एक दुकान का स्टे लगा हुआ बताया गया इस कारण उसे छोड़ दिया गया है उसे बाद में गिराया जाएगा।

अतिक्रमण स्थल पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। बेरीकेट्स लगाकर अतिक्रमण स्थल पर सुरक्षा घेरा लगाया गया था। इस अवसर पर अतिक्रमण स्थल के आसपास लोगों की काफी भीड़ जमा थी। सुरक्षा के मद्देनजर सुरक्षा की कमान एसडीओपी ए टोप्पो संभाले हुए थे। इस अवसर पर कोतवाली थाना प्रभारी सुनील तिवारी, झगड़ाखांड थाना प्रभारी दीपेश सैनी सहित चिरमिरी, मनेन्द्रगढ़, झगड़ाखांड, खड़गवां व पोंड़ी थाना का पर्याप्त बल उपस्थित रहा। अतिक्रमण पूरी तरह से शांति पूर्ण माहौल में हटाया गया।

मनेन्द्रगढ़ के इतिहास में अतिक्रमण हटाने की इतनी बड़ी कार्यवाही पहली बार की गई है। अतिक्रमण हटाने के दौरान किसी भी राजनीतिक दल का छोटा - बड़ा कोई नेता नजर नहीं आया। प्रशासन की अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की शहर में सर्वत्र सराहना की गई है।

# चांपा के मोबाइल शॉप में हुई बड़ी चोरी का पर्दाफाश

### 10 घंटे में 5 आरोपी गिरफ्तार, 10 लाख का माल बरामद

### चांपा पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही से मिली बड़ी सफलता




जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। थाना चांपा क्षेत्र अंतर्गत गणेश मोबाइल दुकान में बीते शुक्रवार की दरम्यानी रात हुई बड़ी चोरी की वारदात को चांपा पुलिस एवं साइबर सेल ने महज 10 घंटे के भीतर सुलझा लिया। इस सनसनीखेज घटना में शामिल 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जिनमें दो विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल हैं। आरोपियों के कब्जे से कुल 10 लाख रुपए का चोरी का माल एवं घटना में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई है।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि 07 जून की रात करीब 3 बजे अज्ञात चोरों ने चांपा स्थित गणेश मोबाइल शॉप का शटर तोड़कर अंदर घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। डायल 112 की गश्त कर रही टीम की सक्रियता के चलते चोरों को जल्द ही पुलिस आने की भनक लग गई और वे हड़बड़ी में 18 महंगे मोबाइल फ़ोन व अन्य सामग्री चुराकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मोबाइल दुकान में लगे उच्च गुणवत्ता के सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिससे चोरों की पहचान में अहम सुराग हाथ लगे। इसके बाद साइबर टीम ने लगभग 25 किमी के दायरे में स्थित सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से पांच आरोपियों को हिरासत में लिया। जिसमें मणिशंकर कश्यप उर्फ गोलू (18 वर्ष), निवासी महंत भाटापारा, थाना नवागढ़,हिमेश हंसराज उर्फ बखला (19 वर्ष), निवासी कमरीद, थाना सारागांव,देवव्रत सिंह उर्फ बिट्टू (18 वर्ष 6 माह), निवासी महंत चंडी दाई पारा, थाना नवागढ़, के आलावा दो विधि से संघर्षरत बालक शामिल है। गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है, जबकि दो नाबालिग आरोपियों को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप एवं एसडीओपी यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की। इस टीम में थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी सागर पाठक, विवेक सिंह, मनोज तिग्गा, गिरीश कश्यप, प्रदीप दुबे, अर्जन यादव, श्रीकांत सिंह, हजारी लाल मेरसा, भवानी सिंह चौहान, अरुण सिंह, वीरेंद्र कुमार टंडन, सचिन एक्का, सोहन करियारे सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

#### 18 नग मोबाइल बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 18 नग मोबाइल (सैमसंग, आईफोन, वीवो, नथिंग आदि ब्रांड), ब्लूटूथ, सेल्फी स्टैंड, ईयरफोन, हथौड़ा, पाना, एक्टिवा स्कूटर एवं मोटरसाइकिल समेत कुल 10 लाख रुपए की संपत्ति जब्त की है।

# गांव-गांव में रोजगार दिवस आयोजित

### मनरेगा के दिशा-निर्देशों की दी गई जानकारी जल संरक्षण मोर गांव मोर पानी का बताया महत्व



जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत गुड गवर्नेंस गतिविधियों के तहत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रति माह रोजगार दिवस का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के मार्गदर्शन में प्रतिमाह की 7 तारीख को आयोजित किया जा रहा हैं।

रोजगार दिवस में ग्रामीणों एवं जॉब कार्डधारी परिवारों को मनरेगा के दिशा-निर्देशों, योजनाओं और उनके अधिकारों की जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना जा रहा है। ग्रामीणों को मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण के उपाय साझा किए गए। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान और जल संरक्षण मोर गांव मोर अभियान की विस्तार से जानकारी दी गई।

जनपद पंचायत बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत औराई खुर्द, बसंतपुर, कोरबी, जर्वे ब, जाटा, जावलपुर, अंगारखार, जनपद पंचायत अकलतरा की ग्राम पंचायत खोड, पौना, अर्जुनी रसेड़ा, कल्याणपुर, बरगवा, जनपद पंचायत बम्हनीडीह की ग्राम पंचायत कचंदा, पौड़ीकला जनपद पंचायत पामगढ़ की ग्राम पंचायत भुईगांव जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत देवरी, गोधना में ग्रामीणों को मनरेगा की बढ़ी हुई मजदूरी 261 (अप्रैल 2025 से लागू) की जानकारी दी गई।

जॉब कार्ड में सदस्यों के नाम जोड़ने, मजदूरी भुगतान, लंबित भुगतान और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। आवास योजना के अंतर्गत 90 दिवस मजदूरी भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई। मातृत्व भत्ता, श्रम कार्ड, गोदी योजना, आधार मैपिंग से संबंधित जानकारी विशेष रूप से महिलाओं को दी गई। मनरेगा अधिनियम में वर्णित प्रावधान, श्रमिकों के अधिकार, और सूचना, शिक्षा व संचार के तहत योजनाओं की जानकारी रोजगार सहायकों द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया।

# बेटी और भतीजे की जान बचाई, खुद की डूबकर मौत

### 22 घंटे बाद मिला शव



जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। हथनेवरा एनीकेट में डूबे युवक का शव 22 घंटे बाद बरामद हुआ। हसदेव नदी में यह हृदयविदारक हादसा उस वक्त हुआ जब एक पिता ने बेटी और भतीजे को डूबने से बचा लिया, लेकिन खुद पानी में समा गया था। रविवार 8 जून की सुबह करीब 5.30 बजे, हादसे के लगभग 22 घंटे बाद, लक्ष्मी प्रसाद साहू का शव घटनास्थल से करीब 400 मीटर दूर नदी किनारे तैरता हुआ मिला। एसडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रकाश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत लक्ष्मी प्रसाद साहू (32 वर्ष) शनिवार सुबह करीब 7.15 बजे अपनी बेटी श्वेता और भतीजे मनीष के साथ हथनेवरा एनीकेट के पास नहाने गए थे। नहाते वक्त दोनों बच्चे अचानक गहरे पानी में चले गए।

यह देखकर लक्ष्मी प्रसाद ने तुरंत छलांग लगाकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन वे स्वयं नदी की गहराई में डूब गए। घटना की सूचना मिलते ही चांपा पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू हुआ। स्थिति गंभीर होने पर बिलासपुर से एसडीआरफ की टीम को बुलाया गया। दोपहर 3 बजे टीम ने ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ सर्च ऑपरेशन शुरू किया। हालांकि रात होने की वजह से रेस्क्यू अभियान रोकना पड़ा था।

रविवार 8 जून की सुबह करीब 5.30 बजे, हादसे के लगभग 22 घंटे बाद, लक्ष्मी प्रसाद साहू का शव घटनास्थल से करीब 400 मीटर दूर नदी किनारे तैरता हुआ मिला। एसडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है। लोगों ने लक्ष्मी प्रसाद की वीरता और बलिदान को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

# शिक्षा श्री सम्मान से नवाजे गए व्याख्याता अमृत लाल साहू

### शिक्षा गुणवत्ता विकास में उत्कृष्ट योगदान पर मिला मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार




चांपा, 08 जून (देशबन्धु)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चोरिया के व्याख्याता अमृत लाल साहू को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा श्री प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें आयुक्त बिलासपुर संभाग सुनील जैन एवं संयुक्त संचालक शिक्षा आरपी आदित्य द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिलासपुर की महापौर श्रीमती पूजा विधानी, कार्यक्रम अध्यक्ष जिला पंचायत बिलासपुर अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य प्रफुल्ल कुमार शर्मा तथा जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमृत लाल साहू का सामाजिक विज्ञान (कक्षा 6वीं से 10वीं) एवं अर्थशास्त्र (कक्षा 12वीं) के पाठ्यपुस्तक लेखन में विशेष योगदान रहा है। उनके द्वारा शिक्षित विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में प्रदर्शन सदैव उत्कृष्ट रहा है। पर्यावरण संवर्धन हेतु भी उनके प्रयास सराहनीय है, उनके विद्यालय को हरियर विद्यालय की पहचान मिली है।

साहू न केवल विषय विशेषज्ञ हैं, बल्कि राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर भी हैं। उनकी शिक्षा सेवा के लिए उन्हें आगामी समय में राज्यपाल पुरस्कार से भी सम्मानित किया जाएगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। प्राचार्य कंवल सिंह राठिया एवं व्याख्यातागण, लक्ष्मीनारायण सोनी, फिरत सिंह कंवर, भास्कर यादव, ललित शुक्ला, गुलाब धर दीवान, बसंत चतुर्वेदी, संतोष शुक्ला, जय नारायण राज, मोहन लाल यादव, बी.के. गढ़ेवाल, धनसाय साहू, नेहरू लाल पटेल, टीमनलाल चन्द्रा, खटकर, शिवलाल साहू, नरेन्द्र साहू, टेकराम साहू (सरपंच), नरसिंह साहू एवं शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष जीवधन सूर्यवंशी।

### अवैध शराब पर आबकारी विभाग की कार्यवाही, 12 लीटर महुआ शराब जब्त

जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब के खिलाफ सघन कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में 05 जून को आबकारी वृत अकलतरा के अंतर्गत एक प्रकरण में 12 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम फरहदा, थाना अकलतरा निवासी बजरहीन बाई पति ननकी राम (उम्र 65 वर्ष) के रिहायशी मकान की तलाशी के दौरान दो प्लास्टिक डिब्बों एवं थैले में कुल 12 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। इस पर आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2) एवं 59(क) के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर जेल दाखिल किया गया। इस कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक शिल्पा दुबे, मुख्य आरक्षक अनवर मेमन एवं गणेश चेलकर की सक्रिय भूमिका रही। प्रशासन द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध शराब के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं और भविष्य में भी यह कार्यवाही जारी रहेगी।

### हारून मेमन को सांसद प्रतिनिधि के रूप में मिली ज़िम्मेदारी



मनेन्द्रगढ़, 08 जून (देशबन्धु)। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने खनिज संसाधन विभाग का हारून मेमन जी को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

हारून मेमन जी क्षेत्र के एक सक्रिय और समर्पित कांग्रेस कार्यकर्ता हैं। वह लंबे समय से पार्टी के लिए निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं और क्षेत्रीय स्तर पर जनसमस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इस नियुक्ति से क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सड़क पर हर नागरिक बने 'राहवीर' पुलिस की अनोखी पहल



जांजगीर, 08 जून (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य न केवल सड़क दुर्घटनाओं को कम करना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर यानी पहले एक घंटे में सही इलाज मिल सके।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप व यातायात के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उदयन बेहार के नेतृत्व में जिले के हर थाने और चौकी क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

ग्राम पीथमपुर जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में भी जाकर पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से सीधे संवाद किया।

#### क्या है 'राहवीर योजना'

यह योजना स्वैच्छिक नागरिक सहायता पर आधारित है। यदि कोई नागरिक सड़क दुर्घटना के बाद घायल को अस्पताल पहुंचाता है, तो उसे 25,000 रू तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे नागरिकों को कानूनी कार्यवाही या पूछताछ से छूट प्राप्त होती है — जिससे आम लोग बिना किसी डर के आगे आ सकें।

#### गोल्डन ऑवर का महत्व

गंभीर सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में पहले एक घंटे के अंदर चिकित्सा मिलने से व्यक्ति की जान बचने की संभावना बहुत अधिक होती है। इसीलिए राहवीर योजना इसी समय को केंद्र में रखकर कार्य करती है।

#### इनाम और सम्मान दोनों

एक राहवीर यदि एक या अधिक लोगों की जान बचाता है, तो उसे 25,000 रू तक का इनाम मिलता है। यदि कई राहवीर मिलकर मदद करते हैं, तो यह राशि उनके बीच बांटी जाती है। प्रत्येक को नकद के साथ प्रशंसा पत्र भी दिया जाता है। राष्ट्र स्तरीय सम्मान के लिए 10 श्रेष्ठ राहवीरों को 1 लाख का पुरस्कार देने का भी प्रावधान है। पुलिस और चिकित्सा अधिकारी मिलकर घटना की पुष्टि करते हैं। प्रमाण पत्र में राहवीर का नाम, संपर्क, स्थान, तिथि और सहायता का विवरण दर्ज होता है।

#### 'हिट एंड रन' मामलों में मुआवजा

2022 में लागू योजना के अनुसार, यदि कोई व्यक्ति हिट एंड रन मामले में घायल होता है तो उसे 50,000 रू तक और मृत्यु की स्थिति में 2 लाख तक का मुआवजा प्राप्त होता है।

# देश विदेश


## अमेरिका ने ब्रिटेन में नए चीनी दूतावास को लेकर लंदन को चेताया

**वाशिंगटन,** 8 जून (एजेंसियां)। अमेरिका ने लंदन को चेताया है कि वह अपने देश के महत्वपूर्ण वित्तीय केंद्रों के पास एक नया चीनी दूतावास खोलने की योजना पर विचार नहीं करे। चीनी सरकार ने छह साल पहले लंदन में एक ऐतिहासिक इमारत खरीदी थी जिसमें रॉयल मिंट हुआ करता था। चीन को हालांकि फिलहाल वहां नया दूतावास खोलने की अनुमति नहीं मिल पाई है। 'फाइनेंशियल टाइम्स' की रिपोर्ट के अनुसार जनवरी में ब्रिटेन, चीन को कई शर्तों के साथ यूरोप का सबसे बड़ा दूतावास खोलने की अनुमति दे सकता है। अमेरिका अपने सबसे करीबी सहयोगियों में से एक के संवेदनशील संचार तक चीन को संभावित पहुंच प्रदान करने के बारे में गहराई से चिंतित है।

# ईरान परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार

**तेहरान,** 8 जून (एजेंसियां)। ईरान अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण को तैयार है। इसकी जानकारी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने दी। उन्होंने कहा कि उनका देश अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के लिए तैयार है, लेकिन वह किसी दबाव को स्वीकार नहीं करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, पेजेशकियन ने शनिवार को ईरान की राजधानी तेहरान में कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूर्टलेउ के साथ बैठक में यह टिप्पणी की। दरअसल, वह तेहरान और वाशिंगटन के बीच चल रही अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता पर टिप्पणी कर रहे थे। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, उन्होंने कहा कि ईरान की परमाणु गतिविधियां पूरी तरह से पारदर्शी हैं और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने भी इसकी बार-बार पुष्टि की है।

ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने कहा कि चूंकि हम निरीक्षण के लिए तैयार हैं, इसलिए हम राष्ट्रों को ज्ञान, प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक उपलब्धियों से वंचित करना अस्वीकार्य मानते हैं। उन्होंने आगे कहा कि ईरान हमेशा तार्किक चर्चा सुनने के लिए तैयार है, लेकिन वह



कभी भी जबरदस्ती और धौंस को स्वीकार नहीं करेगा।

उधर, कजाकिस्तान के विदेश मंत्री ने शांतिपूर्ण परमाणु गतिविधियों पर ईरान के सिद्धांतवादी और तार्किक रुख के प्रति अपने देश का सम्मान व्यक्त किया। नूर्टलेउ ने कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव का लिखित संदेश पेजेशकियन को सौंपा। नूर्टलेउ ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यह संदेश दोनों देशों के संबंधों में एक नया अध्याय जोड़ेगा।

बयान के अनुसार, दोनों पक्ष सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमत हुए। सरकारी समाचार एजेंसी इरना के अनुसार, कजाकिस्तान

**ईरान हमेशा तार्किक चर्चा सुनने के लिए तैयार है, लेकिन वह कभी भी जबरदस्ती व धौंस को स्वीकार नहीं करेगा : मसूद पेजेशकियन**

के विदेश मंत्री शनिवार सुबह तेहरान पहुंचे और उनके ईरानी समकक्ष सईद अब्बास अराघची ने उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बैठक की तथा राजनयिक अभिलेखागार के क्षेत्र में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका ने तेहरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के मुद्दे पर पांच बार अप्रत्यक्ष वार्ता की, जिसकी मध्यस्थता ओमान ने की है।

### ईरान ने की अमेरिकी यात्रा प्रतिबंध की निंदा

तेहरान। ईरान ने शनिवार को ईरान सहित कई देशों के नागरिकों को लक्षित करने वाले अमेरिका के नए यात्रा प्रतिबंध की कड़ी निंदा की, और इस कदम को ईरानियों के प्रति गहरी शत्रुता का स्पष्ट संकेत बताया। ईरान के विदेश मंत्रालय ने सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' द्वारा रिपोर्ट किए गए एक बयान में अमेरिकी सरकार के फैसले की निंदा की, जिसमें जोर दिया गया कि प्रतिबंध केवल राष्ट्रीयता और धर्म के आधार पर व्यक्तियों को लक्षित करते हैं। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी नीतियां भेदभावपूर्ण मानसिकता को दर्शाती हैं और अंतरराष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं, जिसमें गैर-भेदभाव और मानवाधिकारों के सम्मान के सिद्धांत शामिल हैं। बयान में संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार निकायों से वाशिंगटन के एकतरफा और भेदभावपूर्ण उपायों का सार्वजनिक रूप से विरोध करने का आह्वान किया गया। इसने यह भी पुष्टि की कि ईरान अपने नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने और अमेरिकी प्रशासन द्वारा इस तरह की कार्रवाइयों के परिणामों का जवाब देने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिमों का हवाला देते हुए बुधवार शाम को कुछ देशों से यात्रा पर प्रतिबंध लगाने संबंधी घोषणा पर हस्ताक्षर किए।

## एस जयशंकर की यूरोप यात्रा शुरू, रणनीतिक संबंधों को मजबूत बनाने पर देंगे जोर

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत की रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं का पता लगाने के लिए 8 से 14 जून तक फ्रांस, यूरोपीय संघ और बेल्जियम की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने इसकी जानकारी दी। इस यात्रा का उद्देश्य मौजूदा संबंधों को और मजबूत करना और प्रमुख यूरोपीय साझेदारों के साथ भारत की भागीदारी को सुदृढ़ करना है। पेरिस और मार्सिले में जयशंकर फ्रांस के यूरोप और विदेश मामलों के मंत्री जीन-नोएल बैरोट के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। फ्रांस में उनके कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेतृत्व, थिंक टैंक और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी शामिल होंगी।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत और फ्रांस ने रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं। फ्रांस के साथ हमारे संबंध गहरे विश्वास और प्रतिबद्धता पर आधारित हैं। कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर दोनों देश समान दृष्टिकोण साझा करते हैं। मार्सिले में जयशंकर भूमध्यसागरीय रायसीना वार्ता के उद्घाटन संस्करण में भाग लेंगे, जो इस क्षेत्र में रणनीतिक चर्चाओं के लिए एक नया मंच है।

यात्रा के अगले चरण में जयशंकर वह यूरोपीय संघ के उच्च प्रतिनिधि और उपाध्यक्ष काजा कालास के साथ रणनीतिक वार्ता करेंगे और यूरोपीय आयोग और यूरोपीय संसद के शीर्ष नेताओं से मिलेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : सोमवार 9 जून , 2025 ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज दिन में स्नेहीजनों और मित्रों के साथ आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। नए वस्त्र तथा आभूषणों की खरीदी कर सकेंगे। सामाजिक रूप से मान-सम्मान प्राप्त होगा। दोपहर के बाद आप को संयमित व्यवहार करना पड़ेगा।

वृषभ - व्यापार के लिए आज का दिन बहुत लाभदायी है। पारिवारिक वातावरण भी सुख-शांति का बना रहेगा। विरोधियों पर आप को विजय प्राप्त होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए स्थल पर सहकर्मी विशेष सहायक बनेंगे।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# मंगोलिया में सेना का आतंकवाद विरोधी संयुक्त सैन्य अभ्यास जारी

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। भारत और मंगोलिया की सेना आतंकवाद विरोधी अभियानों और सटीक निशानेबाजी के एक विशेष अभ्यास पर ध्यान केंद्रित कर रही है। दोनों देशों की सेना, मंगोलिया में एक संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलीफेंट' कर रही हैं। दोनों देशों की सैन्य टुकड़ियां यहां सक्रिय रूप से सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान कर रही हैं और अंतर-संचालन क्षमता में सुधार कर रही हैं।

भारत और मंगोलिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'नोमैडिक एलीफेंट' का यह 17वां संस्करण है। रविवार को भी यह सैन्य अभ्यास मंगोलिया के उलानबटोर स्थित स्पेशल फोर्सेस ट्रेनिंग सेंटर में पूरे उत्साह के साथ जारी रहा। भारतीय सेना के मुताबिक यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के जनादेश के तहत अर्ध-शहरी और पर्वतीय क्षेत्रों में गैर-पारंपरिक अभियानों के संचालन पर केंद्रित है। इसका उद्देश्य दोनों सेनाओं की



■ **'नोमैडिक एलीफेंट' का 17वां संस्करण है**

संचालन क्षमता को बढ़ाना है। भारत और मंगोलिया की सेनाएं आतंकवाद-रोधी अभियानों और सटीक स्नाइपिंग जैसे क्षेत्रों में सर्वोत्तम अभ्यास साझा कर रही हैं। इससे आपसी तालमेल और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूती मिल रही है। भारतीय सेना का मानना है कि संयुक्त अभ्यास दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा सहयोग का प्रमाण है।

## फिलीस्तीनी मुजाहिदीन ब्रिगेड के प्रमुख को मार गिराया : इजरायल

**गाजा,** 8 जून (एजेंसियां)। इजरायली सेना ने कहा कि उसके बलों ने गाजा शहर में हमलों में फिलीस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन के कम से कम दो वरिष्ठ सदस्यों को मार गिराया है, जिसमें एक कमांडर भी शामिल है, जिस पर 7 अक्टूबर को इजरायल पर हुए घातक हमले में शामिल होने का आरोप है।

आईडीएफ और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि फिलीस्तीनी मुजाहिदीन आंदोलन की सशस्त्र शाखा मुजाहिदीन ब्रिगेड के प्रमुख असद अबू शरैया को एक संयुक्त अभियान में मार गिराया गया। उन्होंने अबू शरैया पर 2023 में हमास के नेतृत्व वाले हमले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और इजरायली बंधकों के अपहरण, हिरासत और हत्या में सीधे तौर पर शामिल होने का आरोप लगाया। एक अलग हमले में, अक्टूबर 2023 के हमले में भाग लेने वाले एक अन्य आतंकवादी महमूद मुहम्मद हामिद कुहैल को भी मार गिराया गया।

## कोलंबियाई राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार को रैली में मारी गोली, किशोर गिरफ्तार

**बोगोटा,** 8 जून (एजेंसियां)। कोलंबिया के सीनेटर और 2026 के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार मिगुएल उरीबे को बोगोटा में एक अभियान कार्यक्रम के दौरान गोली मार दी गई, अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

रूढ़िवादी विपक्षी डेमोक्रेटिक सेंटर पार्टी के प्रमुख सदस्य 39 वर्षीय सीनेटर को शनिवार को राजधानी के फोंटिबोन पड़ोस में एक सार्वजनिक पार्क में समर्थकों को संबोधित करते समय कथित तौर पर पीठ में गोली मार दी गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जब उरीबे भाषण दे रहे थे, तभी हथियारबंद लोगों ने उनकी पीठ में गोली मार दी। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में वह क्षण कैद हुआ है, जब गोलीबारी की आवाज आई और उनके संबोधन में बाधा उत्पन्न हुई।



अन्य चित्रों में उरीबे एक सफेद कार के बोनट पर झुके हुए दिखाई दे रहे हैं, वे स्पष्ट रूप से घायल हैं और खून से सने हुए हैं तथा लोग उन्हें सहारा देने के लिए दौड़ रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीनेटर की गर्दन या सिर में कम से कम एक गोली लगी है। उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल उनकी वर्तमान चिकित्सा स्थिति पर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। कोलंबिया के रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने जानकारी दी कि गोलीबारी के सिलसिले में एक 15 वर्षीय लड़के को गिरफ्तार किया गया।

## पीएम मोदी की जी-7 में भागीदारी भारत-कनाडा संबंधों को फिर से मजबूत करने का मौका : श्रीवास्तव

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय राजनयिक डी.पी. श्रीवास्तव ने रविवार को कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी कनाडा यात्रा भारत-कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को बहाल करने का एक सही अवसर प्रस्तुत करती है, जो 2023 से तनावपूर्ण बने हुए हैं।

श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने जी7 शिखर सम्मेलन में जाने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। इसलिए, फोकस वैश्विक मुद्दों पर होगा, द्विपक्षीय संबंधों पर नहीं। निश्चित रूप से, जब नेता मिलते हैं, तो वे सभी मुद्दों पर चर्चा करते हैं, और यह द्विपक्षीय संबंधों को संतुलित करने का एक अच्छा अवसर होगा। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से शुक्रवार को जी7 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए पीएम मोदी को औपचारिक निमंत्रण मिला, जहां भारत एक आउटरीच देश के रूप में भाग लेगा। हालांकि भारत जी7 का स्थायी सदस्य नहीं है, लेकिन जी7 में शामिल होना फिर से उसके बढ़ते भू-राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव को मान्यता देने का संकेत देता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के कनाडा की धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाने के बाद 2023 में भारत-कनाडा संबंधों पर गंभीर




■ **खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत की संलिप्तता के आरोप लगाने के बाद भारत-कनाडा संबंधों पर पड़ा गंभीर असर**

असर पड़ा। भारत ने आरोपों को बेतुका और राजनीति से प्रेरित बताया। दोनों देशों द्वारा राजनयिकों को निष्कासित करने, व्यापार वार्ता को रोकने और आधिकारिक यात्राओं को निलंबित करने के साथ गतिरोध बढ़ गया।

श्रीवास्तव ने कहा कि कनाडा के साथ हमारे अच्छे संबंध थे और मेरा मानना है कि आतंकवाद के प्रभाव के बारे में वहां की नई सरकार में भारत की स्थिति के बारे में बेहतर समझ है। नई सरकार इन घटनाओं का चुनावी कार्ड के रूप में उपयोग करने की संभावना नहीं रखती। इसलिए हमें उम्मीद है कि यह यात्रा दोनों देशों के बीच स्पष्ट समझ पैदा करेगी।

## आज का इतिहास

1659 – दादर के बलूची प्रमुख जीवन खान ने धोखे से मुगल राजकुमार दारा शिकोह को औरंगजेब को सौंप दिया।

1720 – स्वीडन और डेनमार्क के बीच तीसरी स्टॉकहोम संधि पर हस्ताक्षर किये गये।

1815 – इसी दिन लक्ज़मबर्ग फ़्रांसीसी कब्जे से स्वतंत्र हुआ।

1931 – डोनाल्ड डक कार्टून पहली बार इसी दिन प्रदर्शित किया गया था।

1940 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नॉर्वे ने जर्मनी के सामने आत्मसमर्पण कर दिया।

1945 – ऑस्ट्रेलियाई सेना ने ब्रुनेई की खाड़ी में उत्तरी बोर्नियो क्षेत्र में प्रवेश किया।

1946 – स्कॉटिश उपन्यासकार और नोबेल पुरस्कार विजेता जेम्स केलमैन का जन्म हुआ।

1962 – अमेरिकी लेखक और बुकर पुरस्कार विजेता पॉल बीटी का जन्म हुआ।

1964 – इस दिन लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने।

1870 – अंग्रेजी लेखक और सामाजिक आलोचक चार्ल्स डिकेंस का निधन हुआ।

1875 – हेनरी हैलेट डेल , एक अंग्रेजी फार्माकोलॉजिस्ट और नोबेल पुरस्कार विजेता का जन्म हुआ।

1975 – ब्रिटिश संसद की कार्यवाही का आम जनता के लिए सीधा प्रसारण शुरू हुआ।

1978 – जेन हैडफील्ड , एक ब्रिटिश कवि और दृश्य कलाकार, का जन्म हुआ।

**मामला** डोनाल्ड ट्रंप फेडरल-आईसीई एजेंट्स पर हमले को लेकर सख्त

# लॉस एंजिल्स में 2 नेशनल गार्ड्स की तैनाती का किया ऐलान

**लॉस एंजिल्स,** 8 मई (एजेंसियां)। लॉस एंजिल्स में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2000 नेशनल गार्ड्स की तैनाती का ऐलान किया है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, लॉस एंजिल्स में अप्रवासी समुदायों और अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद यह फैसला लिया गया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कैलिफोर्निया के गवर्नर और लॉस एंजिल्स के मेयर को इस परिस्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर फटकार लगाई है। ट्रंप ने शुक्रवार को हुई आगजनी की घटनाओं पर सख्त रवैया अपनाते हुए लिखा कि यदि कैलिफोर्निया के गवर्नर गैविन न्यूस्कम और लॉस एंजिल्स के मेयर करेन बास अपना काम नहीं कर सकते।

■ **आईसीई की ओर से की जा रही छापेमारी ने पूरे शहर में हड़कंप मचा दिया**

जिसके बारे में सभी जानते हैं कि वे नहीं कर सकते, तो संघीय सरकार हस्तक्षेप करेगी और दंगों और लुटेरों की समस्या का समाधान करेगी, जिस तरह से इसका समाधान किया जाना चाहिए। वहीं व्हाइट हाउस द्वारा जारी एक्स पोस्ट में - लॉ एंड ऑर्डर लिखा गया।

समाचार एजेंसी सिंहुआ के मुताबिक, लॉस एंजिल्स में अमेरिकी इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट (आईसीई) की ओर से की जा रही छापेमारी ने पूरे शहर में हड़कंप मचा दिया। इस ऑपरेशन के दौरान 44 लोगों को हिरासत में लिया गया, जिससे अप्रवासी समुदायों में आक्रोश



फैल गया। इस छापेमारी के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। इसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच कई जगहों पर टकराव की स्थिति भी पैदा हो गई। ऑनलाइन पोस्ट किए गए कुछ वीडियो में दिखा कि शुक्रवार दोपहर को लगभग सौ प्रदर्शनकारियों की इमिग्रेशन एजेंटों के साथ झड़प हुई, जब फैशन डिस्ट्रिक्ट में एक कपड़े की दुकान पर कई कर्मचारियों को हथकड़ी में हिरासत में लिया गया।

सर्विस एम्प्लॉइज इंटरनेशनल यूनियन कैलिफोर्निया ने एक बयान जारी कर कहा कि छापेमारी के दौरान यूनियन के अध्यक्ष डेविड ह्यूर्टा घायल हो गए और हिरासत में लिए गए। कैलिफोर्निया के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट के यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी बिल एसेली ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि ह्यूर्टा को संघीय अधिकारियों के काम में दखल देने के लिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उन्होंने जानबूझकर उनके वाहन को रोककर बाधा डाली। एसेली ने यह भी कहा कि संघीय एजेंट कथित फर्जी कर्मचारी दस्तावेजों के लिए फैशन डिस्ट्रिक्ट में तलाशी वारंट जारी कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मानने का कारण है कि नियोक्ता अपने कुछ कर्मचारियों के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहा था। शाम को, छापेमारी का विरोध करने के लिए लॉस एंजिल्स के डाउनटाउन में लगभग 500 लोग एकत्र हुए।

## सुडोकू 6938

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | 4 | | | 3 | | | 5 |
| | | 3 | 5 | | | 2 | 6 | |
| | | | | | 2 | 9 | 4 | |
| | | | 8 | 4 | 7 | | | |
| | 8 | 6 | 3 | | | | | |
| | 2 | 5 | | | 8 | 1 | | |
| 6 | | | 7 | | | 5 | | |
| 1 | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6938

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. राज्याभिषेक, राजतिलक(उर्दू)
३. एक वाद्य यंत्र
५. पाप, धर्मविरुद्ध
६. नौ सैनिक, जल सेना का सिपाही
७. संबंधी, परिजन (उर्दू)
९. किसी की स्मृति में बना भवन आदि
१०. शायद
१२. चटनी, अवलेह (उर्दू)
१३. चौकीदार,प्रहरी
१४. प्रशंसित
१६. धक्का, दबाव, रगड़ा, संकट की चपत, तमाचा
१८. दुख, कष्ट, उदासी, चिड़चिड़ापन
२०. तीव्र इच्छा
२१. रसीला
२३. सृजनात्मक

**ऊपर से नीचे:-**

१. दो वस्तुओं के परस्पर घट-बढ़ होने का भाव
२. तालाब
३. लज्जाजनक (उर्दू)
४. प्राचीनकालीन एक विश्वविद्यालय
५. अचानक, सहसा
८. होंठ
१०. भैंस का नर बच्चा
११. जिस पर निशान लगा हो
१२. रामायण में उल्लेखित एक मायावी
१३. पूरा किया हुआ, समृद्ध, धनी
१४. मिलना, सभा, जलसा
१५. उपयोगी, लाभप्रद
१७. जटिल, घुमावदार(उर्दू)
१८. कली का विकसित होना, फूलना
१९. नक्षत्र, आंख की पुतली
२२. किरण

### वर्ग पहेली-6937

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ वृ | था | २ क | था | ■ | ■ | ३ वि | ष | ४ पा | न |
| द्धा | ■ | न | ■ | ५ स | र्व | दा | ■ | व | ■ |
| ६ व | र्द्ध | क | ■ | मा | ■ | ७ र | हा | स | ८ हा |
| स्था | ■ | म | ■ | ९ धा | त्वि | क | ■ | ■ | मी |
| ■ | १० नि | य | ११ म | न | ■ | ■ | १२ दु | र्ल | भ |
| ■ | बा | ■ | ला | ■ | १३ का | फि | ला | ■ | र |
| १४ व | ध | १५ स्थ | ल | ■ | नू | ■ | १६ र | १७ च | ना |
| श | ■ | गि | ■ | १८ अ | नी | १९ ति | ■ | क | ■ |
| २० व | र्जि | त | ■ | न्य | ■ | २१ मि | थ्या | वा | २२ दी |
| र्ती | ■ | ■ | २३ क | था | सा | र | ■ | ■ | प |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

### सुडोकू 6938 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 4 | 3 | 1 |
| 2 | 6 | 4 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 5 | 9 | 4 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 6 | 5 | 2 | 9 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 2 | 8 | 4 | 7 | 6 | 1 | 3 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 | 8 | 6 |

## दुनिया को जानें

### मंगल पर मिला धरती से भी बड़ा ज्वालामुखी, मौना लोआ से भी दोगुनी है ऊंचाई

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। नासा ने मंगल ग्रह की एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इसमें मंगल पर मौजूद 20 किलोमीटर ऊंचा ज्वालामुखी देखा जा सकता है। आसपास बादलों से घिरा यह ज्वालामुखी धरती के सबसे बड़े ज्वालामुखी से लगभग दोगुना ऊंचा है। हवाई के मौना लोआ को धरती का सबसे ऊंचा ज्वालामुखी कहा जाता है।

समुद्रतल से इसकी ऊंचाई 9 किलोमीटर है। वहीं 120 किलोमीटर की चौड़ाई के साथ यह धरती का सबसे बड़ा ज्वालामुखी है। हालांकि मंगल पर मिले ज्वालामुखी के सामने मौना लोआ भी बौना नजर आ रहा है। नासा के द्वारा 2001 में लॉन्च किया गया ओडिसी ऑर्बिटर ने मंगल ग्रह की यह तस्वीर शेयर की है। नासा ने 2 मई को थर्मल एमिशन इमेजिंग सिस्टम से मंगल ग्रह के इस ज्वालामुखी की तस्वीर खींची थी। यह पहली बार है जब मंगल ग्रह से इतने बड़े ज्वालामुखी की फोटो सामने आई है। जॉनथन हिल के अनुसार हमने अर्सिया मान्स को इस उम्मीद से चुना था कि सुबह-सुबह हम बादलों के ऊपर से ज्वालामुखी के शिखर को देख सकेंगे और इसने हमें निराश नहीं किया।

# खेल जगत

## टैमी और एमी का वनडे में प्रभावशाली प्रदर्शन मेरे लिए अहम : एडवर्ड्स

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में जीत के दौरान टैमी ब्यूमोंट और एमी जोंस की मजबूत बल्लेबाजी साझेदारियों को देखना उनके लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज में इंग्लैंड की जीत के साथ चार्लोट के कोचिंग कार्यकाल की यादगार और रोमांचक शुरुआत हुई है। चार्लोट एडवर्ड्स ने कहा कि इंग्लैंड टीम के साथ वापस आना बेहद खास रहा है। बतौर कोच मेरे करियर की शानदार शुरुआत हुई है। इस सीरीज में कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन निश्चित तौर पर बेहद प्रभावी रहा। एडवर्ड्स ने कह कि मैं वास्तव में सभी नए खिलाड़ियों को देखती हूं जो टीम में आए हैं। सभी ने मिले अवसरों का लाभ उठाया है। टीम को आगे बढ़ाने के लिए वास्तव में हमें इसी की जरूरत भी है।



## द. अफ्रीकी बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का करना होगा सम्मान : एबी डिविलियर्स

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली भिड़ंत से पहले प्रोटियाज बल्लेबाजों को अहम सलाह दी

■ 18 टेस्ट मैचों में इस टीम को छह मैचों में जीत मिली है जबकि 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है

है। डिविलियर्स ने कहा है कि पहला ओवर हो या पारी का कोई भी ओवर हो, दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का सम्मान करना होगा। लॉर्ड्स में साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच 11 से 15 जून तक विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2025 का फाइनल खेला जाना है। दक्षिण अफ्रीकी टीम का लॉर्ड्स में साधारण प्रदर्शन रहा है। 18 टेस्ट मैचों में इस टीम को छह मैचों में जीत मिली है जबकि 8 मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। चार मैच ड्रॉ रहे हैं। डिविलियर्स ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि लॉर्ड्स का मैदान खेलने के लिए मुश्किल है। दुनिया के अधिकांश मैदानों की तुलना में यहां गेंद ज्यादा समय तक घूमती रहती है। रन बनाना मुश्किल होता है। बल्लेबाजों को मेरी यही सबसे अच्छी सलाह है कि गेंदबाजों का सम्मान करें, चाहे वह पहला ओवर हो या 67वां ओवर। बस खेल का सम्मान करें। डिविलियर्स ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि लॉर्ड्स में, आप आम तौर पर एक सीम गेंदबाज के रूप में थोड़ा



फुल लेंथ पर बॉलिंग करना चाहते हैं और परिस्थितियों का सर्वश्रेष्ठ लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। स्विंग गेंदबाजों के लिए हमेशा मूवमेंट होता है। इसलिए मैं शायद अपने गेंदबाजों से जितना संभव हो सके, फुल और सीधी गेंदबाजी करने का आग्रह करूंगा। टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, श्रीलंका और पाकिस्तान पर लगातार सात जीत के साथ 2023-25 डब्ल्यूटीसी अंकतालिका में शीर्ष पर रही और 69.44 प्रतिशत अंक लेकर फाइनल में जगह बनाई। लॉर्ड्स, साउथेम्प्टन (2021) में रोज बाउल और लंदन (2023) में 'द ओवल' के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करने वाला इंग्लैंड का तीसरा स्टेडियम बन जाएगा।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल में जीत से दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट क्रिकेट में आएगा बदलाव: बाउचर

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर का मानना है कि टेम्बा बावुमा की अगुवाई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जीतना देश में टेस्ट क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। दक्षिण अफ्रीका 11 जून को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी (2023-2025) का फाइनल खेलेगा। टीम पहली बार डब्ल्यूटीसी के फाइनल में पहुंची है। डब्ल्यूटीसी 2023-25 के चक्र में लगातार सात मैच जीतकर दक्षिण अफ्रीका ने 69.44 अंक प्रतिशत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। फाइनल की तैयारी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम अरुंडेल में जिम्बाब्वे के साथ अभ्यास मैच खेल रही है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने बाउचर के हवाले से कहा कि बहुत से लोगों ने हमारी आलोचना की है, जो उचित नहीं है। हमने जिस भी टीम के खिलाफ खेला, सम्मान के साथ खेला और उन्हें हराया। फाइनल में भी हमें जीत की उम्मीद है। बाउचर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के फाइनल में पहुंचने से ऐसा नहीं है कि देश में दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि फाइनल के दौरान बहुत से लोग लंदन की यात्रा करेंगे। अपने रैंड खर्च करेंगे और एक अच्छा मैच देखने जाएंगे। मुझे लगता है यह मैच हमारे देश में टेस्ट क्रिकेट में बदलाव लाएगा। मार्क बाउचर का मानना है कि जब तक हम कोई बड़ा आईसीसी इवेंट नहीं जीत लेते, हमारे साथ चोकर्स का टैग जुड़ा रहेगा। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका 2024 टी20 विश्व कप फाइनल में हारी थी। वहीं, महिला टीम को भी टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में न्यूजीलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि हमारे युवा चोकर्स का टैग ढो रहे हैं, लेकिन भविष्य उनके हाथ में है और वे उसे बदल सकते हैं।

## इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टेस्ट टीम ने अपनी ट्रेनिंग शुरू की

**लंदन,** 8 जून (एजेंसियां)। ब्रिटेन पहुंचने के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टेस्ट टीम ने अपनी ट्रेनिंग शुरू कर दी है। पांच मैचों की तैयारी के लिए युवा टीम ने प्रशिक्षण सत्र में हिस्सा लिया। इस टेस्ट सीरीज के साथ टीम इंडिया के लिए 2025-27 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत भी हो जाएगी।

यह सीरीज भारतीय क्रिकेट के लिए एक नए युग की शुरुआत का भी संकेत है, क्योंकि रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। भारत का लक्ष्य 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना है।

बीसीसीआई ने सोशल मीडिया पर भारत के प्रशिक्षण सत्र की एक झलक साझा करते हुए कैप्शन लिखा, इंग्लैंड में टीम इंडिया की लय में आने की पहली झलक। वीडियो में, टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह नए कप्तान शुभमन गिल, अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और ऋषभ पंत के साथ प्रशिक्षण अभ्यास में शामिल हुए।



■ पांच मैचों की यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होगी

■ भारत का लक्ष्य 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतना

ये एक कड़ा और तेज ट्रेनिंग सेशन था, जो लॉर्डस इंडोर क्रिकेट सेंटर में मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनकी कोचिंग टीम की निगरानी में हुआ। पांच मैचों की यह सीरीज 20 जून को लीड्स में शुरू होगी, जिसके बाद बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा। लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड 10 जुलाई से शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट की मेजबानी करेगा। ओल्ड ट्रैफर्ड और केनिंग्टन ओवल क्रमश: सीरीज के चौथे और पांचवें टेस्ट की मेजबानी करेंगे। रोहित शर्मा के टेस्ट से संन्यास लेने के बाद गिल को भारत का 37वां टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए ओपनिंग की और नंबर तीन बल्लेबाज के तौर पर भी खेला है। 32 टेस्ट में गिल ने 35.1 की औसत से 1893 रन बनाए हैं, जिसमें उनके नाम पांच शतक और सात अर्द्धशतक शामिल हैं।

**भारत की टीम :** शुबमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जड़ेजा. ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव

## ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को इंग्लैंड में टेस्ट खेलने का ज्यादा अनुभव : फिंच

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी को दक्षिण अफ्रीका पर थोड़ी बढ़त हासिल है, क्योंकि ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को इंग्लैंड में टेस्ट खेलने का ज्यादा अनुभव है। ये दोनों टीमें 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स मैदान में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में आमने-सामने होंगी। फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि दोनों टीमों की गेंदबाजी बहुत ही मजबूत है। ऑस्ट्रेलिया के पास मिशेल स्टार्क, पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और स्कॉट बोलैंड जैसे गेंदबाज हैं। इनके साथ नाथन लायन भी हैं जो स्पिन गेंदबाज हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका के पास कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को जानसेन और



फिंच ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा कि दोनों टीमों की गेंदबाजी बहुत ही मजबूत : आरोन फिंच

केशव महाराज [illegible] है।

जैसे अच्छे गेंदबाज हैं। फिंच ने बताया कि दोनों टीमों की गेंदबाजी बराबरी की है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को थोड़ा फायदा इस वजह से है क्योंकि उनके गेंदबाज इंग्लैंड में ज़्यादा टेस्ट मैच खेल चुके हैं और वहां की पिचों को अच्छे से समझते

ऑस्ट्रेलिया ने साल 2023 में वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब भारत को हराकर जीता था। तब पैट कमिंस टीम के कप्तान थे। उनके नेतृत्व में टीम का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा है। खासकर जब ऑस्ट्रेलिया ने 10 साल बाद भारत को घरेलू मैदान पर 3-1 से हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती थी। साल 2023-25 के वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकिल में ऑस्ट्रेलिया ने अब तक छह में से चार सीरीज जीत ली हैं। आरोन फिंच 2021 में टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाले कप्तान थे। उन्होंने पैट कमिंस की कप्तानी की तारीफ करते हुए कहा कि कमिंस की कप्तानी बेहतरीन है। वह हर दिन बेहतर हो रहे हैं। सिर्फ मैदान पर ही नहीं, बल्कि मैदान के बाहर भी वे टीम को अच्छे से संभालते हैं। अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान के लिए यह बहुत जरूरी है कि वह टीम को एकजुट रखे। उनकी और कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड की जोड़ी ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट के लिए शानदार साबित हो रही है।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम करीबी मुकाबले में नीदरलैंड से 2-1 से हारी



■ भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है

**एम्स्टेलवीन,** 8 जून (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 में नीदरलैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले में 2-1 से हार का सामना करना पड़ा है। एम्स्टेलवीन में वेगनर हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में पहले हाफ के शुरुआती चरणों में भारतीय टीम ने उम्मीदों पर खरा उतरते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। हालांकि, मेजबान टीम ने जोरदार वापसी की और अंतत: थिज वैन डैम के दो गोल दागे। इसमे 58वें मिनट में किया गया विजयी गोल भी शामिल था। प्रतियोगिता में अभी सात मैच बाकी हैं और भारत फिलहाल 15 अंकों के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर है।

मैच के बाद भारतीय टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि हमने पहले हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन तीसरा क्वार्टर उतना अच्छा नहीं रहा। चौथे क्वार्टर में हमने फिर से अच्छा प्रदर्शन किया और गेंद को अपने पास रखने में सफल रहे लेकिन हम गोल नहीं कर पाए, इस तरह हारना दुर्भाग्यपूर्ण है। टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि प्रदर्शन में सुधार के साथ हम जवाब देने के लिए तैयार हैं। हमारी टीम के विपक्षी को हराने की क्षमता रखती है और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि हम आगे आने वाले महत्वपूर्ण मैचों में मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ दें। उल्लेखनीय है कि नौ जून भारतीय टीम एक बार नीदरलैंड से भिड़ेगी।

## सार संक्षेप

### भारतीय पुरुष मिश्रित दिव्यांग ने प्रशिक्षण शिविर शुरू किया

**जयपुर।** भारतीय पुरुष मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 21 जून से शुरू होने वाली सात मैचों की टी2 सीरीज से पहले रविवार को जयपुर में अपना तैयारी प्रशिक्षण शिविर शुरू किया। मिक्स्ड डिसेबिलिटी वाइटैलिटी टी2 सीरीज 21 जून 225 को टॉन्टन में शुरू होगी। सीरीज का समापन 3 जुलाई को ब्रिस्टल में सातवें टी2 के साथ होगा। जयपुर में प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी नेट पर बल्लेबाजी और गेंदबाजी का कड़ा अभ्यास करेंगे। वह अपनी तकनीक और मैच जागरुकता को निखारेंगे। मुख्य कोच रोहित झालानी सहित कोच खिलाड़ियों को चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन करेंगे। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) द्वारा आयोजित यह शिविर 8 से 13 जून तक जयपुरिया क्रिकेट अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। सभी चयनित खिलाड़ी जयपुर पहुंच चुके हैं।

### एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर ने नागपुर टाइटन्स को नौ विकेट से हराया

**नागपुर।** एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर्स ने अपने सलामी बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत नागपुर टाइटन्स को नौ विकेट से हरा दिया। जीत के लिए जरूरी 133 में से 127 रन सलामी बल्लेबाजों ने ही बनाए। आर्यम मेशराम की अर्धशतकीय पारी आकर्षण का केंद्र रही। एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर्स के सलामी बल्लेबाज आर्यम मेशराम ने 53 गेंदों में 85 रन बनाए जबकि दूसरे ओपनर वेदांत दिघाड़े ने 39 गेंदों में 41 रन की पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 127 रन जोड़े और नागपुर टाइटन्स के खिलाफ नौ विकेट से जीत दर्ज की। मैच नागपुर के जामथा में वीसीए स्टेडियम में खेला गया था। शून्य के स्कोर पर पहला विकेट खोने के बाद नागपुर टाइटन्स ने अपनी पारी को मजबूत करने की कोशिश की लेकिन वे लगातार विकेट खोते रहे।

## भारतीय स्क्वैश स्टार अनाहत सिंह ने जीते दो प्लेयर ऑफ द सीजन पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। भारत की नंबर वन महिला स्क्वैश खिलाड़ी अनाहत सिंह को पीएसए अवॉर्ड्स 2024-25 में दोहरे पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्होंने चैलेंजर वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन अवार्ड के साथ मिस्र की अमीना ओरफी के साथ यंग वूमेंस प्लेयर ऑफ द सीजन का पुरस्कार भी साझा किया। 17 वर्षीय अनाहत सिंह की चैलेंजर सर्किट में निरंतरता और बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें 2024-25 स्क्वैश सीजन का बेहतरीन खिलाड़ी बना दिया। अगस्त में उन्होंने सीजन की शुरुआत अपने राष्ट्रीय खिताब को सफलतापूर्वक बचाव करते हुए और एचसीएल स्क्वैश टूर



कोलकाता में जीत के साथ की थी। इस प्रदर्शन की बदौलत उन्हें पीएसए चैलेंजर प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतने में मदद मिली। उन्होंने 11 प्रतियोगिताओं में कुल नौ खिताब जीते, जिनमें 3के, 9के, 12के और 15के स्पर्धा में आठ चैलेंजर-स्तर की जीत शामिल रही। अनाहत ने टूर पर 29 मैचों में अपराजित रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया। इस वर्ष मार्च में मुंबई में आयोजित 15के-लेवेल स्पर्धा इंडियन ओपन में उन्होंने खिताब के सफर में अनुभवी जोशना चिनप्पा को हराया। इसके अलावा इस सीजन में उन्होंने जूनियर स्तर पर भी अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। इस दौरान उन्होंने जनवरी में ब्रिटिश जूनियर ओपन में अंडर-17 का खिताब जीता और भारत को हांगकांग चीन में एशियाई जूनियर टीम चैंपियनशिप में कांस्य पदक दिलाने में मदद की। शानदार फॉर्म की बदौलत उन्हें पीएसए रैंकिंग में शीर्ष 70 में पहुंचने में मदद की और उन्हें भारत की नंबर वन रैंक वाली महिला खिलाड़ी बना दिया। वह वर्तमान में दुनिया की 56वें नंबर की खिलाड़ी हैं।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की

**टॉन्टन,** 8 जून (एजेंसियां)। सेरा ग्लेन (तीन विकेट), एमिली आरलट (दो विकेट) के बाद कप्तान नेट सायबर ब्रंट (नाबाद 57) रनों की पारी की बदौलत इंग्लैंड ने वर्षा बाधित एकदिवसीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को डकवर्थ लुईस नियम (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया। किआना जोसेफ ने




■ बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज महिला टीम ने 21 ओवर में आठ विकेट पर 106 रन का स्कोर बनाया।

वेस्टइंडीज के लिए सर्वाधिक 34 रन बनाए। आलियाह एलेन ने (27), कप्तान शमेन कैंपबेल ने (18) रनों का योगदान दिया। जाहजरा क्लैक्सटन (11) रन बनाकर नाबाद रही। इंग्लैंड की ओर से सेरा ग्लेन ने तीन, एमिली आरलट ने दो विकेट लिये।

केट क्रॉस, लॉरिन फाइलर और शार्लेट डीन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। बारिश के कारण मुकाबले को 21-21 ओवरों का कर दिया गया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड ने मात्र 10.5 ओवरों में एक विकेट पर 109 रन बनाकर मुकाबला (डीएलएस पद्धति) से 61 रनों से जीत लिया।

इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली ने 21 गेंदों में (26) रनों की पारी खेली। कप्तान नेट सायबर ब्रंट 33 गेंदों में (नाबाद 57) और ऐलिस कैप्सी 11 गेंदों में (नाबाद 20) रनों की पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से एकमात्र विकेट करिश्मा रामहैरक को मिला। 21 रन देकर तीन विकेट लेने वाली सेरा ग्लेन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा सीरीज में 251 रन बनाने वाली एमी जोंस को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया है।

## पीवीएल के चौथे सत्र की नीलामी में तीन खिलाड़ी बिके सबसे महंगे

**कालीकट,** 8 जून (एजेंसियां) प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के चौथे सत्र के लिए रविवार को हुई नीलामी में तीन खिलाड़ी सबसे महंगे बिके। चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से जेरोम विनीत सी, कालीकट हीरोज ने स्थानीय खिलाड़ी शमीमुद्दीन और कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने विनीत कुमार को 22.5 लाख रुपए में खरीदा। आज यहां आयोजित नीलामी में देशभर की टीमों ने बड़े-बड़े खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल करने के लिए बोली लगाई। इस दौरान चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से जेरोम विनीत सी को खरीदने के लिए चेन्नई ब्लिट्ज, बेंगलुरु टॉरपीडोज और कोलकाता थंडर बोल्ट्स के बीच कड़ी टक्कर हुई। आखिर में चेन्नई ने 22.5 लाख रूपए की बोली लगाकर उन्हें अपने पाले में किया। विनीत इससे पहले



■ कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी नीलामी में दमदार प्रदर्शन किया

■ बेंगलुरु टॉरपीडोज ने जिश्नु पीवी को 14 लाख में खरीद लिया

कालीकट हीरोज का हिस्सा थे। चेन्नई ब्लिट्ज ने प्लैटिनम कैटेगरी से एम. अश्विन राज और समीर चौधरी (राइट टू मैच के तहत) को आठ लाख रूपये में खरीदा। मेजबान टीम कालीकट हीरोज ने स्थानीय खिलाड़ी शमीमुद्दीन को 22.5 लाख रूपये, अनुभवी सेटर मोहन उक्क्रापांडियन (राइट टू मैच) और संतोश एस को भी आठ-आठ लाख रूपये में टीम में शामिल किया। कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने भी नीलामी में दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने विनीत कुमार को 22.5 लाख रूपये में खरीदा और उनके साथ अमल के थॉमस को 6.5 लाख रूपये में, इसके अलावा गोल्ड कैटेगरी से जसजोध सिंह को 14.75 लाख रूपये में खरीदकर सबको चौंका दिया। दिल्ली तूफांस की टीम ने प्लैटिनम कैटेगरी से आयुष को नौ लाख रूपये, गोल्ड कैटेगरी में दिल्ली ने जॉर्ज एंटनी को पांच लाख और मन्नत चौधरी को 6.5 लाख रूपये में अपने साथ जोड़ा। बेंगलुरु टॉरपीडोज ने नीलामी में थोड़ी देरी से हिस्सा लिया लेकिन आते ही उन्होंने गोल्ड कैटेगरी से जिश्नु पीवी को 14 लाख रूपये में खरीद लिया। उनके बाद जोएल बेंजामिन जे को 6.5 लाख रूपये में, और इबिन जोस व रोहित कुमार को पांच-पांच लाख रूपये में टीम में शामिल किया गया। अहमदाबाद डिफेंडर्स ने शॉन टी जॉन को 11.5 लाख रूपये में राइट टू मैच के तहत टीम में बनाए रखा। उनके साथ अंगमुथु को 11 लाख रूपये और अखिन जी. एस. को 10.5 लाख में खरीदा। हैदराबाद ब्लैक हॉक्स ने प्लैटिनम कैटेगरी से शिखर सिंह को 16 लाख रूपये में खरीदा। इसके अलावा अमन कुमार को 11.5 लाख रूपये और दीपु वेणुगोपाल को 5.75 लाख रूपये में टीम में शामिल किया। मुंबई मीटियर्स ने प्लैटिनम कैटेगरी से कार्तिक ए और लाड ओम वसंत को आठ-आठ लाख रूपये में खरीदा। गोल्ड कैटेगरी में उन्होंने विपुल कुमार (राइट टू मैच) को 6.25 लाख रूपये और सोनू व निखिल को पांच-पांच लाख रूपये में अपने साथ जोड़ा। लीग में पहली बार भाग ले रही गोवा गार्डियंस ने प्लैटिनम कैटेगरी से प्रिंस और रमणाथन को आठ-आठ लाख रूपये में खरीदा।

## अमेरिका की कोको गॉफ बनीं महिला फ्रेंच ओपन चैम्पियन

**पेरिस,** 8 जून (एजेंसियां)। अमेरिका की कोको गॉफ ने पेरिस में तीन सेटों के रोमांचक फाइनल में विश्व की नंबर 1 आर्यना सबालेंका को हराकर अपना पहला फ्रेंच ओपन महिला एकल खिताब जीता। इक्कीस वर्षीय खिलाड़ी ने कोर्ट फिलिप-चैटियर पर दो घंटे 38 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 78 मिनट के नाटकीय पहले सेट को टाईब्रेक पर गंवाने के बाद पूरी ताकत से वापसी की और 6-7(5), 6-2, 6-4 से जीतकर पहला रोलां-गैरो खिताब अपने नाम किया। इससे पहले 2023 में वह अमेरिकन ओपन जीत चुकी हैं। पहले सेट में पिछड़ने के बावजूद कोको गॉफ ने दमदार वापसी करते हुए फ्रेंच ओपन ग्रैंड स्लैम का खिताब जीता। यह उनका पहला फ्रेंच ओपन खिताब है। यह दूसरा मौका है जब विश्व की दूसरी वरीयता प्राप्त कोको ने सबालेंका को ग्रैंड स्लैम के फाइनल में हराया है। साल 2023 यूएस ओपन फाइनल में भी कोको ने सबालेंका को हराया था इस जीत के साथ 21 वर्षीय कोको गॉफ ने रोलां गैरो में इगा स्वियातेक से 2022 के फाइनल में मिली हार की भरपाई भी कर ली। सबालेंका लगातार दूसरी बार ग्रैंड स्लैम फाइनल हारी हैं।



■ साल 2023 यूएस ओपन फाइनल में भी कोको ने सबालेंका को हराया था

# [अर्थ जगत]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 4.93 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.15 प्रतिशत |
| मारुति | 2.64 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 2.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.36 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| थ्री एम इंडिया | 1.01 प्रतिशत |
| भारत इलेक्ट्रिक | 0.76 प्रतिशत |
| एबॉट इंडिया | 0.63 प्रतिशत |
| एडब्लू एल एग्री | 0.49 प्रतिशत |
| अडानी टाटा गैस | 0.34 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 97,145 |
| बिटुर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,05,285 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5700-5900 |
| दाल चना | 6700-6800 |
| मसूर काली | 7500-7600 |
| उड़द दाल | 9200-9300 |
| मूंग दाल | 9500-9600 |
| अरहर दाल | 8600-8700 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

## विनिर्माण से लेकर रक्षा में आत्मनिर्भर बन रहा देश : पुरी

- 2014 के बाद भारत के डिफेंस सेक्टर का तेजी से हुआ आधुनिकीकरण
- 'अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय' के विजन के तहत चल रही जनकल्याणकारी योजनाएं

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश तेजी से मैन्युफैक्चरिंग से लेकर डिफेंस के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 के बाद भारत के डिफेंस सेक्टर का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है और डिफेंस निर्यात में तेजी आई है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि पीएम मोदी के द्वारा शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत सुधारों के कारण हुआ है। इनमें रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया, रक्षा उत्पादन एवं निर्यात प्रोत्साहन नीति और कुछ क्षेत्रों में 100 प्रतिशत एफडीआई जैसे बदलाव शामिल हैं, जिसने घरेलू कंपनियों को फलने-फूलने में मदद की है।

पुरी ने बताया कि मोदी सरकार के विजन में मैन्युफैक्चरिंग हमेशा केंद्र में रही है और देश में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत सरकार ने देशों में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए इंसेंटिव्स दे रही है।

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स असम में 27,000 करोड़ रुपए की लागत से सेमीकंडक्टर असेंबली और टेस्टिंग प्लांट बना रही है, जिसके 2025 के मध्य तक चालू होने और लगभग 27,000 नौकरियां सृजित होने की उम्मीद है।




वहीं, एचसीएल और फॉक्सकॉन के बीच ज्वाइंट वेंचर से 3,706 करोड़ रुपए की लागत से उत्तर प्रदेश के जेवर में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित की जा रही है, जो डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स पर केंद्रित होगी और इसका उत्पादन 2027 में शुरू होगा।

इसके अलावा केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अंत्योदय के माध्यम से सर्वोदय के विजन के तहत जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं, जिसकी मदद से 25 करोड़ लोगों को गरीबी से निकालने में सफलता मिली है।

पुरी ने आगे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के तहत करीब 11 करोड़ किसानों को 3.68 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा वितरित किए जा चुके हैं। वहीं, लखपति दीदी पहल ने एक करोड़ से अधिक ग्रामीण महिलाओं को एक लाख रुपए से अधिक की वार्षिक आय प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है।

वहीं, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) का विस्तार किया गया है, जिससे 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों को चाहे उनकी आय कुछ भी हो प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का नि:शुल्क हेल्थ कवरेज प्रदान किया जा सके। इससे लगभग 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

## अग्रणी तकनीक नीति निर्माण के लिए महत्वपूर्ण : अजय कुमार सूद

**नई दिल्ली।** भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार (पीएसए) प्रोफेसर अजय कुमार सूद के अनुसार, वैकल्पिक डेटा स्रोत और अग्रणी तकनीकें नीति निर्माण के लिए तेजी से महत्वपूर्ण बनती जा रही हैं। उन्होंने पारंपरिक और वैकल्पिक डेटा स्रोतों को मिलाने वाली सर्वोत्तम नीति की आवश्यकता पर जोर दिया। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा नीति आयोग और विश्व बैंक के सहयोग से आयोजित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में उन्होंने कहा कि ये उच्च आवृत्ति संकेतक अधिक गतिशील हैं और समय पर जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे नीतियों को अधिक कुशल और उत्तरदायी बनाया जा सकता है प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने कहा कि पारंपरिक डेटा स्रोत दर्शाते हैं कि हम कहां हैं, वैकल्पिक डेटा स्रोत संकेत देते हैं कि हम किस ओर आगे बढ़ रहे हैं। हालांकि, वैकल्पिक डेटा स्रोत बहुत सूक्ष्?म स्तर पर वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करते हैं लेकिन वे पारंपरिक डेटा स्रोतों की जगह नहीं ले सकते हैं।

## देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान दे रहीं महिलाएं : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में महिलाएं देश में प्रगति की प्रमुख चालक के रूप में उभरी हैं और नरेंद्र मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की हैं। वित्त मंत्री ने 'सशक्त नारी के 11 वर्ष' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत खोले गए 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जो जमीनी स्तर पर उनके सशक्तिकरण को दर्शाता है।

उन्होंने आगे कहा कि देश भर में मुद्रा लोन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं हैं। इन लोन ने लाखों महिलाओं को उद्यमी बनने और स्वतंत्र रूप से अपने सपनों को साकार करने में सक्षम बनाया है। वहीं, स्टार्ट-अप इंडिया उद्यमी योजना के तहत लाभ पाने वालों में से 74 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसके अलावा, गरीबों के लिए पीएमएवाई (ग्रामीण) योजना के तहत 73 प्रतिशत घरों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। वित्त मंत्री ने बताया कि उज्ज्वला योजना के तहत गरीब महिलाओं को 10 करोड़ एलपीजी



- देश भर में मुद्रा लोन लाभार्थियों में 68 प्रतिशत महिलाएं शामिल

कनेक्शन दिए गए हैं। ये उनके लिए एक बड़ा वरदान साबित हुए हैं, क्योंकि इससे उनका जीवन आसान हुआ है और स्वास्थ्य लाभ भी मिला है। साथ ही, उन्हें लकड़ी और अन्य ईंधन जैसे कि गोबर के हानिकारक धुएं से मुक्ति मिली है। जन धन योजना वित्तीय समावेशन में एक बड़ी सफलता रही है। इस योजना के तहत खोले गए खातों में मार्च 2015 में प्रति खाते औसत बैंक बैलेंस 1,065 रुपए था, जो अब बढ़कर 4,352 रुपए हो गया है। मौजूदा समय में करीब 80 प्रतिशत जन धन खाते सक्रिय हैं। ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 66.6 फीसदी जनधन खाते खोले गए हैं, जिनमें से 55.7 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं।

## सोना इस हफ्ते 1,700 रुपए से अधिक हुआ महंगा, चांदी 1.05 लाख रुपए के पार

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। सोने और चांदी दोनों की कीमत में इस हफ्ते बढ़त देखी गई है। सोने के दाम में 1,700 रुपए से अधिक का इजाफा हुआ। वहीं, चांदी का भाव 7,800 रुपए से अधिक बढ़ गया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत 97,145 रुपए है, जबकि एक हफ्ते पहले इसी दिन यह 95,355 रुपए थी, जो कि सोने की कीमत में 1,790 रुपए की बढ़त को दर्शाता है।

वहीं, समीक्षा अवधि में चांदी की कीमत 7,827 रुपए बढ़कर 1,05,285 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 97,458 रुपए



प्रति किलो थी। चांदी अपने ऑल-टाइम के स्तर के करीब बनी हुई है। हाल के दिनों में ऐसे कई वैश्विक घटनाक्रम हुए हैं, जिन्होंने सोने और चांदी की कीमतों को बढ़ाने में मदद की है। इसमें रुस और यूक्रेन के बीच बढ़ता तनाव, अमेरिकी राष्ट्रपति के द्वारा स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ लगाना और चीन द्वारा रेयर अर्थ मिनरल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना शामिल हैं।

## पीएनबी, बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक ने लोन के लिए ब्याज दरें घटाई

**मुंबई,** 8 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती करने के बाद पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक सहित कई प्रमुख बैंकों ने लोन के लिए अपनी ब्याज दरों में कटौती की है।

पंजाब नेशनल बैंक, केंद्रीय बैंक द्वारा की गई कटौती का लाभ अपने ग्राहकों को सबसे पहले देने वाले बैंकों में से एक था, जिसने अपनी रेपो-लिंक्ड लेंडिंग रेट को 8.85 प्रतिशत से घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दिया। हालांकि, बैंक ने अपनी बेस रेट और मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट (एमसीएलआर) को अपरिवर्तित रखा




- आरबीआई द्वारा रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती करने के बाद बैंकों ने लिया फैसला

है। बैंक ऑफ इंडिया ने अपनी रेपो-आधारित लेंडिंग रेट को 8.85 प्रतिशत से घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दिया।

यूको बैंक ने अलग रास्ता अपनाया और सभी लोन अवधियों के अपने एमसीएलआर में 10 आधार अंकों की कटौती की। 10 जून से प्रभावी होने वाले इन बदलावों से विभिन्न प्रकार के लोन जैसे होम और पर्सनल लोन थोड़े अधिक किफायती हो जाएंगे।

बैंक ने अपने ओवरनाइट एमसीएलआर को 8.25 प्रतिशत से घटाकर 8.15 प्रतिशत, एक महीने के एमसीएलआर को 8.45 प्रतिशत से घटाकर 8.35 प्रतिशत और तीन महीने के एमसीएलआर को 8.6 प्रतिशत से घटाकर 8.5 प्रतिशत कर दिया है।

यूको बैंक ने छह महीने और एक साल के एमसीएलआर को घटाकर क्रमश: 8.8 प्रतिशत और 9 प्रतिशत कर दिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा ने भी चुनिंदा लोन अवधियों के लिए अपनी रेपो-लिंक्ड उधार दरों में 50 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार गिरकर 691.5 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी गिरावट आने से 3 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.2 अरब डॉलर लुढ़ककर 691.5 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 3 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.95 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 584.2 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 72.3 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 84.3 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह एसडीआर 2 लाख डॉलर गिरकर 18.6 अरब डॉलर रह गया।

### लीलावती ट्रस्ट के आरोप निराधार : एचडीएफसी

**मुंबई।** एचडीएफसी बैंक ने लीलावती कीर्तिलाल मेहता मेडिकल ट्रस्ट (एलकेएमएम ट्रस्ट) के आरोपों का खंडन किया और इसे निराधार और दुर्भावनापूर्ण बताया। एलकेएमएम ट्रस्ट ने कथित वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर एचडीएफसी बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ शशिधर जगदीशन को निलंबित करने और उन पर मुकदमा चलाने की मांग की है। एचडीएफसी बैंक का कहना है कि उन्होंने इस मामले को लेकर कानूनी सलाह ले ली है और वह अपने एमडी और सीईओ की छवि की रक्षा करेंगे। एचडीएफसी बैंक ने अपने आधिकारिक बयान में कहा कि लीलावती ट्रस्ट, उसके ट्रस्टियों और अधिकारियों द्वारा बैंक के एमडी और सीईओ के खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार और दुर्भावनापूर्ण हैं। अपमानजनक और बेतुके आरोपों का मजबूती और स्पष्ट रूप से खंडन किया जाता है।

### सीसीपीए ने ई-कॉमर्स कंपनियों को स्व-ऑडिट करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने सभी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को तीन महीने के भीतर स्व-ऑडिट करने के लिए एक एडवाइजरी जारी की, ताकि भ्रामक और अनुचित व्यापार प्रथाओं का पता लगाया जा सके जो डार्क पैटर्न की प्रकृति के हैं। डार्क पैटर्न ऐसे डिज़ाइन तत्व हैं जिनका उपयोग वेबसाइटों और ऐप्स पर उपयोगकर्ताओं को गुमराह करने या अनपेक्षित विकल्प चुनने के लिए मजबूर करने के लिए किया जाता है। ये प्रथाएं उपभोक्ता के विश्वास को खत्म करती हैं और डिजिटल कॉमर्स की अखंडता के लिए एक गंभीर खतरा पैदा करती हैं। सीसीपीए ने कहा कि सभी ई- कॉमर्स प्लेटफॉर्म को सलाह दी गई है कि वे एडवाइजरी जारी होने के तीन महीने के भीतर डार्क पैटर्न की पहचान करने के लिए स्व-ऑडिट करें और यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं कि उनके प्लेटफॉर्म ऐसे डार्क पैटर्न से मुक्त हों।

## आरबीआई की कटौती का बाजार पर रहेगा असर

-साप्ताहिक समीक्षा-

**मुंबई,** 8 जून (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में अप्रत्याशित आधे प्रतिशत की कटौती से हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह एक प्रतिशत तक उछले घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह केंद्रीय बैंक के इस निर्णय के साथ ही मई के महंगाई आंकड़े का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 737.98 अंक अर्थात 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82188.99 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 252.35 अंक यानी 1.01 प्रतिशत उछलकर 25003.05 अंक पर बंद हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली का जोर रहा। इससे मिडकैप 960.16 अंक अर्थात 2.13 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 46096.51 अंक और स्मॉलकैप 1027.01 अंक यानी 1.96 प्रतिशत मजबूत रहकर 53440.26 अंक हो गया।

विश्लेषकों के अनुसार, सप्ताह की शुरुआत समेकन के साथ करने के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों ने टैरिफ युद्धों और बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच उल्लेखनीय मजबूती दिखाई। वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के मजबूत आंकड़े, रिकॉर्ड वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह और अनुकूल मानसून जैसे सकारात्मक मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतकों से प्रेरित होकर निवेशकों ने वित्तीय, रियल एस्टेट, खुदरा और एफएमसीजी जैसे



- सेंसेक्स 0.91 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 82188.99 अंक पर रहा
- निफ्टी 1.01 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 25003.05 अंक पर बंद

घरेलू रूप से उन्मुख और ब्याज-संवेदनशील क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया। इन क्षेत्रों में मजबूत संस्थागत प्रवाह के चलते तेजी देखी गई।

वहीं, सप्ताह के दौरान वैश्विक अनिश्चितता के चलते मुनाफावसूली भी देखने को मिली। इसके बावजूद, बेहतर आय परिणामों और आकर्षक मूल्यांकन के कारण मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने आम तौर पर लार्जकैप को पीछे छोड़ दिया। अमेरिकी नौकरियों के मजबूत आंकड़े और अमेरिका-चीन व्यापार तनावों में संभावित नरमी से बाजार में हल्का सकारात्मक रुख बनता दिखा।

मानक सूचकांकों में भी रिकवरी का प्रयास देखा गया, क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने कमजोर डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड के बीच मजबूत घरेलू आर्थिक संकेतों को देखते हुए शुद्ध खरीददार की भूमिका निभाई। इससे डिप पर खरीदारी की रणनीति को बढ़ावा मिला।

सप्ताह का अंत आरबीआई की नीतिगत घोषणाओं के रूप में एक सकारात्मक झटके के साथ हुआ। रिजर्व बैंक ने अपेक्षा से अधिक आक्रामक कदम उठाते हुए रेपो दर में 50 आधार अंक और नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 100 आधार अंक की कटौती की। साथ ही 'तटस्थ' मौद्रिक रुख बरकरार रखते हुए पर्याप्त तरलता समर्थन दिया, जिससे बाजारों में तेजी से उछाल आया और पिछले सप्ताह हुए नुकसान की भरपाई हो सकी। वहीं, अमेरिकी टैरिफ के जवाब में चीन के सात दुर्लभ धातुओं के निर्यात पर संभावित प्रतिबंध दीर्घकालिक जोखिम पैदा करते हैं और निवेशक अब अमेरिका में मुद्रास्फीति के आंकड़ों का इंतज़ार कर रहे हैं। इसके बीच, स्थानीय स्तर पर महंगाई को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास को बनाए रखने की दिशा में आरबीआई की आक्रामक दर कटौती, निवेशकों के विश्वास को मजबूती देने की दिशा में अहम भूमिका निभा सकती है। अगले सप्ताह मई का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने वाले, जिसका असर बाजार पर रहेगा। बीते सप्ताह बाजार में तीन दिन तेजी जबकि दो दिन गिरावट रही। देश में जीडीपी के आंकड़े मजबूत रहने के बावजूद अमेरिका-चीन व्यापार तनाव बढ़ने से विश्व बाजार में आई गिरावट।

## निफ्टी व बैंक निफ्टी के टेक्निकल चार्ट से मिल रहे तेजी के संकेत : रिपोर्ट

**मुंबई,** 8 जून (एजेंसियां)। भारतीय शेयर बाजार के मुख्य सूचकांक निफ्टी और बैंक निफ्टी इस हफ्ते सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए हैं और अपने अहम सपोर्ट स्तरों से ऊपर बने हुए हैं। रविवार को जारी हुई एक ब्रोकिंग रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

चॉइस ब्रोकिंग की लेटेस्ट साप्ताहिक रिपोर्ट में कहा गया कि आने वाले कारोबारी सत्रों के लिए आउटलुक साइडवे टू बुलिश बना हुआ है और एनालिस्ट्स ने कहा कि ऐसे समय पर गिरावट पर खरीदारी की रणनीति सही रहेगी।




2 से 6 जून तक के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन शानदार रहा है और लगातार दो हफ्तों की गिरावट के बाद बाजार तेजी के साथ बंद हुए। इस दौरान निफ्टी 252 अंक या 1.02 प्रतिशत बढ़कर 25,003.05 पर बंद हुआ। रिपोर्ट में बताया गया कि इंडेक्स 25,000 अंक से ऊपर बंद होने में सफल रहा, जो निकट भविष्य में बढ़ती हुई मजबूती और संभावित तेजी का संकेत देता है। चॉइस ब्रोकिंग के मुताबिक, निफ्टी 20 दिनों, 50 दिनों और 200 दिनों के मूविंग एवरेज के ऊपर बना हुआ है, जो दिखाता है कि बाजार में अपट्रेंड बना हुआ है। वहीं, रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स (आरएसआई) 60.94 पर है, जो तेजी की भावना को और अधिक समर्थन देती है। अगर निफ्टी 25,100 से ऊपर निकलता है तो नई खरीदारी शुरू हो सकती है और आने वाले हफ्तों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य इंडेक्स में 25,300, 25,500 और 25,700 के स्तर भी देखने को मिल सकते हैं। निफ्टी के लिए अहम सपोर्ट स्तर 25,000 और 24,800 है। निफ्टी बैंक के लिए भी यह हफ्ता काफी अच्छा रहा और इस दौरान मुख्य बैंकिंग इंडेक्स 1.49 प्रतिशत बढ़कर 56,578.40 पर बंद हुआ।

## खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, अधिकांश दालें सस्ती, चावल महंगा

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा जबकि आवक बढ़ने से दालें सस्ती वहीं चावल महंगा हो गया।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 71 रिंगिट चढ़कर 3909 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.01 सेंट फिसलकर 47.15 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 660 रुपए, मूंगफली तेल 330 रुपए और पाम ऑयल 367 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि सूरजमुखी तेल 733 रुपए, सोया रिफाइंड 733 रुपए और वनस्पति तेल 439 रुपए प्रति क्विंटल उतर गया।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17912 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14138 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 14286 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 15751 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।


**दाल-दलहन :** बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में अधिकांश दालों के भाव गिर गए। चना 300 रुपए, दाल चना 300 रुपए, मूंग दाल 400 रुपए और अरहल दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गई। वहीं, मसूर दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

## महाकुंभ ने भरा उत्तर प्रदेश सरकार का खजाना

**नई दिल्ली,** 8 जून (एजेंसियां)। प्रयागराज में 45 दिनों तक चला महाकुंभ सिर्फ एक विशाल धार्मिक आयोजन ही नहीं रहा, बल्कि भारत के सबसे ज्यादा आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश के लिए एक बड़ा आर्थिक इवेंट बन गया। लगभग 66 करोड़ श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाले इस मेले ने राज्य सरकार के लिए अच्छा-खासा राजस्व जुटाया, जिसमें टैक्स कलेक्शन और ईंधन बिक्री में तेजी ने बड़ी भूमिका निभाई।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, महाकुंभ ने राज्य के खजाने में लगभग 500 करोड़ रुपए अतिरिक्त गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स और वैल्यू एडेड टैक्स के रूप में जोड़े। टैक्स विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि महाकुंभ ने राज्य के खजाने में करीब 500 करोड़ रुपए जीएसटी/वीएटी के रूप में जोड़े, जो इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के विशाल पैमाने को साफ दिखाता है।

2025 के जनवरी और फरवरी में हुए इस आयोजन से जुड़े सेक्टरों से कुल 239.47 करोड़ रुपए का टैक्स कलेक्शन हुआ।




प्रयागराज ने इसमें सबसे ज्यादा योगदान दिया, जिसमें 146.4 करोड़ रुपए की कमाई हुई। वहीं, वाराणसी, अयोध्या और नोएडा जैसे अन्य धार्मिक केंद्रों में भी टैक्स कलेक्शन बढ़ा। सेक्टर के लिहाज से, भारतीय रेलवे ने सबसे ज्यादा 124.6 करोड़ रुपए का टैक्स योगदान दिया। टेंट हाउस और विज्ञापन ने मिलकर 9.38 करोड़ रुपए जोड़े, जबकि होटल उद्योग ने 7.12 करोड़ रुपए का योगदान दिया। राज्य में हवाई यात्रा बढ़ने से 68.37 करोड़ रुपए का टैक्स मिला।

प्रयागराज में ही टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स के जरिए 2.15 करोड़ रुपए जमा हुए, जबकि 9.3 करोड़ रुपए की राशि अभी क्लीयरेंस के

- वाराणसी, अयोध्या व नोएडा के धार्मिक केंद्रों में भी टैक्स कलेक्शन बढ़ा

लिए बाकी है। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट और नगर निगम जैसे स्थानीय निकायों ने भी राजस्व बढ़ाने में भूमिका निभाई।

आर्थिक प्रभाव सिर्फ प्रयागराज तक सीमित नहीं रहा। नोएडा ने होटल और ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स से 12 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया। वाराणसी ने 8.42 करोड़ रुपए और अयोध्या ने 2.28 करोड़ रुपए जोड़े। डिजिटल ट्रैवल बुकिंग और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में बढ़ोतरी ने धार्मिक पर्यटन की राज्य की अर्थव्यवस्था में बढ़ती भूमिका को उजागर किया।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के जनवरी और फरवरी 2025 के आंकड़ों से पता चलता है कि ईंधन की खपत में खासी बढ़ोतरी हुई। प्रयागराज में फरवरी में पेट्रोल की बिक्री में 81.95 प्रतिशत की उछाल आई।

# पारिवारिक विवाद में हैवान बना पति तवे से पीट-पीटकर की पत्नी की हत्या





## आरोपी पति गिरफ्तार

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। मामूली विवाद पर पत्नी की लोहे के तवा से प्राणघातक चोट पहुंचाकर हत्या कर देने के आरोपी पति को सकरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है ।

जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी सकरी निरीक्षक प्रदीप आर्य को सूचना मिली कि ग्राम आवास पारा बहतराई में गौरी शंकर साहू के द्वारा अपनी पत्नी को लोहे की तवा से सर में मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाया है सूचना पर थाना प्रभारी सकरी द्वारा घटना की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर बिलासपुर राजेंद्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन निमितेश सिंह परिहार को अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त कर सूचना तस्दीक हेतु घटना स्थल आवास पर ग्राम बहतराई गया मौके पर सूचक सुरेश कुमार साहू पिता स्वर्गीय गोवर्धन



साहू 38 वर्ष निवासी केकडार थाना सकरी (मृतिका के मामा) के द्वारा सूचना दर्ज कराया कि उसकी भांजी मृतिका रत्ना साहू की शादी वर्ष 2021 में आरोपी गौरी शंकर साहू के साथ हुई थी शादी के बाद से ही गौरीशंकर साहू के द्वारा पारिवारिक विवाद के कारण मृतिका रत्ना साहू को छोटी-छोटी बात पर लड़ाई झगड़ा करता था ।

आज सुबह 8.30 बजे आरोपी गौरी शंकर साहू के द्वारा अपनी पत्नी रत्ना साहू को लोहे के तवा से सिर एवं चेहरे मे वार कर गंभीर चोट पंहुचा कर हत्या कर दिया है प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया विवेचना के दौरान निरीक्षक प्रदीप आर्य के द्वारा तत्काल दल बल के साथ घटना स्थल पहुंच कर मामले की विवेचना करते हुए प्रकरण के आरोपी से पूछताछ कर आरोपी के पेश करने पर घटना के समय पहने हुए कपडे एवं घटना मे प्रयुक्त लोहे का तवा जप्त कर आरोपी गौरी शंकर साहू पिता विष्णू साहू उम्र 32 वर्ष निवासी आवास पारा बहतराई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है द्य

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सकरी प्रदीप आर्य, उप निरीक्षक हेमंत आदित्य, सहायक उप निरी सुरेंद्र तिवारी, प्रधान आरक्षक बलराज सिंह, चोला राम पटेल, आरक्षक राम चंद्र कश्यप, रुपेश कौशिक, कीर्तन पोर्ते सज्जू अली, सुनील सिंह की महत्त्व पूर्ण भूमिका रही।

# 20 वर्ष से अधिक अनुभव के बाद भी प्रशिक्षित शिक्षक न मानने के खिलाफ याचिका

## हाई कोर्ट ने शिक्षा सचिव को 60 दिनों में निर्णय करने का निर्देश दिया

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। 20 साल से अधिक अनुभव वाले याचिकाकर्ता को प्रशिक्षित शिक्षक न मानने के कारण बरती ज रहि निष्क्रियता के खिलाफ दायर याचिक पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सचिव शिक्षा व निदेशक, लोक शिक्षण निदेशालय को यह निर्देश दिया कि वह इस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर उचित निर्णय लेने क निर्देश दिया है।



केशव प्रसाद पटेल पुत्र भास्कर प्रसाद पटेल,(उम्र57) शासकीय हाई स्कूल भालूमार, ब्लॉक घरघोड़ा, जिला रायगढ़ में व्याख्याता पदस्थ हैं। इनके अधिवक्ता सिध्दार्थ पाण्डेय के अनुसार, याचिकाकर्ता राज्य सरकार के 22.नवंबर .1979 के परिपत्र से लाभ लेने का प्रयास कर रहे है, जिसमें विशेष रूप से किसी शिक्षक को प्रशिक्षित शिक्षक घोषित करने के लिए प्रशिक्षण प्रक्रिया से गुजरने की आवश्यकता को समाप्त करने की बात कही गई है, बशर्ते कि शिक्षक ने 20 वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो या 50 वर्ष की आयु पार कर ली हो। इस मामले में याचिकाकर्ता की आयु 50 वर्ष हो चुकी है तथा याचिकाकर्ता ने 20 वर्ष से अधिक की सेवा भी पूरी कर ली है । इस प्रकार याचिकाकर्ता के अनुसार राज्य सरकार के परिपत्र के मद्देनजर याचिकाकर्ता प्रशिक्षित शिक्षक घोषित होने का हकदार हो गया है। यचिकाकर्ता ने पहले ही विभाग के उच्च अधिकारियों के समक्ष अपना पक्ष रख दिया है और उन्हें सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ उच्च अधिकारियों के समक्ष अपन पक्ष रखने के लिए कहा जा सकता है, जिस पर संबंधित अधिकारी विनियमों और परिपत्रों के अनुसार विचार कर सकते हैं और यदि याचिकाकर्ता लाभ के लिए हकदार पाया जाता है, तो उसे जल्द से रहत दी जाना चाहिए* कोर्ट को यह भी बताया गय कि, कहा कि वर्तमान रिट याचिका में शामिल मुद्दे के संबंध में समन्वय पीठ द्वारा दिनांक 28.06.2021 को डब्ल्यूपीएस संख्या 2169/2021 में एक समान आदेश पारित किया गया है।

सुनवाइ के बाद जस्टिस अरविन्द कुमार वर्मा ने सचिव, शिक्षा व निदेशक, लोक शिक्षण निदेशालय को यह निर्देश दिया कि वह इस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों की अवधि के भीतर उचित निर्णय लें कि क्या याचिकाकर्ता प्रशिक्षित शिक्षक घोषित किए जाने के लिए छूट का हकदार होगा या नहीं इसके साथ ही यचिका निराकृत कर दी गई।

# फिर से रेलवे की खिलाड़ी पूजा ने जीता 2 स्वर्ण पदक

## एक पखवाड़े के अंदर पूजा ने हासिल किया तीन रंगों के चार अंतराष्ट्रीय मेडल

**बिलासपुर,** 8 जून (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की उत्कृष्ट एथलीट एवं बिलासपुर रेल मंडल में टिकट कलेक्टर सह वाणिज्य लिपिक के पद पर कार्यरत महिला खिलाड़ी पूजा ने एक बार फिर भारतीय रेलवे एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ देश का नाम रोशन करते हुए ताइवान ओपन एथलेटिक्स मीट 2025 में महिलाओं की 1500 मीटर एवं 800 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन कर 2 स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।




यह केवल एक स्वर्णिम जीत नहीं, बल्कि पूजा की लगातार चौथी अंतरराष्ट्रीय पदक विजय है। पिछले एक सप्ताह के आसपास में पूजा ने चार अंतरराष्ट्रीय पदक जीतकर भारतीय खेलजगत में इतिहास रच दिया है।

तरुण प्रकाश, महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पूजा को बधाई देते हुए इसे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए अत्यंत गर्व का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि रेलवे हमेशा खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के खेल विभाग में कार्यरत एथलेटिक्स कोच श्रीकांत पाढ़ी ने भी पूजा की सफलता को उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और समर्पण का परिणाम बताया।

पूजा की यह गोल्डन हैट्रिक न केवल भारतीय रेलवे के लिए बल्कि समूचे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, खेल संघ के पदाधिकारियों एवं सहकर्मी/खिलाड़ियों सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवार उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

2 स्वर्ण पदक-ताइवान ओपन एथलेटिक्स मीट (1500 मीटर एवं 800 मीटर)
रजत पदक-एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (1500 मीटर)
कांस्य पदक-एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 (800 मीटर)

# स्कूल शिक्षा को बेहतर बनाने और शिक्षा व्यवस्था में कसावट के लिए प्राचार्य पदोन्नति अतिआवश्यक

**बिलासपुर,** 8 जून (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ राज्य सर्वशासकीय सेवक अधिकारी- कर्मचारी पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा सहयोगी संगठन छत्तीसगढ़ प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ ने प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में कार्यरत हज़ारों नियमित व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों की प्राचार्य पदोन्नति की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने में कारगर पहल की हैं। गौरतलब हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा तथा छत्तीसगढ़ प्रगतिशील एवं नवाचारी शिक्षक महासंघ के द्वारा प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग में विगत 12 वर्षों से लंबित प्राचार्य पदोन्नति के लिए सभी स्तरों पर अनवरत रूप से कार्य किया जा रहा हैं।

इस कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल द्वारा 4 एवं 5 जून को सचिव स्कूल शिक्षा विभाग,संचालक लोक शिक्षण संचालनालय,अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, विभागीय उच्च अधिकारियों से मुलाक़ात करके ज्ञापन सौंप कर प्राचार्य पदोन्नति के मार्ग में बाधित सभी क़ानूनी मामलों का उचित समाधान किए जाने के लिए त्वरित पहल करने, उच्च न्यायालय के द्वारा प्राचार्य पदोन्नति के लंबित सभी मामलों में फैसला आने के बाद त्वरित रूप से



कार्यवाही कर प्रदेश में प्राचार्य के रिक्त सभी पदों पर जून माह में ही काउंसलिंग पूर्ण कर पदस्थापना आदेश जारी करने की मांग की गई हैं। प्राचार्य पदोन्नति को लेकर चर्चा के दौरान प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग,संचालक लोक शिक्षण संचालनालाय छत्तीसगढ़,अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा उच्च अधिकारियों को विभाग में 35/40 वर्षों की सेवा करने के बाद भी बिना प्राचार्य पदोन्नति पाएं प्रत्येक माह 150/200 की संख्या में रिटायर्ड हो रहें वरिष्ठ नियमित व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों की पीड़ा से अवगत कराया गया। उनसे मांग की गई हैं कि, प्राचार्य पदोन्नति के सभी क़ानूनी मामलों का उचित समाधान करने त्वरित पहल किया जाएं तथा प्राचार्य पदोन्नति के सभी मामलों का क़ानूनी समाधान किया जाकर जून महीने में ही प्राचार्य पदोन्नति की नियमानुसार काउंसिलिंग पूर्ण करके प्राचार्य के रिक्त समस्त पदों पर पदस्थापना किया जावें। ताकि प्राचार्य विहीन विद्यालयों में पदोन्नति के बाद पूर्णकालिक प्राचार्य के पदस्थ होने से प्रदेश में शिक्षा का स्तर और ऊँचा हो सकेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए तथा विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था में कसावट लाने के लिए प्राचार्य पदोन्नति अतिआवश्यक हैं।

प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने सचिव स्कूल शिक्षा विभाग,संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़, अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग,विभागीय उच्च अधिकारियों से हुई सार्थक चर्चा से उम्मीद जताई हैं कि प्राचार्य पदोन्नति के मामलों में माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ के फ़ैसले के बाद शासन द्वारा प्रदेश में पिछले 12 वर्षों से बाधित रही प्राचार्य पदोन्नति का मार्ग शीघ्र ही प्रशस्त किया जावेगा। छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह के साथ संतोष टंडन कोरबा जिला, रूपचंद जांगड़े जी.पी.एम.जिला, संतोष कुमार महादेवा जी.पी.एम. जिला, श्रीमती जया ईशाक जगदलपुर बस्तर जिला उपस्थित थी। गौरतलब हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के द्वारा प्राचार्य पदोन्नति से सम्बंधित विभिन्न कानूनी पहलुओं को लेकर विद्वान अधिवक्ताओं /विधिक सलाहकारों के मार्गदर्शन में विधि के अनुरूप सतत रूप से कार्य किया जा रहा हैं। प्रदेश संयोजक सतीश प्रकाश सिंह ने न्याय की उम्मीद जताते हुए बताया कि प्राचार्य पदोन्नति के मामलों में माननीय हाई कोर्ट छत्तीसगढ़ के बहुप्रतिक्षित फ़ैसले के बाद प्रदेश में शीघ्र ही प्राचार्य पदोन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। कल 9 जून को हाई कोर्ट में प्राचार्य पदोन्नति के मामले में महत्वपूर्ण फैसला आना हैं। हाई कोर्ट द्वारा दिए जाने वाले महत्वपूर्ण फ़ैसले से प्राचार्य पदोन्नति की दिशा तय होगी। इसी तारतम्य में प्राचार्य पदोन्नति के लिए प्रदेश में सतत संघर्षरत छत्तीसगढ़ राज्य प्राचार्य पदोन्नति संघर्ष मोर्चा के सदस्यों की एक आवश्यक बैठक कल को समय - प्रात: 9 बजे,- इंडियन कॉफी हाउस, उच्च न्यायालय परिसर, में आयोजित की गई हैं।

# पुलिस लाइन में स्वास्थ्य सुरक्षा और मानव सेवा हुआ का अद्भुत संगम

## चेतना अभियान के अंतर्गत पुलिस परिवार के लिए आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर में 400 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों व पुलिस परिवार स्वास्थ्य शिविर का लिया लाभ

## वंदे मातरम् मित्र मंडल के 200 सप्ताह पूर्ण होने पर पुलिस विभाग के लिए किया गया विशेष आयोजन





**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। पुलिस लाइन में आज 'चेतना' अभियान के अंतर्गत पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों के लिए एक भव्य नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन वंदे मातरम् मित्र मंडल छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा अपनी सेवा यात्रा के 200 सप्ताह पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया गया। इस शिविर में अपोलो हॉस्पिटल्स ने विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम के साथ सक्रिय सहयोग दिया, जबकि आंखों की जांच की सुविधा टाइटन आई प्लस द्वारा प्रदान की गई।

स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में आई जी डॉ. संजीव शुक्ला उपस्थित रहे। डॉ ए डी एन बाजपेयी कुलपति अटल बिहारी बाजपेयी विश्व विद्यालय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रेम शंकर सिदार , समाजसेवी एवं स्वयं सेवक (मध्य क्षेत्र) ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने की। इनके साथ ही अपोलो हॉस्पिटल्स के यूनिट हेड श्रीमान अर्नव एस. राह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

शिविर में बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। हृदय, त्वचा, उदर, स्त्रीरोग, हड्डी, फिजियोथैरेपी, आहार एवं सामान्य रोगों से संबंधित जांचें की गईं।

उपस्थित विशेषज्ञ चिकित्सकों में शामिल रहे —डॉ. एम.पी.सामल (हृदय रोग), डॉ. रश्मि शर्मा (स्त्रीरोग), डॉ. आशीष जायसवाल एवं डॉ. संकेत ठाकरे (स्पाइन और ऑर्थो), डॉ. आकाश गर्ग (उदर रोग), डॉ. भव्या स्वर्णकार (त्वचा रोग), डॉ. मंदार गोकाते (जनरल फिजिशियन), डॉ. विक्रम साहू (फिजियोथैरेपिस्ट विभागाध्यक्ष) और मुख्य डाइटीशियन वी. चम्पा मजूमदार।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में, पुलिस लाइन स्थित चेतना हॉल में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिसमें र. निरी. भूपेंद्र कुमार गुप्ता र. के. चेतना अभियान के विभिन्न कार्यक्रमो मे उत्कृष्ट योगदान एवं कार्य, निरी. गोपाल सतपथी थाना सीपत थाने की शिकायतो एवं अपराध का बेहतर निराकरण, निरी दामोदर मिश्रा थाना/ कार्यालय शिकायत शाखा प्राप्त शिकायतो का त्वरित निराकरण, उनि विष्णु यादव थाना/कार्यालय सिविल लाइन एन डी पी एस के प्रकरणों के निराकरण मे उत्कृष्ट कार्य, उनि अमृत लाल साहू, थाना/कार्यालय सिविल लाइन, वर्ष 2024 के लंबित एन डी पी एस एक्ट के अभियुक्त के विरुद्ध चलानी कार्यवाही कर सफ़ेमा से आरोपी की संपत्ति की खोज करना, सउनि भुनेश राम साहू, थाना/कार्यालय तखतपुर अपहृत बालिकाओं के बरामदगी की गिरफ्तारी पुराने प्रकरणो का निरकरण, प्र. आर. सत्यप्रकाश यादव थाना/कार्यालय रतनपुर, थाना रतनपुर के चोरी के 6 प्रकरणो के माल मशरूका की जप्ती तथा आरोपी की गिरसारी, म. आर. 275 रीना प्रधान थाना/कार्यालय तोरवा महिला एवं बाल अपराध सम्बन्धी प्रकरणो के निराकरण हेतु प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत सभी उपस्थितजनों के लिए सामूहिक दोपहर भोज की व्यवस्था की गई।

इस सफल आयोजन के लिए वंदे मातरम् मित्र मंडल बिलासपुर, अपोलो हॉस्पिटल्स, टाइटन आई प्लस तथा जिला पुलिस बल की पूरी टीम की सराहना की गई। वंदे मातरम संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र जैन एवं प्रदेश महामंत्री जय सिंह चंदेल ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों और सहभागी नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन न केवल पुलिस परिवारों के स्वास्थ्य की चिंता का प्रमाण बना, बल्कि समाज और पुलिस के बीच सौहार्द्रपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ करने वाला एक प्रेरणादायक प्रयास भी सिद्ध हुआ।



## राष्ट्र सृजन अभियान में वैश्य व बैस पदाधिकारी नियुक्त

**बिलासपुर**, 8 जून (देशबन्धु)। राष्ट्र सृजन अभियान द्वारा बिलासपुर जिले के लिए दो पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई इसमें अध्यक्ष युवा मोर्चा जिला बिलासपुर उत्सव वैश्य एवं संगठन सचिव विकास सिंह बैस नियुक्त किये गये हैं। उक्त आशय की जानकारी देते राष्टीय अध्यक्ष राष्ट्र सृजन अभियान डॉ.प्रद्युम्न कुमार सिन्हा ने बताया कि इस अभियान की स्थापना महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाबू रामविलास सिंह ने की थी ।डॉ.सिन्हा ने आशा व्यक्त की है कि नव नियुक्त पदाधिकारी द्वय अभियान के विस्तार में और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचने में महती भूमिका निभाएंगे।

**NECC**

| 09.06.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 545 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 6.50 | 100 | 190 |
| डिलीवरी | 560 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771